आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 244, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान 14

स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी 13










# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप, हजारों फ्लाइट रद

## क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से उपजी समस्या, बैंक-अस्पताल व कॉर्पोरेट सेक्टर भी प्रभावित, लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दी


लंदन/वाशिंगटन/नई दिल्ली

एंटीवायरस से जुड़ी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप पड़ गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में हजारों उड़ानें रद करनी पड़ीं, बैंकों, अस्पतालों और मीडिया संस्थानों में सेवाएं प्रभावित हुईं और काफी संख्या में व्यवसायों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित मुद्दों से जूझना पड़ा।

भारत, हांगकांग, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका सहित कई देशों में इस गड़बड़ी ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन को पंगु बना दिया। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है। विमानन विश्लेषण कंपनी सिरियम ने कहा कि दुनिया भर में निर्धारित लगभग 1,10,000 वाणिज्यिक उड़ानों में से 1390 को रद कर दिया गया है। दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडो उपयोगकर्ताओं को लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दे रही थी। इसके कारण उनके सिस्टम पुनः आरंभ हो रहे थे या स्वचालित रूप से बंद हो रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मूल कारण को ठीक कर दिया गया है, हालांकि, कुछ माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं पर अभी भी समस्या है।



नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ठप होने के कारण परेशान रहे यात्री। ● एजेंसी




### व्यवधान की पहचान कर ली गई : सीईओ

क्राउडस्ट्राइक के सीईओ जॉर्ज कर्ट्ज ने कहा कि आईटी व्यवधान पैदा करने वाले दोष की पहचान कर ली गई है और उसे ठीक कर दिया गया है। यह न तो कोई सुरक्षा से संबंधित घटना है और न ही साइबर हमला। क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो विंडोज होस्ट के लिए एक एकल सामग्री अपडेट में पाई गई खराबी से प्रभावित हैं।

### इंडिगो आउटेज प्रभाव को कम करने में जुटा

**चेन्नई।** भारत की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो उड़ान संचालन पर एमएस सॉफ्टवेयर आउटेज के प्रभाव को कम करने की दिशा में काम कर रही है और हवाई अड्डों पर इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता तथा तत्परता के साथ हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही एवं चार मेट्रो हवाई अड्डे में वॉर रूम सक्रिय कर दिया है।

### 10 बैंक, एनबीएफसी पर पड़ा मामूली असर : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण देश के 10 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कामकाज में मामूली व्यवधान पैदा हुआ, जिसे या तो हल कर लिया गया या समाधान किया जा रहा है। अधिकांश बैंकों के महत्वपूर्ण सिस्टम क्लाउड में नहीं हैं इसके अलावा कुछ चुनिंदा बैंक ही क्राउडस्ट्राइक साधन का उपयोग कर रहे हैं।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर दो घंटे तक फंसे रहे कृषि मंत्री

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया। वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस दौरान दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही।

## रजिस्ट्रेशन में वाहन स्वामी अपडेट करा सकेंगे मोबाइल नंबर

**लखनऊ।** वाहन स्वामियों की वाहन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, अगर किसी का मोबाइल नंबर वाहन रजिस्ट्रेशन में अपडेट नहीं है या गलत अंकित है तो वह विभाग की वेवसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर सही करा सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को अपर परिवहन आयुक्त (आईटी-प्रवर्तन) एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा कर चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई से वाहन स्वामी खुद को अपडेट रख सकते हैं।

## स्वामी व संघमित्रा को माना फरार

लखनऊ, विधि संवाददाता

कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या व उनकी पुत्री पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को स्थानीय अदालत ने फरार माना है। कोर्ट ने दोनों को 27 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है।

यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने पारित किया है। इसके पूर्व कोर्ट दोनों के खिलाफ अप्रैल 2024 में ही गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर चुकी है। वहीं उक्त मुकदमे के खिलाफ स्वामी प्रसाद और संघमित्रा हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में भी याचिका दाखिल कर चुकी हैं, हालांकि हाईकोर्ट ने भी उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था।



● संघमित्रा द्वारा कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने का मामला

## असम 2041 तक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है और 2041 तक वे बहुसंख्यक हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांख्यिकीय नमूने के अनुसार असम में मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत है। 2011 में असम में 1.4 करोड़ मुसलमान थे। हर 10 साल में असम में मुस्लिम आबादी 11 लाख बढ़ जाती है। हिंदू समुदाय की आबादी हर 10 साल में लगभग 16 प्रतिशत बढ़ रही है।



● मुख्यमंत्री हिमंत का दावा- राज्य में तेजी से बढ़ रही आबादी

## ट्रेनी आईएएस के खिलाफ प्राथमिकी

नई दिल्ली (एजेंसी)

यूपीएससी ने महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उनका चयन रद करने तथा भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

यूपीएससी ने शुक्रवार को बताया कि जांच में पाया गया है कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को बढ़ाया है। इसके लिए उसने अपना नाम, पिता- माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपना ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर, फर्जी पहचान बनाकर परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया।

### खेडकर की मां से संबद्ध इंजीनियरिंग कंपनी सील

**पुणे।** पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निकाय के अधिकारियों ने बताया कि पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर पुणे पुलिस की हिरासत में हैं। पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम ने संपत्ति का बकाया नहीं चुकाने पर तलावडे क्षेत्र में स्थित बंद पड़ी कंपनी थर्मोवेरिटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को सील कर दिया है।







**आज का मौसम**

| 32.0° | 28.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.27 | सूर्यास्त 07.06 |

## एक नजर

### गर्रा में पानी ज्यादा छोड़ने की अफवाह गलत

**शाहजहांपुर।** अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड सुनील भास्कर ने बताया कि संज्ञान में आया है कि जनपद में यह अफवाह फैलाई जा रही है कि गर्रा नदी में ऊपर से बहुत अधिक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे दोबारा बाढ़ आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अफवाह है। इसमें कोई सच्चाई नहीं है और वर्तमान में गर्रा नदी में बाढ़ आने की कोई संभावना नहीं है।

### 22 को होगा समाधान दिवस

**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार जुलाई के तृतीय शनिवार 20 जुलाई को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस इस बार 22 जुलाई सोमवार को किया जाएगा। 20 जुलाई को बृहद पौधारोपण अभियान होगा। इससे संपूर्ण समाधान दिवस आगे बढ़ाना पड़ा।

# स्कूल से गायब मिले 31 हेड मास्टर, शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक

## निरीक्षण के दौरान बंद मिले कई स्कूल, बीएसए व डायट प्राचार्य के नेतृत्व में पुवायां ब्लॉक में चला अभियान

- पुवायां के परिषदीय स्कूलों के निरीक्षण में लगाए गए जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी
- बीएसए ने अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन व शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों का मानदेय रोका
- बीएसए ने सिंधौली के स्कूलों में शिक्षा और एमडीएम की गुणवत्ता चेक की

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कंपोजिट विद्यालय उल्लिया सिंधौली में निरीक्षण करतीं बीएसए दिव्या गुप्ता।


प्राथमिक इंग्लिशमीडियम स्कूल मूढ़ा हारिस में बच्चों से सवाब पूछते डायट प्राचार्य।

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों के शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। इसके पीछे की हकीकत शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान एक बार फिर सामने आ गई। बीएसए ने परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति जानने के लिए ब्लॉकवार निरीक्षण अभियान चलाने का निर्णय लिया। अभियान के पहले दिन शुक्रवार को पुवायां क्षेत्र के करीब 150 स्कूलों का सामूहिक निरीक्षण किया गया।

इनमें 107 स्कूलों की निरीक्षण आख्या बीएसए को मिल गई है। निरीक्षण के लिए बीएसए दिव्या गुप्ता और डायट प्राचार्य व डीआईओएस हरिवंश कुमार के नेतृत्व में जनपद के सभी ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों व सहायकों को लगाया गया। टीमें सुबह सात बजे के आसपास अपने निर्धारित क्षेत्रों में निकलीं। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालय बंद मिले। तमाम स्कूलों में प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक, शिक्षामित्र और अनुदेशक अनुपस्थित मिले। बीएसए ने बताया कि सभी की निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद बंद मिले स्कूलों के शिक्षकों समेत दूसरे स्कूलों के अनुपस्थित प्रधान अध्यापकों, इंचार्ज प्रधानाध्यापकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कहीं चूल्हे पर एमडीएम बनता मिला तो कहीं पानी की टंकियों से टोंटियां गायब थी। कई स्कूलों के शिक्षक जल जीवन मिशन का प्रशिक्षण लेने गए थे।

निरीक्षण के दौरान डीआईओएस और बीएसए ने एमडीएम की गुणवत्ता के साथ यूनीफार्म और शिक्षा की गुणवत्ता भी चेक की। बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य बच्चों का पठन-पाठन दुरुस्त करना है। शिक्षक अगर समय से स्कूल जाएंगे, तो बच्चे भी समय पर पहुंचेंगे और उनका स्कूलों में ठहराव होगा। दोनों अधिकारियों ने स्कूलों में बच्चों से किताबें भी पढ़वाकर देखीं और गिनती-पहाड़े सुने। इस दौरान उन्हें शैक्षिक गुणवत्ता में कमी पाई गई। बीएसए ने बताया कि निरीक्षण में जो प्रधानाध्यापक, इंजार्च, शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक अनुपस्थित मिले हैं, उनका 19 जुलाई का वेतन मानदेय रोक दिया गया है।

### इन स्कूलों में अनुपस्थित मिले शिक्षामित्र, शिक्षक व अनुदेशक

जिन स्कूलों के निरीक्षण की रिपोर्ट बीएसए कार्यालय में उपलब्ध करा दी गई, उसमें बड़ी संख्या में शिक्षामित्र, शिक्षक और अनुदेशक अनुपस्थित बताए गए हैं। शेष रिपोर्ट आने पर यह संख्या बढ़ भी सकती है। फिलहाल प्राथमिक स्कूल बसखेड़ा बुजुर्ग 8.48 बजे बंद मिला। विद्यालय में शिक्षामित्र अनूप कुमार त्रिवेदी अनुपस्थित थे और स्कूल में एक भी बच्चा नहीं था। पीएस ककरौआ सिंधौली में शिक्षामित्र शिरिल रानी गैरहाजिर थीं। पीएस महमंदपुर सैजनिया में एमडीएम चूल्हे पर बनता मिला। इंचार्ज प्रेमलता, शिक्षामित्र नीलम राठौर, गुरप्रीत कौर अनुपस्थित थीं। यूपीएस महमंद सैजनिया में इंचार्ज हेड मास्टर अरविंद सिंह, शिक्षक देवेंद्र सिंह अनुपस्थित थे। पीएस औरंगाबाद में इंचार्ज अब्दुल गफ्फार अनुपस्थित मिले। यूपीएस औरंगाबाद में प्रवीण कांत यशोदास अनुपस्थित मिले। कंपोजिट विद्यालय अगौना शिक्षामित्र कुलदीप कौर और अनुदेशक सुषमा देवी अनुपस्थित मिलीं। कंपोजिट दिउरिया गोटैया में शिक्षामित्र जय कुमार मिश्र अनुपस्थित मिले। पीएस कटैया खुर्द सिंधौली में शिक्षामित्र ऊषा देवी स्कूल में आकर जा चुकी थीं। पीएस खंडेपुर में शिक्षामित्र हामिद रजा खां अनुपस्थित थे, पीएस बेलाछेदा में शिक्षामित्र सत्यपाल, पीएस फरेंदा बड़ा में शिक्षामित्र आराधना दवी, पीएस डूडबा में शिक्षामित्र रंजना देवी, पीएस दलीपपुर में शिक्षामित्र ममता मिश्रा, अनुपम मिश्रा अनुपस्थित मिलीं।

### सामूहिक निरीक्षण में ये स्कूल मिले बंद

निरीक्षण में प्राथमिक स्कूल डूंडा 8.30 बजे बंद मिला। यहां अनुराग दीक्षित इंचार्ज प्रधान अध्यापक और स्नेहलता, रंजना देवी और सुनील कुमार शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। प्राथमिक स्कूल गौटिया इकघरा पहले एक टीम को 8.20 पर बंद मिला। बाद में 8.55 पर दूसरी टीम को भी बंद मिला। यहां प्रधान अध्यापक के रूप में शाहजहां और शिक्षामित्र अनुराधा शुक्ला कार्यरत हैं। इसी तरह कंपोजिट विद्यालय इमलिया 8.50 बजे बंद मिला। प्राथमिक विद्यालय गदाई सांडा, प्राथमिक स्कूल लखराऊ सिंधौली भी बंद पाया गया। लखराऊ स्कूल में सरन सिंह चौहान प्रधान अध्यापक हैं।

## राजस्व निरीक्षक संघ ने दी हड़ताल पर जाने की चेतावनी

**तिलहर, अमृत विचार :** राजस्व निरीक्षक से की गई मारपीट के मामले में तीन दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं होने से आक्रोशित उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

राजस्व निरीक्षक संघ के जिला मंत्री उमेश प्रताप सिंह ने एसडीएम को दिए गए पत्र में बताया कि 16 जुलाई को जब राजस्व निरीक्षक आदर्श श्रीवास्तव राजस्व कार्यालय में शासकीय कार्य कर रहे थे, इसी दौरान तीन अधिवक्ताओं ने अपने दो अन्य साथियों के साथ उनके साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज की तथा राजस्व अभिलेख फाड़ दिए। इस मामले में जानकारी देने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रिपोर्ट दर्ज नही होती है, तब 20 जुलाई से सभी राजस्व निरीक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को बाध्य होंगे।दिए गए पत्र पर जिला कोषाध्यक्ष वीरपाल सिंह, अजीत प्रताप सिंह, अवधेश बाजपेयी, नीरज कुमार त्रिवेदी, अमर सिंह, देश दीपक, दिलीप श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सहित तमाम राजस्व निरीक्षकों के हस्ताक्षर हैं।

# पानी की अनाधिकृत बोतलें पकड़ीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


स्टेशन पर अनाधिकृत पानी की बोतलं कब्जे में लेती जांच टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देश पर सीएमआई ने टीम के साथ वेंडरों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने पॉवर केबिन के निकट पेटियों में अनाधिकृत पानी की दो सौ बोतलें पकड़ीं। स्टेशन परिसर में रेल नीर बेचने की अनुमति है। इस दौरान वेंडर इधर-उधर भाग गए।

सीएमआई एसके ठाकुर ने एसएस पीएस तोमर व मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद ने शुक्रवार दोपहर पौने दो बजे गुवाहाटी एक्सप्रेस आने के समय प्लेटफार्म एक चेकिंग अभियान चलाया। उन्हें सूचना मिली कि पावर केबिन के पास अनाधिकृत पानी की बोतलों से भरी कई पेटियां रखी हैं, जो स्टेशन पर नहीं बेची जा सकती हैं।

स्टेशन पर सिर्फ रेल नीर बेचने की अनुमति है। उन्होंने पावर केबिन के निकट गए जाकर देखा तो अनाधिकृत पानी की कई पेटियां मिल गईं, जिनमें 200 बोतलें थीं। सभी बोतलों को पार्सल घर के गोदाम में रखवा दिया गया। सीएमआई ने वेंडरों के भोजन पैकेट चेक किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पैकेट के ऊपर मूल्य, खाना पैक करने का समय तथा तारीख डाली जाए। चेकिंग से वेडरों में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## स्वास्थ्य टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 875 मरीज देखे गए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने लोधीपुर तथा अहमदपुर में स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों के स्वास्थ्य तथा परेशानियों के बारे में जानकारी की। उन्होंने मेडिकल टीम को निर्देशित किया कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच के बाद दवा का वितरण किया जाए। गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर करें। शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 875 मरीज देखे गए। कोई गंभीर मरीज नहीं पाए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बुखार, दस्त, त्वचा रोग के अधिकतर मरीज पाए गए।

# नहीं थमी बिजली कटौती, पसीने से तरबतर हो रहे लोग

- गुरुवार रात 10:20 बजे गुल हुई बिजली तो देर रात तक नहीं आई
- कई मोहल्लों में होती रही ट्रिपिंग देहात क्षेत्रों में भी उपभोक्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी से बेहाल उपभोक्ताओं पर सितम ढा रही है। बार-बार ट्रिपिंग और कटौती की वजह से लोग परेशान हैं। जब तक पंखा-कूलर के आगे बैठकर गर्मी से सुकून ले पाते हैं, तब तक बिजली चली जाती है। इसी तरह का खेल लगातार जारी हैं और उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।

गुरुवार रात करीब 10:20 बजे बहादुरगंज, कटिया टोला, अशफाक नगर आदि मोहल्लों में बिजली गुल हो गई। इससे घरों में मौजूद लोग तो परेशान होने लगे। वहीं शहर की मुख्य सड़कों पर अंधेरा छा गया। एक तो ऊबड़ खाबड़ रास्ते और उस पर अंधेरी रात में निकलना मुश्किल हो रहा था। सबसे अधिक परेशानी उन यात्रियों को हो रही थी, बसों को पकड़ने के लिए रोडवेज बस स्टैंड व उसके आसपास मौजूद थे। वहीं घरों में मौजूद लोग गर्मी से राहत पाने के लिए तमाम लोग छत पर खुले में पहुंच गए तो तमाम लोग दरवाजा खोलकर मुख्य गेट पर बैठ गए। करीब 15 मिनट बाद बिजली आई तब लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह होने पर भी बिजली ने कई बार ट्रिपिंग की। दोपहर में तो बिजली आपूर्ति होती रही लेकिन शाम को फिर से ट्रिपिंग शुरू हो गई। खिरनी बाग मोहल्ले में 8:25 बजे बिजली गुल हो गई। इससे लोग गर्मी में परेशान होने लगे। पांच मिनट बाद लाइट आ जाने से राहत की सांस ली। बिजली की ट्रिपिंग और कटौती उन उपभोक्ताओं को ज्यादा परेशान कर रही है, जिनके पास न तो इनवर्टर हैं और न ही जनरेटर है। वहीं पुवायां में बिजली कटौती का खेल जारी है। यहां सुबह सात बजे से लेकर 11 बजे तक तीन से चार बार कटौती होती है।

### 12 में महज एक घंटे लगातार नहीं मिली बिजली

कलान, अमृत विचार : बिजली कटौती और ट्रिपिंग ने उपभोक्ताओं का हाल बेहाल कर दिया है।12 घंटे में महज 1 घंटे भी सुचारू रूप से सप्लाई नहीं मिल सकी। इस समय कलान करबा समेत क्षेत्र में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। बिजली के आने जाने का कोई शेड्यूल निर्धारित नहीं है। गुरुवार को दिन में लगातार कटौती हुई। गुरुवार की रात में कटौती का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार को तो बिजली कटौती ने हद कर दी। 12 घंटे में एक घंटे भी लगातार बिजली की सप्लाई नहीं मिल सकी।सुबह करीब पांच बजे लाइट चली गई फिर 12 बजे के लगभग आई और दस मिनट भी नहीं रुकी। इसके बाद दो बजे आई और 15 भी लगातार सप्लाई नहीं मिल सकी। हर मिनट में ट्रिपिंग होती रही। आने जाने का सिलसिला जारी रहा। 2:30 बजे के बाद लाइट देर शाम तक नहीं आई। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। बिजली कर्मचारियों का कहना है कि मिर्जापुर की 33 केबी लाइन में फाल्ट होने से ब्रेक डाउन है। जल्द ही सप्लाई मिलेगी।

# पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण, उतना ही उनका संरक्षण जरूरी

- दिनभर चला धरती का श्रृंगार करने का सिलसिला
- वित्त मंत्री, महापौर, डीएम व नगर आयुक्त ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


शहीद संग्रहालय में पौध लगाकर पानी देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व अन्य।

**अमृत विचार:** वन महोत्सव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को दिनभर पौधरोपण कर पृथ्वी का श्रृंगार किया गया। धरती मां को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जगह-जगह पौध रोपित की गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अगुआई में डीएम, नगर आयुक्त समेत तमाम अधिकारियों, शिक्षकों, समाजसेवियों, छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया।

शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और डीएम उमेश प्रताप सिंह ने पौधरोपण महा अभियान के अंतर्गत शहीद संग्रहालय में पौधे रोपित कर आरंभ किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम सभी को जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही उसका संरक्षण करना भी जरूरी है। पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ मुहिम में सभी को जुड़ना चाहिए, ताकि इसे जनांदोलन बनाया जा सके। मंत्री खन्ना के साथ महापौर अर्चना वर्मा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, उपेंद्र पाल सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी पौध रोपित की।

### अटसलिया स्कूल के बच्चों ने रंगोली सजाई, पौधे लगाए



कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में छात्र-छात्राओं ने जमीन के अलावा गमलों और टायरों में भी पौधे रोपित किए। जिला गाइड कैप्टन दपिंदर कौर और जिला स्काउट प्रशिक्षण कमिश्नर निकहत परवीन की देखरेख में तमाम बच्चों ने पृथ्वी को हरा-भरा बनाने और शुद्ध पर्यावरण के लिए पौधे लगाए।

### जीआईसी में डीआईओएस ने लगाया पौधा




महानगर के राजकीय इंटर कालेज में डीआईओएस हरिवंश कुमार के नेतृत्व में पौध रोपित की गई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार के साथ छात्रों और शिक्षकों ने कालेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के करीब 50 पौधे रोपित किए। इसके अलावा प्रधानाचार्य ने 300 पौधे छात्रों को देकर घरों और आसपास उपयुक्त स्थान पर एक पेड़ मां के नाम से लगाने का आह्वान किया।

### वीआईपी ग्रुप ने पौधे लगाकर ट्री-गार्ड से किया सुरक्षित



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के बैनर तले बरेली मोड़ आवास विकास स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में सफाई अभियान चलाकर पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में ग्रुप के सदस्यों और क्षेत्रीय लोगों ने पौध रोपित की। मंत्री खन्ना ने वीआईपी ग्रुप के सदस्यों से पार्क की देखभाल करते हुए इसे सुंदर स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रुप द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान की सराहना भी की। वीआईपी ग्रुप के सदस्यों ने फलदार और छायादार पौध रोपित कर पौधों को सुरक्षित रखने के लिए 10 ट्री-गार्ड भी लगाए। पौध रोपित करने वालों में नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा, पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला, क्रियेटर अभिनय गुप्ता, संरक्षक संजय अग्रवाल, ग्रुप की अध्यक्ष नीतू गुप्ता, महापौर अर्चना वर्मा, अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, ज्योति गुप्ता, विजय मिश्रा, रिद्धि बहल, कुलदीप गुप्ता, मुकेश गुप्ता गुप्ता रोमी, निखिल गुप्ता, बलराम शर्मा, एडवोकेट पुनीत मिश्रा, चंद्रमणि गुप्ता आदि शामिल रहे। वीआईपी ग्रुप ने मिशन फील्ड में भी पौधारोपण किया।

### रॉयन स्कूल के बच्चों ने स्टेडियम में लगाए पौधे




रॉयन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा में पौध रोपित की। प्रधानाचार्य वर्षा अग्रवाल के नेतृत्व में स्टेडियम पहुंचे छात्र-छात्राओं ने जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। पौध रोपित करने वालों में कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थी शामिल रहे। इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी ने सभी को खेलों के बारे में भी उपयोगी जानकारी दी।

## मुठभेड़ में बदमाश शाहनूर की मौत के मामले की जांच शुरू

**तिलहर, अमृत विचार :** संभल के इनामी बदमाश शाहनूर उर्फ शानू की मुठभेड़ में हुई मौत के मामले की जांच शुरू हो गई है। अपराध शाखा के इंस्पेक्टर ने तिलहर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। बुधवार रात एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक अब्दुल कादिर के नेतृत्व में उनकी टीम ने तिलहर के गांव पिथनापुर के समीप नहर की पुलिया के पास संभल के अपराधी शाहनूर उर्फ शानू को मुठभेड़ में मार गिराया था। इस मामले में उन्होंने तिलहर कोतवाली में आर्म्स एक्ट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।प्रकरण की जांच पुलिस अधीक्षक ने अपराध शाखा को सौंपी है, जिसके चलते शुक्रवार को अपराध शाखा के प्रभारी वीरेंद्र सिंह कोतवाली पहुंचे और उन्होंने कोतवाल विशाल प्रताप सिंह से वार्ता कर इस प्रकरण से संबंधित अभिलेख तलब किए।

### ब्लेड मारकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के पक्का तालाब निवासी कुनाल सक्सेना ने बताया कि 16 जुलाई की रात साढ़े नौ बजे वह मोमोज खाने जा रहा था। मोहल्ले के सिकन्दर ने रास्ते में उसे रोक लिया। आरोप है कि शराब के नशे में आरोपी उसे गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने ब्लेड से हमला कर दिया, उसके शरीर में एक स्थान पर कट गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

## सार-संक्षेप

### घर में घुसकर महिला को पीटा, पुलिस कर रही जांच

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला चमकनी करबला निवासी सोनी गुप्ता पत्नी संजीव गुप्ता ने सदर बाजार थाना में दी गई तहरीर में बताया कि ईशान के मकान में दो साल से किराए के मकान में रह रही है। कुछ भूमाफियाओं ने उसके मकान मालिक को भड़का दिया। आरोप है कि 18 जुलाई को रात आठ बजे मकान मालिक अपने चार साथियों के साथ उसके कमरे में घुस आया। उनके साथ महिलाएं भी शामिल थी। आरोप है कि सभी लोगों ने मिलकर उसे पीटकर घायल कर दिया। घटना के समय उसके पति घर पर नहीं थे। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने अलमारी में रखा जेवर लूट लिया। आरोपियों ने कहा कि मकान खाली कर दो वरना सामान बाहर फेंक देगे। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पंजाब गया युवक लापता, परिवार वाले परेशान

**रोजा, अमृत विचार :** पीलीभीत के करेली थाना क्षेत्र के ढकिया जलालपुर निवासी राधिका ने बताया कि बेटा महेंद्र पिछले तीन वर्षो से रोजा क्षेत्र के जलालपुर गांव में अपनी बहन गीता, बहनोई जयलाल के पास रहता था।14 जून को जलालपुर गांव का युवक गांव के नौ लोगों के साथ मेरे बेटे महेंद्र, को पंजाब प्रदेश के पटियाला जिले के बिंजल में धान लगाने का काम दिलाने के लिए ले गए थे। जहां काम के बाद बाकी सभी 9 जुलाई को वापस आ गए। पूछने पर बताया आंवला स्टेशन पर ट्रेन में बैठने समय छूट गया था। परिवार के लोग पीलीभीत से लेकर पंजाब तक लगातार ढूंढ रहे हैं लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद लापता युवक के परिजन थाने पहुंचे और तहरीर दी। वहीं प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया लेकर गए मजदूर ठेकेदार के साथ अन्य मजदूरों से भी पूछताछ की जा रही है।

### एसपी ने पुलिस लाइन का किया औचक निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी अशोक कुमार मीणा ने पुलिस लाइन में मैस, पुलिस कैंटीन, पीआरबी आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान शुक्रवार को होने वाली परेड का निरीक्षण किया। कर्मचारियों को शारीरिक रुप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवायी। उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी सौम्या पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** हारना नगला गांव के वीरपाल की पुत्री रीना देवी ने अपने पति व अन्य ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रीना देवी ने बताया कि उसकी शादी लखनापुर गांव के टीकाराम के पुत्र बृजेश के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए लगातार उत्पीड़न कर रहे थे। बुधवार सुबह ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। मायके वाले पहुंचे तो उन पर ससुराल व उनके रिश्तेदारों ने हमला कर दिया। पुलिस ने वागेश, टीकाराम, दुर्गेश, उपदेश, कटोरी, प्रीति, रामआसरे पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जर्जर भवनों का कराया जाए ध्वस्तीकरण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा के बाद सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने छात्र-छात्राओं के नॉन सीडेड छात्रों/अभिभावकों के खाते में आधार सीड कराने के लिए जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक को कैंप लगाकर आधार सीड कराने के निर्देश दिए हैं। आधार सत्यापन के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया। सीडीओ ने बच्चों व उनके अभिभावकों के बैंक खातों में आधार सीडिंग के लिए बैंक शाम 4 से 5 बजे तक खोलकर काम करने को कहा। उन्होंने जर्जर भवनों के संबंध में निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में स्थित जर्जर भवनों का मूल्यांकन तकनीकी समिति से कराकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की जाए।

## राहत सामग्री न मिलने पर सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अब्दुल्लागंज की महिलाओं ने राहत सामग्री और राशन किट न मिलने को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दुर्गेश यादव को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें बताया गया कि दस दिन पहले शहर की गर्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से मोहल्ला अब्दुल्ला गंज में बाढ़ का पानी पहुंच गया था। मोहल्ले के घरों में पानी घुस गया। इसकी वजह से मोहल्ले वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। उनके सामने खाने के लाले भी पड़ गए। बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण शुरू किया गया, लेकिन मोहल्ले के तमाम लोग अभी थी इससे वंचित हैं। उनको पार्षद और प्रशासन की ओर से मदद नहीं मिल पा रही। इसकी वजह से वे परेशान हैं। उनकी मांग है कि राहत सामग्री दिलवाई जाए। ज्ञापन देने वालों में राम मुरत्ता, सोना देवी, कोकिला, रामबेटी, गेंदा देवी, आरती, रीना, सुनीता आदि शामिल रहीं।









# झमाझम बारिश से नदी बनीं गलियां, घरों में घुसा पानी

## कलान नगर पंचायत ने लाखों का ठेका देकर कराई थी नालों की सफाई, जलभराव से उठने लगे सवाल

संवाददाता, कलान

- हाईवे से लेकर कस्बे के थाना और ब्लॉक रोड एवं गलियों में भरा बारिश का पानी

**अमृत विचार:** कलान में शुक्रवार सुबह हुई झमाझम बारिश के दौरान हुए जलभराव सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। नाले-नालियां चोक होने के कारण बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे, थाना एवं ब्लॉक रोड और गलियों में पानी बहने से नदी जैसी नजर आने लगीं। वहीं, कई घरों में बारिश पानी घुस गया। नगर वासियों का कहना है कि सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति की गई।

शुक्रवार सुबह करीब छह बजे अचानक मौसम में बदलाव आया। आसमान पर घने बादल छाने और ठंडी हवा चलने से मौसम खुशगवार हो गया। इससे लोग गर्मी से राहत महसूस करने लगे। करीब आठ बजे अचानक झमाझम बारिश शुरू हो गई। फिर इसके बाद धीरे-धीर करीब 11:30 बजे तक बारिश होती रही। करीब एक घंटे तक जमकर हुई बारिश से नगर की गलियों में पानी भर गया और हाईवे पर पानी का निकास नहीं होने की वजह से हाईवे पर जलभराव हो गया। बरसात से कस्बे की व्यवस्थाओं की पोल खुल कर सामने आ गई।

> कस्बे के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति हो गई है, जहां से पानी निकलवाया जाएगा। नाला सफाई का टेंडर हुआ था, जिसमें सफाई कार्य हुआ है, कुछ काम बाकी है, जो किया जा रहा है।
> –रामकृष्ण, ईओ नगर पंचायत कलान

पूरा कस्बा पानी-पानी हो गया। हाईवे से लेकर कस्बे का थाना और ब्लाक रोड समेत अन्य गलियां तालाब बन गईं। हाईवे पर लोक निर्माण ऑफिस के पास और डॉ. वेदप्रकाश शर्मा के मकान के सामने जलभराव होने जाने तालाब जैसा नजारा नजर आ रहा था। मोहल्ला उल्फत नगर में भी गलियों में जलभराव हो गया है। मुख्य बाजार में रहने वाले कौशल सिंह के मकान में पानी भर गया। करीब घुटनों तक पानी पहुंच जाने से घर में नीचे रखा सामान वाशिंग मशीन आदि सामान भीग गया।उनके घर में तालाब जैसा नजारा नजर आ रहा था। हाईवे व परौर रोड किनारे दुकानों व मकानों में पानी भर जाने से कस्बे के लोगों की मुसीबतें बढ़ गई है।

इसके अलावा विद्युत उपकेन्द्र पर भी जलभराव की समस्या हो गई। जिसे बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ गई। नगर के वाशिंदों का कहना था कि अभी हाल ही में लाखों रुपये के टेंडर के साथ नाला-नालियों की सफाई कराई थी लेकिन बरसात में हुए जलभराव से साबित हो रहा है कि सफाई के नाम पर खानापूर्ति की गई है।


परौर रोड से थाने को जाने वाली गली में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार


मेडिकल स्टोर में घुसा बारिश का पानी।


कौशल सिंह के मकान में घुसा बरसात का पानी। ● अमृत विचार

# वरुण अर्जुन के निशुल्क शिविर में 315 मरीजों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी में आयोजित हुआ शिविर
- कैंप में 288 मरीजों को वितरित की गईं निशुल्क दवाइयां

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा एवं सेवा भारती शाहजीपुर महानगर के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 315 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 15 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। ऐसे मरीजों का ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निशुल्क किया जायेगा।

शिविर में 137 मरीजों की निशुल्क ब्लड शुगर की जांच और लगभग 195 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की गई। लगभग 288 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। एमआरआई व सीटी स्कैन व अन्य जांचों के छूट के कूपन वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम व पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी।


शिविर में महिला की जांच करते डॉक्टर।

स्वास्थ्य कार्ड अस्पताल की ओर से 200 रुपये में बनाया जाता है, जो एक वर्ष के लिए मान्य है। सभी रोगियों को बताया गया कि परिवार स्वास्थ्य कार्ड से ओपीडी का पर्चा निशुल्क बनेगा।

दवाइयों और सभी जांचों पर 20 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी। भर्ती होने वाले मरीजों की भर्ती फाइल मुफ्त बनेगी। स्वास्थ्य कार्ड धारक को सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत और खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

पीआरओ ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, मुफ्त नर्सिंग केयर व मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। हर प्रकार के ऑपरेशन, सस्ती दवाइयों, आईसीयू, वेंटीलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि की सुविधा 24 घंटे सस्ती दरों पर उपलब्ध है। शिविर में धर्मेंद्र जी धवल, मनजीत जी, अशोक ठेनुआ, नवनीत त्रिपाठी आदि का विशेष योगदान रहा। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर के डॉक्टर डॉ. गौरव सिंह, डॉ. सावन कुमार, डॉ. नंदिनी, डॉ. मयंक यादव, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. शिवांगी कपूर, डॉ. राहुल पवार, डॉ. अक्षय अग्रवाल, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा व मोहित थापा और पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।

## शराब और मीट की दुकानें बंद कराने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांवड़ मेले की शुरुआत 22 जुलाई से होगी। इसे लेकर पुलिस और हिंदू संगठन सजग हो गये हैं। यात्रा और सुरक्षा इंतजाम की जोरों से तैयारियां हो रही हैं। होटल व ढाबा कारोबारियों को मेले के दौरान होटल में शराब और मांस सेवन को प्रतिबंधित करने को निर्देशित किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर सजा का भी प्रावधान है। इसी को लेकर शाहजहांपुर में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला अध्यक्ष संदीप अग्निहोत्री ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कांट को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सावन माह में शाहजहांपुर-जलालाबाद मार्ग कांवड़ यात्रा का प्रमुख मार्ग है।

# गर्रा, खन्नौत और गंगा नदी का जलस्तर घटा

- गंगा में नरौरा बैराज से 25060 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले की नदियों में जलस्तर घटने का क्रम जारी है। शुक्रवार को गर्रा, खन्नौत और गंगा का जलस्तर घटा, जबकि रामगंगा का जलस्तर चौबारी घाट पर स्थिर है, जबकि डबरी घाट पर कम हुआ है।

गंगा का जलस्तर कछला में 0.04 सेंटीमीटर और भैंसार ढाईघाट पर 0.01 सेमी जलस्तर घटा है। इसी तरह रामगंगा का जलस्तर चौबारी घाट पर स्थिर है, और डबरी घाट पर 0.18 सेमी घटा है। गर्रा नदी का जलस्तर अजीजगंज पुल पर स्थिर रहा और खन्नौत नदी का जलस्तर लोधीपुर पुल पर 0.25 सेमी घटा। इसी तरह नदियों में पानी छोड़ने का क्रम जारी रहा। गंगा नदी में नरौरा बैराज से 25060 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गर्रा नदी में दयूनी से 2409 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। शुक्रवार को बहगुल नदी में कोई पानी नहीं छोड़ा गया। नदियों में पानी न छोड़े जाने के चलते पानी घट गया है। अब कहीं भी बाढ़ जैसे हालात नहीं हैं।

# वरिष्ठ और जुझारू मतदाता सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वित्त मंत्री और सांसद ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट किए

**अमृत विचार:** भाजपा के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और सांसद अरुण सागर ने वरिष्ठ मतदाताओं को अंगवस्त्र ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।

समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मतदाता सर्वोपरि हैं, और हमारी ताकत भी। जनता के आशीर्वाद और सहयोग से ही लोकसभा एवं ददरौल विधान के उपचुनाव में भाजपा को विजय श्री मिली है। वित्तमंत्री ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता हमारे लिए देवतुल्य है। वह अपने कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सदैव उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने वरिष्ठ और पार्टी के प्रति समर्पित मतदाताओं के प्रति हर कदम पर साथ देने के लिए आभार जताया। कैबिनेट मंत्री ने सभी का आह्वान किया कि एक पेड़ अपनी मां के नाम से जरूर लगाएं। सांसद अरुण सागर ने कहा कि आज जागरूक मतदाताओं के आशीर्वाद से ही वह दोबारा सांसद बन सके। वह कार्यकर्ताओं के हक की लड़ाई सदैव लड़ते रहेंगे। सांसद ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।


सम्मान समारोह में वरिष्ठ मतदाताओं के साथ वित्तमंत्री सुरेश खन्ना व सांसद अरुण सागर।

सम्मानित होने वालों में डॉ. राकेश दीक्षित, डॉ. आकाश श्रीवास्तव, डॉ. केडी सिंह, उद्योगपति सुरेश सिंघल, शिक्षक राम सिंह, विनोद अग्रवाल, अल्पना श्रीवास्तव, मंजुला बाथम, रमन गुप्ता आदि शामिल रहे। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, मुनेश्वर वर्मा, राजाराम वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन अरुण गुप्ता ने किया।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।



BRACHYTHERAPY
24 Channel



PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड ऐंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें -
92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# सावन 22 से...शिव भक्तों के स्वागत के लिए भगवा रंग में सज गए बाजार

## पहले सोमवार को गौरी शंकर मंदिर आएंगी करीब 500 कांवड़, होगा भोले का जलाभिषेक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सावन से पहले कांवड़ियों के लिए बाजार पूरी तरह से तैयार हैं। सावन के पहले दिन जल उठाने के लिए कांवड़ियों के कई जत्थे रवाना हो चुके हैं। जो पहले सोमवार को मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। इधर, बाजार में केसरिया कपड़े गमछे, कपड़े की बिक्री शुरू हो गई है। वहीं, मंदिरों में भी तैयारियां शुरु हो चुकी है ताकि जलाभिषेक के दिन कोई कमी न रह जाए। मंदिरों के पुरोहितों की मानें तो पहले सोमवार को शहर में करीब 500 कांवड़िया जलाभिषेक करेंगे।

बता दें इस बार सावन माह 22 जुलाई से शुरु हो रहा है। हजारों की संख्या में कांवड़िये कछला समेत विभिन्न नदियों से जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। सावन माह को लेकर शहर से लेकर देहात तक के शिवालयों में भक्त तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। शहर के गौरीशंकर मंदिर, दूधिया नाथ मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर के अलावा बीसलपुर के गुलेश्वरनाथ मंदिर और पूरनपुर के एकोत्तर नाथ मंदिर में भक्तों की खासी भीड़ रहती है। इस लेकर मंदिरों में सफाई शुरू कर दी है। मंदिरों में फूलों से सजावट होगी। साथ ही परिसर और शिवालय में लाइट की व्यवस्था कराई जा रही है। शिव मंदिरों में सावन के प्रत्येक दिन भीड़ रहती है, लेकिन सोमवार को भीड़ अधिक रहती है। इसे लेकर पुलिस शिव मंदिरों में आने वाले भक्तों की भीड़ के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी रखेगी। गौरीशंकर मंदिर के पुरोहित जय शंकर शर्मा ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को सुबह चार बजे मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। जबकि देर रात तक कपाट बंद होंगे। सावन के सोमवार को जलाभिषेक करने वाले कांवड़ियों के अलावा अन्य श्रद्धालुओं की भीड़ भी रहेगी। इसके लिए मंदिर प्रांगण में महिला और पुरुष की अलग-अलग लाइन बनाई जाएगी। सभी जगह पुलिस फोर्स भी तैनात रहेगा।



प्राचीन गौरीशंकर मंदिर। • अमृत विचार



शहर के मिर्च मंडी में दुकानों पर बिक्री के लिए रखा कांवड़ का सामान।

### सावन के पांच सोमवार

- पहला सोमवार व्रत – 22 जुलाई
- दूसरा सोमवार व्रत – 29 जुलाई
- तीसरा सोमवार व्रत – 05 अगस्त
- चौथा सोमवार व्रत – 12 अगस्त
- पांचवा सोमवार व्रत – 19 अगस्त



एक दुकान पर सजी कांवड़ियों के लिए टी शर्ट और पूजा का सामान। • अमृत विचार

### भगवा रंग, टीशर्ट, गमछा की बढ़ी डिमांड



कांवड़ यात्रा को रवाना होने के लिए भक्तों ने बाजार में सामान की खरीदारी शुरू कर दी है। भोले की टी-शर्ट के अलावा डमरू, पताका, कांवड़ समेत अन्य सामग्री भक्त जमकर खरीद रहे हैं। पहला सोमवार 22 जुलाई को है। जिसके चलते शहर के बाजार में काफी रौनक है। मिर्च मंडी, गल्ला मंडी, जेपी रोड, लोहा मंडी, नींबू मंडी समेत विभिन्न बाजारों में कांवड़ यात्रा को लेकर सामान की जमकर बिक्री हो रही है। दुकानों पर टीशर्ट सजी हुई है। दुकानदार बिल्लू भाई ने बताया इस बार रेट में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है। टी शर्ट 100 से 150 रुपये, नेकर 60 से 150 रुपये, साइड बैग 150, डमरु 50 से 750 रुपये और त्रिशुल 20 से 50 रुपये तक प्लास्टिक में है। कस्बों में भी लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

### हर दिन तीन बार होगा जलाभिषेक

मंदिर में हर रोज दिन रुद्राभिषेक होगा। इसके तहत पंडित जयशंकर तीन बार जलाभिषेक करेंगे। प्राचीन गौरीशंकर मंदिर के महंत जयशंकर शर्मा ने बताया कि पहला रुद्राभिषेक दिन में 11 बजे से एक बजे तक चलेगा। दूसरा रुद्राभिषेक दोपहर एक बजे से तीन बजे तक चलेगा। तीसरा रुद्राभिषेक रात में नौ से ग्यारह बजे तक होगा। सावन में मंदिर सुबह पांच बजे खुलेगा। 40 दिनों तक चलेगा। इसके बाद हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### इस बार सावन के पांच सोमवार, पुजारी बता रहे शुभ संयोग

टनकपुर हाईवे पर स्थित माता शीतल देवी मंदिर के पुजारी बोल बम दुबे ने बताया कि सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई को हैं। इसी दिन से सावन माह की शुरुआत हैं। साथ ही सावन माह में इस बार यह शुभ संयोग भी बन रहा हैं। सावन की शुरुआत सोमवार और समापन भी सोमवार को हो रहा हैं। सावन माह की शुरुआत 22 जुलाई सोमवार से और समापन 19 अगस्त सोमवार को होगा। इस बार सावन में पांच सावन सोमवार का व्रत किया जायेगा जो बेहद ही शुभ माना जाता हैं।

# रिटायर्ड सीएमएस की पेंशन से होगी बकाया बिल की वसूली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 74901 रुपये का बकाया होने पर वर्तमान सीएमएस ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** संयुक्त चिकित्सालय अब मेडिकल कॉलेज के अधीन हो चुका है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद अब वहां व्यवस्थाएं बदली जा रही हैं। पूर्व में बरती गई लापरवाही उजागार होने पर महिला अस्पताल की रिटायर्ड सीएमएस डॉ. अनीता चौरसिया से उनके सेवाकाल में सरकारी आवास का बिजली बिल जमा नहीं करने पर बकाया भुगतान निपटाने के लिए कोषाधिकारी को पेंशन से कटौती करने को वर्तमान सीएमएस ने पत्र लिखा है। जिससे महकमे में खलबली मची है।

बता दें कि संयुक्त जिला चिकित्सालय होने के दौरान यहां दो अस्पताल संचालित होते थे। जिसमे एक महिला और दूसरा पुरुष अस्पताल शामिल था। महिला अस्पताल में डॉ. अनीता चौरसिया लंबे समय तक बतौर सीएमएस तैनात रही। नौकरी के दौरान वह अस्पताल कैंपस में बने सरकारी आवास में ही रहती थीं। नियम है सरकारी आवास में रहने वाले कर्मचारी को बिजली बिल जमा करना होता था। मगर उन्होंने जमा नहीं किया। 31 मार्च 2023 को वह सेवानिवृत्त हो गई पर सरकारी आवास खाली नहीं किया। इसे लेकर उन्हें नोटिस भी दिया गया। इस बीच बिजली की बकायेदारी का हिसाब निकाला गया तो पता चला कि डॉ. अनीता ने आवास में रहने के दौरान बिजली का बिल भी जमा नहीं किया था।

अस्पताल के अनुसार सीएमएस के ऊपर 74901 रुपये की बकायेदारी बिजली बिल की निकली। इसको लेकर अस्पताल में बतौर मैनेजर तैनात रहे शाहजहांपुर के हुसैनपुरा निवासी संजय कुमार यादव ने पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। मामला तूल पकड़ गया। इसके बाद बिजली बिल जमा करने के लिए कहा गया तो डा. अनीता ने आवास खाली कर दिया। आखिरी रिमाइंडर भेजने पर भी बिजली का बिल जमा नहीं करने पर पेंशन से कटौती करने के आदेश जारी किए गए हैं। वर्तमान सीएमएस डॉ. राजेश ने इसको लेकर कोषाधिकारी को पत्र जारी किया है। ताकि यह बकायेदारी उनकी पेंशन से देय हो सके।

### आवास का भी वसूला जाएगा किराया, पीडब्ल्यूडी बनाएगा एस्टीमेट

बिजली का बिल का भुगतान पेंशन से कटाने का आदेश जारी करने के बाद अब आवास का भी किराया वसूला जाएगा। अस्पताल प्रशासन की मानें तो वह रिटायर्ड होने के बाद भी सरकारी आवास कब्जा जमाए रही। कई बार उन्हें नोटिस दिए गए हैं। मगर उन्होंने आवास खाली नहीं किया। इसलिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन का तर्क है कि अब उनसे आवास का भी किराया वसूला जाएगा। जिसका निर्धारण पीडब्ल्यूडी के जेई को नामित किया गया है। जो का भौतिक निरीक्षण करने के बाद इसका किराया निर्धारित करेंगे। हालांकि अभी जेई की ओर से आवास का सर्वे नहीं किया गया है।

> आवास खाली कराने को लेकर पूर्व में कई नोटिस जारी किए गए थे। इसके अलावा आवास का बिजली बिल भी जमा नहीं किया गया था। जिसका भुगतान जमा करने के लिए अब पेंशन से कटौती की जाएगी। जेई की रिपोर्ट के आधार पर आवास का किराया भी निर्धारण किया जाएगा। उच्चधिकारियों के निर्देश पर वरिष्ठ कोषाधिकारी को कटौती के लिए पत्र भेजा गया है। - **डॉ. राजेश कुमार**, सीएमएस महिला विंग मेडिकल कॉलेज

# मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलकर्मी घायल, साथी युवक की मौत पर लगे आरोपों से मची खलबली

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

- परिजन बोले, रुपयों का लालच देकर रेलकर्मी अपने जगह संतोष से कराता था काम
- पीलीभीत-शाहजहांपुर रुट पर गांव नरायनपुर के पास गुरुवार देर रात हुई घटना

**अमृत विचारः** पीलीभीत-शाहजहांपुर रुट पर गुरुवार रात मालगाड़ी की चपेट में आने से एक रेल कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि साथ में चल रहे एक अन्य युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, मृतक के परिवार वालों ने एक अन्य रेलवे कर्मचारी पर अपनी जगह ड्यूटी पर भेजने का गंभीर आरोप लगाया है। जिसके बाद खलबली मच गई है। हादसा गांव पतरसिया एवं नरायनपुर के बीच हुआ। वार्ड नंबर एक कुंदनपुर प्रथम की किरन देवी ने बताया पति संतोष कुमार (39) रेलवे मे गैंग मेठ के पद पर कार्य कर रहे डालचंद के साथ गुरुवार रात रेलवे स्टेशन भोपतपुर से बीसलपुर की ओर पेट्रोलिंग के लिए गए थे। रात करीब दो बजे पीलीभीत से शाहजहांपुर जा रही मालगाड़ी की चपेट में दोनों लोग आ गए। हादसे में संतोष कुमार की मौके पर मौत हो गई। जबकि रेल कर्मचारी डालचंद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रेलकर्मी को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया। इधर, शुक्रवार सुबह सूचना पर आरपीएफ घटनास्थल पर पहुंची और मौका मुआयना करने के बाद जांच शुरु करते हुए रेल कर्मचारियों के बयान लिए।

पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मृतक की पत्नी किरन देवी और भाई नरेश ने एक अन्य रेल कर्मचारी पर आरोप लगाया। उनका कहना था कि एक रेलकर्मी संतोष को अक्सर कुछ रुपये का लालच देकर रात की अपनी जगह ड्यूटी पर भेज रहा था। गुरुवार रात को भी उक्त रेलकर्मी ने संतोष को पेट्रोलिंग के लिए भेजा था। इसी वजह से संतोष की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई।



संतोष (फाइल फोटो)



घटना की जानकारी देता संतोष का भाई नरेश।

### रेलकर्मी बोला- वह खुद कर रहा था ड्यूटी

इस मामले में मृतक के परिवार की ओर से लगाए गए आरोप को सुनकर पुलिस और आरपीएफ भी दंग रह गई। जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई। इस दौरान जिस रेलकर्मी पर अपने स्थान पर मृतक को ड्यूटी पर भेजने का आरोप लगाया गया था। उससे भी पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी रेलकर्मी ने आरपीएफ को पूछताछ के दौरान बताया कि रात में वह स्वयं ड्यूटी पर था। मृतक से उसकी जान पहचान थी। इसी वजह से रात की ड्यूटी के दौरान वह उसके साथ चला गया। हादसे के दौरान वह भी इन लोगों के साथ में ही था।

### बिखर गई कच्ची गृहस्थी

कस्बा निवासी तौलेराम के तीन पुत्रों में सबसे बड़ा संतोष कुमार मेहनत-मजदूरी कर भरण पोषण कर रहा था। परिवार में पत्नी किरन देवी, पुत्री मधु (14), पुत्र सनी (10) और अरुन (05) हैं। संतोष की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

> घटना की जानकारी हुई है। अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई। दूसरा रेलकर्मी रेलवे अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत में सुधार होने पर उससे जानकारी की जाएगी। इसके बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। – **राजेंद्र सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी, इज्जतनगर मंडल

# पिता-पुत्र से मारपीट मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव बरगदा के रहने वाले नेमचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसे व उसके छोटे पुत्र पंकज कुमार को 18 जुलाई की रात उनके तीसरे नंबर के पुत्र आदेश कुमार, उसके साले गांव अलियापुर के परमेश्वरी दयाल बेवजह गाली दे रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से वार कर घायल कर दिया। किसी तहह दोनों ने जान बचाई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण को लेकर जांच शुरू कर दी है।

# फर्जी हेल्थ कार्ड बनाने वाले चार लोग पकड़े

संवाददाता, पूरनपुर

- सभी अस्पतालों में निशुल्क इलाज का दे रहे थे झांसा
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

**अमृत विचारः** प्राइवेट कंपनी के कुछ कर्मचारी निशुल्क उपचार का झांसा देकर हेल्थ कार्ड बना रहे थे। ग्रामीणों के मना करने पर उन्होंने राशन कार्ड कटने का भय दिखाया। हेल्थ कार्ड बनाने के लिए ग्रामीणों से वसूली भी की गई। ग्रामीणों ने कार्ड बनाने वाले लोगों का घेराव करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों के विरोध पर चार लोगों को हिरासत में लिया है।

ब्लॉक रोड पर स्थित राजीव नगर कॉलोनी में शुक्रवार को एक निजी कंपनी के चार कर्मचारी हेल्थ कार्ड बनाने के लिए पहुंचे। उन्होंने कार्ड के माध्यम से सभी अस्पतालों में निशुल्क उपचार का झांसा देते हुए हेल्थ कार्ड बनवाने का दबाव बनाया। ग्रामीणों के मना करने पर राशन कार्ड से नाम कटवाने की धमकी दी। ग्रामीणों का आरोप है कि हेल्थ कार्ड बनाने के एवज में ग्रामीणों से प्रति कार्ड के हिसाब से एक हजार रुपये ले रहे थे। फर्जी हेल्थ कार्ड बनाने का शक होने पर ग्रामीणों ने चारों लोगों का घेराव करते हुए विरोध शुरू कर दिया। काफी लोग जमा हो गए और हंगामा कर दिया।

इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की शिकायत पर कार्ड बनाने वाले चारों लोगों को हिरासत में ले लिया और कोतवाली लाई। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ की जा रही है। अनुबंध सहित अन्य दस्तावेज चेक किए जा रहे हैं। पंजीकरण न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

**आयोजन** जिले भर में आज चलेगा वृहद पौधरोपण अभियान, जिला प्रशासन समेत वन एवं वन्यजीव प्रभाग की ओर से तैयारियां पूरी

# 'एक पेड़ मां के नाम' एक दिन में लगाए जाएंगे 36 .61 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जनपद भर में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम वृहद पौधरोपण अभियान के तहत पौधरोपण किया जाएगा। प्रशासन समेत वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने अभियान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद शहर के एक विद्यालय में पौधरोपण करेंगे।शासन की ओर से इस बार जिले को 36.61 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। वन महोत्सव के तहत इस बार एक से सात जुलाई तक जागरूकता अभियान चलाया गया था, लेकिन शासन की ओर से पौधरोपण को लेकर कोई निर्देश नहीं मिले थे। इसके बाद शासन ने 20 जुलाई को वृहद पौधरोपण करने का आदेश जारी किया। इसके तहत शनिवार को जिले में 27 विभागों की ओर से वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके लिए वन एवं वन्यजीव प्रभाग की ओर से सभी विभागों को पौध उपलब्ध करा दी गई है। इधर शहर के इनीशियम पब्लिक स्कूल में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद और प्रशासनिक अधिकारी फलदार एवं औषधीय पौधे लगाएंगे। प्रशासनिक अधिकारियों ने एक दिन पूर्व स्कूल में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

### बेसिक के 2339 स्कूलों में 24,827 पौध लगाए जाएंगे

**पीलीभीत :** आज होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान के तहत बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले में संचालित 2339 स्कूलों में 24827 पौधों को लगाया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने पौधों के लिए वनाधिकारी को डिमांड भेजी है। संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक गणेश कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षाधिकारी इस दिन तय लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराएं। किसी भी दशा में लापरवाही न की जाए। पौधरोपण के बाद उनकी सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। पौधरोपण स्थल की जियो टैगिंग कराई जाए। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पौधरोपण के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इधर, शुक्रवार को बेसिक स्कूल और सहकारी समिति में पौधरोपण किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय संतोषपुरा में वरिष्ठ एआरपी हाफिज अहमद और प्रखर मिश्र की मौजूदगी में पौधरोपण हुआ। जिसमें बच्चे औरशिक्षक- शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संघमित्रा गौतम, गौरव वर्मा, चमन, ममता, पूजा आदि मौजूद रहे।

### रोपित पौधों की हो नियमित देखभालः मंडलायुक्त

पीलीभीत, अमृत विचार : मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक में मनरेगा के अन्तर्गत किए जा रहे वृक्षारोपण में बड़े स्थल के सम्बन्ध में अधिकारियों से जानकारी की और देखरेख की रणनीति जानी। कहा कि आज करीब 36 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। मंडलायुक्त ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम सभी लोग अवश्य रोपित करें। रोपित पौधो के देखरेख को संकल्प दिलाया जाए। कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने के लिए जुटे। जनपद मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। पौधों का महत्व छात्र-छात्राओं को बताते हुए उन्ही से पौधे रोपित कराये जायें, जिससे पौधा रोपण के उपरान्त रोपित किये गये पौधो की देखभाल की जा सके। अवगत कराया गया कि अनुरूप समस्त विभागो द्वारा चिन्हित स्थलों पर खाई खुदवाना, तार फेसिंग, ट्री गार्ड सहित अन्य व्यवस्था कराना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem® (BUMS)

यूनानी चिकित्सक

Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

9634499693
9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक:- 21 जुलाई 2024, रविवार
04 अगस्त 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

**सिपाही की कार से तीन लोग घायलः** पूरनपुर। जनपद बरेली के थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव रूपपुर के रहने वाले श्यामाचरण पत्नी रानी देवी और बेटे पप्पू के साथ बाइक से पूरनपुर आ रहे थे। पीलीभीत हाईवे पर खमरिया पट्टी के पास उनकी बाइक में गजरौला थाने में तैनात कांस्टेबल ने कार से टक्कर मार दी। हादसे में श्यामाचरण उनकी पत्नी और बेटा घायल हो गए।

आवश्यकता है

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन

अनुभवी व्यक्ति की
वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-

HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# चेक बाउंस होने पर महिला को छह माह की कैद, 1.40 लाख जुर्माना

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुकृति सिंह ने पारित किया निर्णय
- न्यूरिया का मामला, सितंबर 2019 में बाउंस हुआ था चेक

**अमृत विचारः** न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुकृति सिंह ने चेक अनादरण के एक मामले की सुनवाई के बाद थाना न्यूरिया क्षेत्र के कस्बा मझोला निवासी आरोपी महिला कल्पना सक्सेना को दोषी पाते हुए 1.40 लाख रुपये अर्थदंड और छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि अर्थदंड की धनराशि में से 1.30 लाख रुपये परिवादी सरिता बंसल को प्रतिकर के रूप में दी जाएगी।

थाना न्यूरिया के गुलड़िया भिंडा की रहने वाली सरिता बंसल ने न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया था। उसके अनुसार उसके और आरोपी कल्पना सक्सेना के अच्छे सम्बन्ध थे। परिवादिनी ने 77,500 रुपये आवश्यकता होने पर कल्पना सक्सेना को एक मार्च 2019 को उधार दिए थे। विपक्षी ने आठ जुलाई 2019 को 77,500 रुपये का चेक परिवादिनी को दिया, जिसे परिवादिनी ने 15 सितंबर 2019 को भुगतान के लिए बैंक में प्रस्तुत किया। बैंक ने 19 सितम्बर 2019 को जारीकर्ता के हस्ताक्षरों में भिन्नता के कारण बगैर भुगतान के चेक वापस कर दिया। उधार दी गई रकम का भुगतान प्राप्त न होने पर परिवादिनी ने न्यायालय की शरण ली और न्याय की गुहार लगाई। परिवाद की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुकृति सिंह की अदालत में हुई। मुकदमे की सुनवाई और पत्रावली का परिशीलन करने के उपरान्त न्यायालय ने आरोपी कल्पना सक्सेना को चेक अनादरण का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप

### जमुनिया मठ मंदिर पर मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा



**कलीनगर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम जमुनिया खास के मठ मंदिर पर 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। शुक्रवार को बैठक करके इसकी रूपरेखा तय की गई। जिसमें सर्व सम्मति से मठ मंदिर सागर ताल पर गुरुदेव योगी भीकमनाथ महाराज/अलख नाथ महाराज की याद में गुरु पूर्णिमा दिवस को धूमधाम से मनाने का प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक चलेगा। जिसमें पीलीभीत के अलावा अन्य जनपदों से भी लोग प्रतिभाग करेंगे। बड़ी संख्या में लोगों से शामिल होने की अपील की गई साथ ही इसका प्रचार प्रसार करने को जिम्मेदारी तय की। ब्रह्मपाल सिंह यादव, श्रीकृष्ण शर्मा, ज्वाला प्रसाद राठौर, हरिप्रसाद गुप्ता, अजय वर्मा, विपिन शर्मा, हरिशंकर यादव, नत्थूलाल कश्यप, जोगराज राठौर, प्रमोद भारती, छोटेलाल, बृजेश यादव, ओमप्रकाश कश्यप, भूरा कश्यप आदि मौजूद रहे।

### आशा वर्कर्स यूनियन ने धरना देकर सौंपा



**पीलीभीत, अमृत विचार :** आशा वर्कर्स यूनियन ने जिला अध्यक्ष इदरीसन बानो की अगुवाई में शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएमओ डॉ .आलोक कुमार को सौंपा। जिसमें तमाम काम लिए जाने के बाद भी किसी प्रकार की मानदेय या प्रोत्साहन राशि न मिलने, 2024 फरवरी माह में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन पर अमल करने, 2022/23 के दौरान जान जोखिम में डालकर कार्य करने वाले आशा वर्कर और संगीनियो को बकाया राशि भुगतान करने, भारतीय श्रम सम्मेलन के सिफारिशों को लागू करने, दुर्घटना बीमा राशि 20 लाख रुपये करने, आशा कर्मियों व संगीनियों व अन्य महिलाओं के साथ हो रहे यौन हिंसा पर रोक लगाने एवं सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई। इस मौके पर लीलावती, माया देवी, ब्रह्मा राठौर, अनोखी देवी शकुंतला , शाहीन सुल्ताना, केसरबती, पुष्पा देवी, प्रीती, राजवती, शिमला देवी, नंदू रानी आदि थे।

### जहानाबाद में शिया समुदाय ने निकाला जुलूस



**जहानाबाद, अमृत विचार :** कस्बे में शुक्रवार को असलम हुसैन ज़ैदी के घर से शुरू होकर जुलूस की शुरूआत हुई। जुलूस टाउन एरिया बाजार, थाना जहानाबाद के सामने, शौकत मियां की मज़ार के सामने से होते हुए शिया समुदाय के बिलई अड्डे स्थित कर्बला पर पहुंचकर समाप्त हो गया। जुलूस में शामिल शिया लोग जोरदार तरीके मातम मनाते चल रहे थे। जुलूस में खाता जरेली और सेथल समेत कई अन्य जगह के शिया समुदाय के लोग शामिल रहे। पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। जुलूस में असलम हुसैन ज़ैदी, अज्जू ज़ैदी, काजिम जैदी, सालिम जैदी, कायम जैदी, नाजिम जैदी, शाकिव जैदी, मोनू जैदी, सैफ जैदी, साहिल जैदी समेत तमाम शिया समुदाय के लोग शामिल रहे।

# बोर्ड की बैठक में कई प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** नगर पालिका सभागार में शुक्रवार को चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर के विकास को लेकर विभिन्न छोटी-बड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई।माधोटांडा क्रासिंग से स्टेशन चौराहे तक हार्ड मिक्स रोड का निर्माण कराने, पंचम दास इंटर कॉलेज के पास सुड़कुआ तालाब का सौंदर्यीकरण, नगर पालिका सीमा विस्तार सहित कई प्रस्तावों पर विमर्श किया गया। इसके अलावा डस्टबिन, नये नल, रिबोर, वाटर कूलर आदि रखवाने की मांग सभासदों ने की। नालों के निर्माण और साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, नये रोड निर्माण, सहित कई समस्याएं रखी गईं। बैठक में अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर, लेखाकार दिनेश भारती, सभासद विकास गुप्ता, सौरभ सक्सेना, अनुज गुप्ता, उदित सिंह, सुशील कुमार, रोहित मिश्रा, राजो देवी, दिनेश कुमार, उर्मिला देवी, सूरज बाथम, राजेश कुमार, मोहम्मद मियां, नादिर रज़ा बरकाती, शराफत अली, विनीता देवी, शाहजहाँ बेगम, नेहा आदि सभासद मौजूद रहे।

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति मे मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह निचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।


## संपादकीय

# रणनीति की आवश्यकता

एक बड़े वैश्विक सिस्टम आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया भर की उड़ानें, बैंक, मीडिया आउटलेट, कंपनियां बाधित हो गईं। दिक्कत एंटीवायरस 'क्राउडस्ट्राइक' के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आई। दोपहर में आउटेज का असर चरम पर था। परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। एक तरह से माइक्रोसाफ्ट आउटेज से दुनिया को बड़े आईटी ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। हालांकि यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं था। इसके बावजूद दुनियाभर में कई तरह की सेवाएं प्रभावित हुईं। तकनीकी दिक्कतों के बाद भारत सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया। कई देशों की सरकारों ने आपात बैठकें बुलाईं। गौरतलब है कि क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक मेन प्रोडक्ट फॉल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फॉल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करता है। फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहें सिस्टम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। वैश्विक आउटेज इंटरनेट सेवाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान हैं।

वैश्विक आउटेज के दौरान नेटवर्क के बड़े हिस्से ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इंटरनेट व्यवधानों से उबरने की प्रक्रिया, चाहे वैश्विक हो या स्थानीय भविष्य में व्यवधानों के लिए लचीलापन और तैयारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर आउटेज चाहे वह बड़ा हो या छोटा किसी न किसी कारण से होता है। इन घटनाओं से सीख लेकर इसके लिए अधिक मजबूत सिस्टम और आकस्मिक योजनाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इंटरनेट व्यवधानों को अच्छी तरह से संभालने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि व्यवधानों से आने वाली विभिन्न चुनौतियों का कैसे जवाब दिया जाए। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले सिस्टम प्रभावित होने की रुकावटें, अलग-अलग कारणों और प्रभावों के साथ अनूठी चुनौतियां पेश करती हैं। वैश्विक इंटरनेट आउटेज के प्राथमिक कारण अक्सर प्रमुख नेटवर्क कंपनियों, विशेष रूप से कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) प्रदाताओं से जुड़े होते हैं। सीडीएन विफलताओं सहित वैश्विक रुकावटों के कारण होने वाले व्यापक व्यवधान इनसे निपटने के लिए मजबूत रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# चिरायुता पर आधुनिक शोध का यथार्थ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं।

चूहों पर किए गए एक प्रयोग से नस्ल के लंबे समय तक जीवित रहने की दुर्लभ उम्मीद जगी है। इस संबंध में नेचर जर्नल में 17 जुलाई को रिसर्च पेपर इन्हीबीशन ऑफ इंटरल्युकिन-11 सिग्नलिंग एक्स्तेंड्स ममेलियन हेल्थस्पैन एंड लाइफस्पैन ऑनलाइन प्रकाशित है। इस शोध अध्ययन को विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए 26 शोधार्थियों ने संपन्न किया। अध्ययन की संपुष्टि हेतु 25 अतिरिक्त पन्नों में दिया गया डेटासेट अकाट्य और विलक्षण है। अध्ययन में भारतीय मूल के चार शोधार्थी भी शामिल हैं, जो अध्ययन के समय सिंगापुर की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्थित मेडिकल स्कूल में कार्डियोवैस्कुलर एंड मेटाबोलिक डिसआर्डर्स प्रोग्राम में अध्येता बताए गए।

अध्ययन के नतीजों से स्थापित हुआ कि एक्सपेरिमेंटल चूहों की उम्र में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। इस अध्ययन में जेनेटिक और फार्माकोलॉजिकल पद्धतियों का इस्तेमाल बूढ़ा होने की प्रक्रिया को रोकने से हुआ। कहा है कि यह संक्रमण रहित शरीर में न्यूनस्तर पर मेटाबोलिक और रोग प्रतिरोधक सिस्टम के आपस में सूचना आदान-प्रदान से या दोनों के परस्पर बायो-केमिकल प्रभाव के अनुसार जरावस्था की ओर दीर्घकालिक प्रस्थान (क्रोनिक स्टेराइल इन्फ्लेमेशन) से संबंधित ऑब्जरवेशन हैं। अध्ययन से जाहिर होता है कि इंटरल्युकिन-11 थेरेपी के क्लिनिकल ट्रायल्स से जो डेटा मिला है वह फिब्रोइन्फ्लेमेट्री डिजीजेज से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तो सही हो सकता है, लेकिन स्वस्थ व्यक्तियों पर इसकी मुक्त आजमाईश की गुंजाईश या जरूरत नहीं। इण्टरर्ल्युकिन खास बनावट की प्रोटीन्स हैं और शरीर में इनका संश्लेषण खुद होता है। इन्हें लेकर बहुत समय से मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जिसे इम्यूनोलॉजीकल साइंसेज में इसकी भूमिका को कुछ हद तय किया जा चुका है।

इण्टर्ल्युकिंस कई किस्मों में आईडेंटिफाई की जा चुकी हैं। हरेक का रोल अलग है। इण्टरर्ल्युकिन -11 की भूमिका को चूहे में पहली बार उम्रदराजी के नज़रिए से देखा गया है। शरीर में इसकी सक्रियता को रोकने के लिए क्या मेथड अपनाया गया और यह सेफ है या नहीं, इस बाबत

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे।

तो और परीक्षण मनुष्यों पर बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं में करने ही होंगे बशर्ते इण्टरर्ल्युकिन थेरेपी को मनुष्यों पर आजमाने की इज़ाज़त एथिकल कमेटी द्वारा दी जाए। चूहों पर किए परीक्षण में इसके थेराप्युटिक असर और एक्टिंग मैकेनिज्म को कुछ हद तक दर्ज किया गया है, लेकिन दर्जनों सवाल और हैं जिनका उत्तर ढूंढना है। क्या मनुष्य को चिरायु बनाना एथिकल दृष्टि से सही है? ऐसे शोध के नतीजे से निकलने वाली थेरेपीज़ जो बहुत मंहगी हो सकती हैं, क्या सिर्फ चुनींदा व्यक्तियों को ही सुलभ होंगी या आम जन को भी उपलब्ध होंगी? विविध स्पीसीज की संख्या के बीच कुदरत जो संतुलन येन-केन प्रकारेण बना कर रखती है क्या वह विचलित और भ्रष्ट नहीं होगा? धरती पर कुछेक लोगों को चिरायु बनाने के मकसद कितने स्पष्ट होंगे?

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं। लेकिन मेडिकल रिसर्च के फील्ड में नित, नई चुनौतियां सामने आती रही हैं और गाइडलाइन्स में संशोधन के लिए रिसर्चर्स को प्रेरित करती हैं। इन्हें उस स्तर तक लाना होगा जिस स्तर पर स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी अंतरिक्ष स्थित युक्तियों में लंबे समय तक निवास के लिए मनुष्यों को भेजने से पहले इनके लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं। जाहिर है, इन्हें बनाने के लिए मनुष्य के शरीर पर तजुर्बे करने की जरूरत है। दुनिया में इंडस्ट्रियली उन्नत देशों में से कुछ ने सन 1900 के बाद के बड़े युद्धों में पकड़े युद्ध बंदियों पर टार्चर करके, और खासतौर से दूसरे महायुद्ध के दौरान हिटलर शासित जर्मन सेना और मेडिकल रिसर्च एस्टाब्लिशमेंट, जो एक्सपेरिमेंट्स किए उनसे संबंधित रिकाड्र्स को ऐतिहासिक मान कर संरक्षित किया गया और इन्हें अध्ययन के लिए सुलभ कराया गया, लेकिन इन रिकाड्र्स में से बहुत-सा अभी तक डी-कलासिफाई नहीं हुआ है। सिविलियन रिसर्च के लिए तो इंस्टिट्यूशनल एथिकल कमेटी ही नियामक है और इसीसे इज़ाज़त लेनी पड़ती है। दूसरी ओर साम्यवादी देशों में ऐसे रहस्यों को हमेशा के लिए दफन कर दिया जाता है।

चिरायु शोध बहुआयामी है, लेकिन इसे नियामक अथॉरिटी की निगाहों में लाना जरूरी होता है। ऐसा नहीं हुआ तो फ्रैंकैस्टाईन, अर्थात अति-मानव या बेकाबू मनुष्य, बनाने से क्या लाभ? इससे भय की उत्पत्ति और विनाश का जन्म होता है। चिरायु शोध पर एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की भी एक सीमा होती है। इसके बाद क्या? इसका जवाब तो तब मिलेगा जब शोध को आगे बढ़ाया जाएगा। शोध के भविष्य और नतीजों को भी एक सीमा तक इन्टरप्रेट करने की क्षमता है। इसलिए चूहों से मनुष्य तक इस शोध के पहुंचने या भविष्य में इसकी प्रकृति क्या हो सकती है इसका आकलन कोई बड़ा साइंसदान भी फिलहाल नहीं कर सकता। संभावना है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से उन स्थितियों को काल्पनिक और कृत्रिम रूप से बनाया जा सके जो मनुष्य मस्तिष्क के आकलन से फिलवक्त परे हैं? लोग चिरायु बनने के चक्कर में रहते हैं। अपनी दिनचर्या को नहीं सुधारते परन्तु बाबाओं से आशीर्वाद लेना आम बात हो गई है। चिरायु कैसे बन सकते हैं इसके लिए आधुनिक बायोलॉजी के अनेक मेथड्स अपनाकर वैज्ञानिक लोग मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स तक उतर आए हैं। चिरायु होना अलग बात है लेकिन ययाति के तर्ज़ पर कायाकल्प अलग बात है। सिद्धांत रूप में इसके साहित्यिक साक्ष्य (कल्पना है या यथार्थ, मुझे नहीं मालूम)। महाभारत के आदिपर्व में इनका संदर्भ है। नहुष के पुत्र ययाति (आभीर सम्राट) ने देवयानी से विवाह किया और शर्मिष्ठा को भी पत्नी जैसा रखा। वीएस खांडेकर ने ययाति के बारे में मराठी भाषा में उपन्यास लिखा। यह कथा भारतीय मानस और बौद्धिक संपदा का ऐसा रूप है, जिसका संबंध काया रूपांतरण से है। यह विज्ञान कथा के रोमांचक वृतांतों सरीखा है। ययाति की कथा रोमांचक है और विज्ञान जानने वालों को भारतीय साहित्यिक जगत के अद्भुत कथानकों से परिचित करवाती है। उम्रदराजी को समझना और इसमें इंटरवेंशन या छेड़छाड़ करना आसान और सुरक्षित नहीं होता। जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में आचार्य पतंजलि ने योगसूत्र और महर्षि चरक से शुरू हुई आयुर्वेदाचार्यों की परंपरा ने जिस निश्चित और सिद्ध ज्ञान का सृजन किया उसी के अभ्यास से हम शरीर और मन को स्वस्थ रखें इसीलिए हमारे यहां इस विधा को आयुर्विज्ञान कहा गया गया।

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे। प्रत्येक सिस्टम की अपनी सीमाएं हैं और एक समय विशेष को ध्यान में रखकर अगर इनका अभ्यास या प्रयोग न किया जाए तो शरीर विकृत तो बाद में होगा पहले विकटता में फंस कर 'लॉक' जरूर हो जाएगा, जैसेकि हठयोग में। नाथ संप्रदाय के योगाचारी हठयोग की सांकलों की फिजिक्स और केमिस्ट्री नहीं बता सकते। योग सिस्टम मूलतः न्यूरो-फिजियोलॉजी की मॉड्यूलेशन पर आधारित है जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधात्मकता भी प्रभावित होती है अर्थात इन्फ्लुएंस होती है। यह हार्मोन्स के स्राव और इसकी मात्रा को नियंत्रित करती है। मॉडर्न सिस्टम में इन्हीं प्रणालियों को किसी और तरीके से प्रभावित करने की कोशिश शरीर के बायोकेमिकल सिस्टम के साथ छेड़खानी या ट्वीकिंग करने के पश्चात किया जाता है और इनके प्रभाव का शरीरांगों पर अध्ययन करके नतीजे निकाले जाते हैं।

## प्रसंगवश

# पानी भी यही करता है

राजस्थान के शेखावटी इलाके में एक जिला है झुंझुनूं। झुंझुनूं के अलसीसर तहसील के एक गांव लूणा में मुस्लिम गवैयों के कुछ परिवार रहते आ रहे थे। ये लोग पिछली पंद्रह पीढ़ियों से शास्त्रीय गायन कर रहे थे। कला और संगीत को संरक्षण दिए जाने का जमाना था और शेखावटी के रईस तो वैसे भी इस मामले में हमेशा आगे रहने वाले बताए जाते थे। इलाके भर में ध्रुपद गायकी का बड़ा नाम माने जाने वाले उस्ताद अजीम खान इसी लूणा में रहते थे और अक्सर अपने छोटे भाई उस्ताद इस्माइल खान के साथ महफिलों में गाने जाते थे।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

18 जुलाई 1927 को अजीम खान के घर एक बालक जन्मा जिसे मेहदी हसन नाम दिया गया। मेहदी का अर्थ हुआ ऐसा शख्स जिसे सही रास्ते पर चलने के लिए दैवीय रोशनी मिली हुई हो। गांव के बाकी बच्चों की तरह मेहदी हसन का बचपन भी लूणा की रेतीली गलियों-पगडंडियों के बीच बकरियां चराने और खेल-कूद में बीत जाना था, लेकिन वे एक कलावंत खानदान की नुमाइंदगी करते थे सो चार-पांच साल की आयु में पिता और चाचा ने उनके कान में पहला सुर फूंका। उस पहले सुर की रोशनी में जब इस बच्चे के मुख से पहली बार 'सा' फूटा, एक बार को समूची कायनात भी मुस्कराई होगी।

आठ साल की उम्र में पड़ोसी प्रांत पंजाब के फाजिल्का में मेहदी हसन ध्रुपद और ख्याल गायकी की अपनी पहली परफॉर्मेंस दे रहे थे। अगले दस-बारह साल घनघोर रियाज के थे जब अपने बुजुर्गों की शागिर्दी करते हुए मेहदी हसन ने ज्यादातर रागों को उनकी जटिलताओं समेत साध लिया होगा। फिर 1947 आया। विभाजन के बाद पूरा हसन खानदान पाकिस्तान चला आया। साहीवाल जिले का चिचावतनी कस्बा मेहदी हसन की कर्मभूमि बना। परिवार की जो भी थोड़ी-बहुत बचत थी वह कुछ ही मुश्किल दिनों का साथ दे सकी होगी। पैसे की सतत तंगी और जिंदा रहने की जद्दोजहद के बीच संगीत की कौन सोचता।

मेहदी हसन ने पहले मुगल साइकिल हाउस नाम की साइकिल रिपेयरिंग की एक दुकान में नौकरी हासिल की। टायरों के पंचर जोड़ते, हैंडल सीधे करते उन्होंने दूसरे उस्ताद से कारों और डीजल-ट्रैक्टरों की मरम्मत का काम भी सीख लिया। संगीत से इकलौता ताल्लुक एक पुराने एक बैंड वाले रेडियो की मार्फत बचा हुआ था। काम से थके-हारे लौटने के बाद वही उनकी तन्हाई का साथी बनता।

जीवन के वे कठिनतम दिन हफ्ते, महीने और साल बनते चले गए, मेहदी हसन ने रियाज करना कभी न छोड़ा। दस साल इस तरह रियाज करते बीते तब जाकर 1957 में उन्हें रेडियो पर ठुमरी गाने का मौका हासिल हुआ। रेडियो पर पहली परफॉर्मेंस हो गई तब जाकर सालों बाद उन्हें अपने जैसे लोगों-संगीतकारों के साथ रहने को मिला। उन्होंने पाया कि पार्टीशन के बाद कला-संगीत को प्रश्रय देने वालों की तादाद लगभग समाप्त हो गई थी, जो भी बड़े गवैये और साजिंदे बचे थे, वे जस-तस अपना समय काट रहे थे। सत्ता की भी उनमें कोई दिलचस्पी न थी।

पच्चीस साल के अभ्यास में अपने जीवन का सबसे सुंदर समय लगा चुके मेहदी हसन इस नैराश्य को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इस बीच उन्होंने संगीत के साथ-साथ कविता की भी गहरी समझ पैदा कर ली थी। बड़े उस्तादों की सैकड़ों गजलें उन्हें कंठस्थ थीं, जिनके शेरों को वे अक्सर दोस्तों के साथ अपनी बातचीत में इस्तेमाल किया करते थे। जिस रोज उस्ताद मेहदी हसन खान ने विशुद्ध क्लासिकल छोड़ गजल गायकी को अपना इलाका बनाने का अंतिम फैसला लिया होगा कायनात उस दिन खुश होकर नाची भी होगी।

यह शायरी के साथ उनकी गहरी शनासाई थी कि उन्होंने मीर, गालिब और फैज जैसे कविता के खलीफाओं को भी गाया और फरहत शहजाद, सलीम गिलानी और परवीन शाकिर जैसे अपेक्षाकृत नए नामों को भी। यह मानव सभ्यता द्वारा ईजाद की गई दो कला-विधाओं के चरम का एक साथ आना था। मेहदी हसन के यहां सुरों ने तमाम गजलों को नए मानी बख्शे और रदीफ-काफियों ने नई पोशाकें पहनीं। उनकी गायकी के बारे में कुछ कहना वैसा ही है जैसे पानी के बारे में बात करना। पानी और उसके तमाम नामों को सब जानते हैं। मेहदी हसन के पास बेहद लंबे और कभी न थकने वाले अभ्यास की मुलायम ताकत थी, जिसकी मदद से उन्होंने संगीत की अभेद्य चट्टानों के बीच से रास्ते निकाल दिए। पानी भी यही करता है।

# चीन की आर्थिक-कूटनीतिक दिशा पर नजर

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का थर्ड प्लेनम अभी दुनिया की चर्चा में है। उसकी सीमा से बाहर बैठे पॉलिसी मेकर्स की भी खासी दिलचस्पी है। अभी वहां बेरोजगारी सामान्य से ज्यादा है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्वी चीन सागर और दक्षिणी चीन सागर के अलावा भारत-चीन सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। ऐसे में आगे की आर्थिक कूटनीतिक दिशा को लेकर चीन पर सबकी नजर है।



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है।

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है। हालांकि इस बार इस कदमताल में इतनी देरी हो चुकी है कि और बातों से पहले यह विलंब ही दुनिया के लिए चकल्लस की चीज बन गया। कायदे से इसे अक्टूबर 2023 में हो जाना चाहिए था, लेकिन किसी न किसी बहाने टलते-टलते यह अपने तय समय से दस महीने बाद आयोजित हो पा रहा है। घड़ी की तरह चलने वाले चीनी पॉलिटिकल कैलेंडर को ध्यान में रखें तो यह देरी इतनी अटपटी है कि ढांचे के स्तर पर कुछ दिक्कतें पैदा हो जाने की अटकल भी कोई दूर की कौड़ी नहीं लग रही।

2023 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 19 ट्रिलियन डॉलर के करीब की उसकी विशाल अर्थव्यवस्था के लिए बुरी नहीं कही जाएगी, लेकिन जितनी ऊंची जीडीपी हम वहां देखते आए हैं, उसे देखते हुए यह काफी कम है। रीयल एस्टेट और एक्सपोर्ट का हाल बुरा बताया जा रहा है और उपभोक्ता सामानों का बाजार ठहरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या निवेश के स्तर पर देखी जा रही है। रोजगार पर आएं तो चीन की शहरी नौकरियों में 80 फीसदी निजी क्षेत्र से ही आती हैं। जाहिर है, प्राइवेट सेक्टर में निवेश का न आना वहां नए काम-धंधों और सेलरी ग्रोथ के आंकड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। इस सिलसिले की शुरुआत को सीधे तौर पर कोरोना की बंदी से ही जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसमें कुछ भूमिका शी चिनफिंग की नीतियों की भी रही है।

दरअसल पिछले कुछ साल चीन में सस्ते कर्जे के दम पर खड़े हुए बहुत सारे धंधों के खिलाफ हर तरह की सख्ती के रहे हैं, जिसके बीच में आई कोरोना की महामारी ने इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाने दिया कि यह वहां एक नदी की धारा बदलने जैसा है। शी चिनफिंग के तौर-तरीकों में सफाई नहीं दिखती, लेकिन उनका नीतिगत नजरिया मोटे तौर पर साफ ही कहा जाएगा। नए चीन के प्रतीक पुरुष तंग श्याओफिंग की घोषित नीति थी- 'बिल्ली जब तक चूहे पकड़ती है तब तक इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह काली है या सफेद।' तात्पर्य यह कि देश में समृद्धि आए, लोगों में खुशहाली की उम्मीद जगे तो इसकी ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए कि कौन से तरीके इसके लिए अपनाने पड़ रहे हैं, लेकिन इस नीति पर चलते हुए 2015 आते-आते हाल ऐसा हो गया कि दोहरी कमाई वाले एक शहरी मिडल क्लास परिवार के लिए भी अपने अकेले बच्चे को ठीक-ठाक शिक्षा दिलाना और उसके संतोषजनक करिअर के बारे में सोचना काफी कठिन हो गया। एडवांस्ड सोशलिस्ट इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप के अखबारों में सबसे ज्यादा आक्रोश तकनीकी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए जा रहे चीनी निवेश को लेकर है, जो पूरब और पश्चिम की होड़ में पिछले पांच सौ वर्षों में पहली बार पूरब का पलड़ा भारी करने वाला साबित हो रहा है।

तंग श्याओफिंग सन् 2050 तक चीन में किसी तरह का लोकतांत्रिक समाज बना लेने की बात करते थे। इस तरह का कोई दिशा संकेत जब पार्टी कांग्रेसों में ही नहीं दिख रहा, लेकिन प्राइवेट सेक्टर और विदेशी पूंजी के लिए कानून और प्रशासन के स्तर पर आसानी पैदा करने के कुछ सुराग इसमें जरूर नजर आते हैं। अपनी राजनीतिक व्यवस्था को गोर्बाचेव के रूस वाली राह पर नहीं जाने देना है और औद्योगिक विकास को जापान की तरह अमेरिका का स्थायी पिछलग्गू नहीं बनने देना है, ये दो खूंटे इस प्लेनम के परिपत्र में साफ झलकते हैं। पश्चिमी हमले की जद में आने के क्रम में चीनी सत्ता यूक्रेन की लड़ाई को अपने लिए सांस लेने के मौके की तरह देख रही है और अर्थव्यवस्था की अड़चनों से जूझने के लिए आक्रामक राष्ट्रवाद को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की दृष्टि परिपत्र की भाषा में दिखाई पड़ रही है।

## सोशल फोरम

# शिक्षा का उद्देश्य

मनुष्यों में कुछ ऐसी बातें हैं, जो प्रायः सबमें पाई जाती हैं और कुछ ऐसी हैं जो खास-खास में ही पाई जाती हैं। मनुष्य सामान्यता और विशिष्टता का मेल है। कुछ गुण उनमें ऐसे होते हैं, जो सबमें पाए जाते हैं और कुछ गुण ऐसे होते हैं, जो केवल उन्हीं में पाए जाते हैं। शिक्षा अगर मनुष्य के अंतर्निहित गुणों का विकास है तो उनके सामान्य और विशिष्ट दोनों गुणों के विकास की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी की शिक्षा में क्या है? एक ही तरह का पाठ्यक्रम बनाकर रख दिया जाता है, जिसे विभिन्न प्रकार के लाखों बच्चों को पढ़ना पड़ता है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का।

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का। कुछ बच्चे गणित नहीं पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा, वरना अत्यंत मेधावी होते हुए भी वह फेल कर दिया जाएगा। जब ऐसा बच्चा फेल करेगा और भुसगोलाचार्य पास तो उस मेधावी बच्चे पर क्या असर होगा? वह या तो बदमाशी करेगा या पढ़ाई के प्रति उदासीन हो जाएगा या मानसिक रूप से रुग्ण होगा। कुछ न कुछ अशुभ ही होगा। क्या इसीलिए स्कूल और कॉलेज खुले हैं कि मनुष्य के भीतर छिपी बीमारियों को उभारा जाए?

निर्धारित पाठ्यक्रम मुट्ठी भर विद्यार्थियों के लिए आंशिक रूप से उपयोगी है। जितना उससे फायदा नहीं है, उससे अधिक नुकसान है। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई गुण छिपा होता है, उसकी पहचान कर उसका विकास करना शिक्षा का काम है, जो हमारी शिक्षा नहीं कर रही है। -फेसबुक वॉल से

# जनता सब जानती है

विधानसभा के उपचुनाव आसन्न हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने जाने पहचाने तेवर में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी की परवाह करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे अपने स्वभाव के प्रतिकूल इन दिनों पार्टी के भीतर बढ़ते असहज तनाव को झेल रहे हैं, उनके समर्थक निराश हो रहे हैं। मौजूदा हालात में योगी का कोई विकल्प नहीं है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

यह दोनों उप मुख्यमंत्रियों और आलाकमान को भी समझ लेना चाहिए। यदि वे सचमुच समझ नहीं पा रहे। यही जनता की आवाज है। इस समय योगी को फ्री हैंड दे दीजिए। आम जनता चाहती है कि योगी को फ्री हैंड मिले और वे खुलकर अपनी रणनीति पर जुट जाएं। योगी सतही राजनीतिक दुरभिसंधियां रचने वाले नेता नहीं हैं। उनका साफ सुथरा, ईमानदार और कठोर फैसलों के लिए जाना गया दृढ़ व्यक्तित्व है। किंतु आम जनता/मतदाता को यह लग रहा है कि उन्हें स्वच्छंदता के साथ काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कमजोर बनाने का षडयंत्र चलने की प्रतीति सी हो रही है। यह प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा के लिए ठीक नहीं है। भाजपा के कई नेतागण जिन्हें विगत सामान्य निर्वाचन में अपने विधानसभाई या लोकसभाई क्षेत्रों मे शर्मनाक हार मिली है, खुद अपनी जिम्मेदारी न मानकर एक ढाल की तरह अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। इसलिए भी आगामी विधानसभा चुनावों में उनका टिकट महफूज रहे। मगर याद रहे, जनता सब जानती है। जनता में यह सीधा संदेश जा रहा है कि योगी का साथ उनके सहयोगी ही नहीं दे रहे हैं। अब उन्हें चाहिए कि आगामी उपचुनावों के पहले सरकार के भीतरघातियों, खासकर मंत्रियों को चलता करें। सीधे इस्तीफा मांगे। फ्यूज हो चुके मंत्रियों की जवाबदेही ही नहीं उनसे इस्तीफे लिए जाएं। इससे जातीय समीकरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और फिर उसी समुदाय के दूसरे तेज तर्रार जन प्रतिनिधियों को आगे क्यों न लाया जाए? प्राथमिकताआओं की सूची में तत्काल मजबूत जनाधार वाले जन प्रतिनिधियों को चिह्नित कर आगे लाया जाए और फिर चुनाव की पूरी ताकत से तैयारी हो।

योगी पर लगातार पड़ रहे अनावश्यक तनाव को देखकर उनके हितैषी यह तक सोच रहे हैं कि यदि स्थितियां उनके मनसा वाचा कर्मणा जन्य प्रयासों से नहीं संभलती तो उपचुनाव के लिए तैयारियों के बजाय वे कुछ समय गोरखनाथ मठ में तप के लिए चले जाएं। सब को अपनी हैसियत समझ में आ जाएगी। सारी दादुर धुनें शांत हो जाएंगी और फिर आकर भाजपा की नैया को किनारा दें। मोदी योगी के नाम पर सत्ता सुख भोग रहे नेताओं को आखिर कब सबक मिलेगा? कब तक जनता इनका बोझ अपने कंधे पर उठाए रहेगी? वे अपने को नकारा साबित कर चुके, पूरे फिसड्डी हैं, जबकि विपक्ष के नेतागण इन दिनों आत्मबल से लबरेज हैं। मिलजुल कर सधी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भाजपा के वोटबैंक में सेंध काट रहे हैं और प्रदेश के मंत्रीगण बयानबाजी और पैतरेबाजी में लगे हुए हैं।

# धर्म और ईश्वर

वैदिक काल में सबकी आदतें, सबके रस्म-रिवाज और सबके धर्म एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। अचरज तो यह रहा कि विशाल जनता ने, अधिकांश ने, उन बातों को अपना लिया जो बातें द्रविड़-समाज में भी प्रचलित थीं अथवा जो रिवाज अन्य आर्येतर जातियों के लोगों में चले आ रहे थे। हिन्दू-धर्म और हिन्दू-संस्कृति का आज जो रूप है, उसके भीतर बहुत-सी रीतियां और बहुत-से अनुष्ठान ऐसे हैं, जिनका उल्लेख वेदों में नहीं मिलता। साफ है उनका विकास आर्यों के आने के बाद आर्य और आर्येतर, दोनों संस्कृतियों के मेल से हुआ है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी का तो यहां तक कहना है कि हिन्दू-संस्कृति के आधे से अधिक उपादान आर्येतर संस्कृतियों से आए हैं। शैव धर्म को ही ले। शैव धर्म अपने मूल में, प्राग्वैदिक धर्म है, यह अनुमान इससे भी बल प्राप्त करता है कि पुराणों में सर्वत्र शंकर असुरों के पक्षपाती बताए गए हैं। वाणासुर के समान रावण को भी शंकर का वर प्राप्त था। प्रायः सारे के सारे दैत्य पुराणों में शैव दिखाए गए हैं। इस परंपरा का सबसे युक्तियुक्त अर्थ यही हो सकता है कि शंकर आर्येतर देवता थे और आर्य ऋषियों ने उन्हें स्वीकार किया। दक्षिण भारत में शिव तथा उमा के साथ उनके पूरे परिवार की, कार्तिकेय और गणेश दोनों भाईयों की पूजा भी बड़े ही उत्साह से की जाती है। द्रविड़ों के यहां यौवन, युद्ध और वीरता के देव मुरुकन है।

डॉ.भंडारकर के अनुसार प्राचीन काल में वैष्णव धर्म, मुख्यतः तीन तत्वों से उत्पन्न हुआ था। पहला तत्व तो यह विष्णु नाम ही है, जिसका वेद में उल्लेख, सूर्य के अर्थ में मिलता है। दूसरा तत्व नारायण-धर्म का है, जिसका विवरण महाभारत के शांतिपूर्व के नारायणीय उपाख्यान में है और तीसरा तत्व वासुदेव मत का है, जो वासुदेव नामक ऐतिहासिक पुरुष के इर्द-गिर्द विकसित हुआ था। इन तीन तत्वों ने एक होकर वैष्णव धर्म को उत्पन्न किया, लेकिन उसमें कृष्ण के ग्वाल रूप की कल्पना और राधा के साथ उनके प्रेम की कथा बाद में आई और ये कथाएं, शायद आर्येतर जातियों में प्रचलित थीं। बहुत प्राचीन काल में नर नामक अपने मित्र के साथ नारायण ऋषि बदरी नाथ में रहते थे और नारद उन दोनों की सेवा करते थे। इसी कारण बदरीनाथ को नारदीय क्षेत्र भी कहते है। नारद ने यहीं पांचरात्र-मार्ग का प्रवर्तन किया, जिसके आराध्य नारायण ऋषि थे। यही मार्ग विकसित होकर वैष्णव धर्म हुआ, जिसमें वासुदेव और संकर्षण, लक्ष्मी और नारायण, राम और सीता, कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है।

# पांच वाहन सीज किए, 1.87 लाख प्रशमन शुल्क वसूला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एआरटीओ ने अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों पर की सख्ती

**अमृत विचार :** ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए शुक्रवार को एआरटीओ वीरेंद्र सिंह की ओर से बरेली और सितारगंज मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान माल वाहनों में ले जाए जा रहे माल के वजन का मिलान वाहन के प्रपत्रों से किया गया। एक वाहन क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते हुए पाई गई। जिसके विरुद्ध सीजर की कार्रवाई की गई।

इसके अलावा मानक से अधिक बड़ी साइज में बनाई गई ट्रालियों से खनन संबंधी माल का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ट्रालियों की भी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो ट्रैक्टर ट्राली खनन संबंधी माल का परिवहन करते हुए गई है। यह दोनों ट्रैक्टर कृषि कार्य हेतु पंजीकृत थे, लेकिन व्यावसायिक वाहन के रूप में संचालित किए जा रहे थे।

दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को ललौरीखेड़ा पुलिस चौकी पर सीज कर खड़ा करा दिया गया। इन दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों पर 60-60 हजार रुपये प्रशमन शुल्क प्रशमित किया गया। चेकिंग के दौरान एक स्कूल बस एवं एक अन्य वाहन फिटनेस समाप्त होने के बावजूद मार्ग पर संचालित पाई गई। इसको भी सीज किया गया।

# किसानों ने ठान लिया अब चंदे से कराएंगे नाले की सफाई

संवाददाता, दियोरियाकलां

- आठ साल से खारजा नाले की सफाई नहीं होने से खेतों में गंदा पानी पहुंचने से बढ़ी मुसीबत
- किसानों का आरोप, शिकायत करने पर जिम्मेदारों ने एक दूसरे पर टालकर झाड़ा पल्ला

**अमृत विचारः** एक तरफ बारिश के बाद आई बाढ़ से पहले ही किसान फसल का नुकसान होने से बेहाल हैं। उस पर अब खारजा नाले का गंदा पानी खेतों में भर रहा है, जिससे और मुसीबत बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि कई बार जिम्मेदारों से गुहार लगाई गई लेकिन किसी ने नहीं सुनी। अब किसान खुद ही चंदा करके इसकी सफाई कराने का मन बना रहे हैं।

दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र में दियोराजपुर से रंभोजा माला नदी तक 800 मीटर तक खारजा नाला गुजर रहा है। किसानों का कहना है कि इसकी करीब आठ साल से सफाई नहीं हो रही है। इससे निकलने वाला गंदा पानी खेतों से निकलने जमा होने लगा है। खेतों में खड़ी फसलें पानी में डूबने से बर्बाद हो रही है। नाले की सफाई को लेकर ग्राम प्रधान, बीडीओ, तहसीलदार, एसडीएम और जिलाधिकारी तक शिकायतें की। जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई के लिए नहर विभाग को ग्रामीणों का प्रार्थना पत्र देकर समाधान के निर्देश दिए। बावजूद जिम्मेदारों ने सुध नहीं ली। ग्रामीणों ने पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर गुहार लगाई है। उनका कहना है कि इस खारजा नाले में पीटीआर के जंगल, रहमानगंज से बारिश का पानी पहुंचता है। नाला बंद होने से खेतों में जलभराव है। पूर्व ग्राम प्रधान जगपाल वर्मा ने नाला सफाई का जिम्मा लिया था, बाद में उन्होंने भी हाथ खड़े कर दिए। अगर, प्रधान सहयोग करें तो किसान आपस में चंदा कर नाला सफाई करा लें।



दियोराजपुर से गुजरता खारजा नाला। ● अमृत विचार



यह नाला बारिश के पानी निकास के लिए चकबंदी के नक्शे में 328 नंबर पूरब से पश्चिम की ओर जाता है। खारजा नाला गांव के पास से होकर नदी में गिरता है। सफाई के अभाव में यह नाला बंद हो गया है। करीब दो हजार बीघा जमीन की फसलें प्रभावित हो रही है। **-नन्हेलाल**, दियोराजपुर साधन सहकारी समिति



खारजा नाला की सफाई नहीं होने से बारिश का पानी खेतों में भरा हुआ है। गन्ना और धान की फसलें जलमग्न होने से बर्बाद हो गई है। सफाई कराने को लेकर ग्राम प्रधान से कहा गया लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया। किसान बर्बादी के कगार पर हैं।
**- नेवाराम**, ग्राम दियोराजपुर



आठ साल से नाले की सफाई नहीं हुई है। बारिश का पानी खेतों में भरा है। तमाम अधिकारियों से किसानों ने जेसीबी मशीन से नाला सफाई की गुहार लगाई है। अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। सभी ग्रामीण खुद नाला सफाई अभियान में आर्थिक सहयोग करने को तैयार हैं।
**- मुन्नालाल**, दियोराजपुर

## एक नजर

### युवती चोरी कर ले गई जेवर, दी तहरीर

**गजरौला :** थाना क्षेत्र के अजीतपुर मुस्तकिल के रहने वाले धर्मेंद्र पुत्र झंकार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 जून की दोपहर करीब ढाई बजे गांव की एक युवती घर आई। वह पहले भी आती जाती रही है। घर में रखे कमरे में पहुंचकर सोने का हार, नेकलेस,पैंडल आदि जेवर चोरी कर लिए। कुछ समय बाद इसकी जानकारी मिली। आरोप है कि युवती ने जेवर चोरी करके अपनी भाभी को दे दिया। जब भाभी से रुपये मांगे तो उन्होंने धमकाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर में घुसकर मारपीट मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली के फैजान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले के राज मिर्जा से उसका काफी समय पहले विवाद हुआ था। जिसके चलते वह उससे रंजिश रखता था। आरोप है कि 18 जुलाई को पुरानी रंजिश में उसने गाली गलौज की। इतना ही नहीं विरोध करने पर आरोप ने मारपीट की। घर में घुसकर हमला कर आरोपी पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# आपराधिक गतिविधियों पर रोक सीमा पर आने वालों की हो जांच

## मंडलायुक्त और आईजी की अध्यक्षता में हुई टास्कफोर्स की बैठक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बैठक में मौजूद मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और आईजी डा. राकेश सिंह आदि।

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और आईजी डा. राकेश सिंह की अध्यक्षता में भारत-नेपाल सीमा के प्रभावी प्रबन्धन एवं सीमा पर अवैधानिक गतिविधियों के प्रभावी नियंत्रण के लिए गांधी सभागार में परिक्षेत्र स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक हुई। जिसमें मंडलायुक्त ने बार्डर एरिया के क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए दोनों देशों की सीमा सुरक्षा बल, पुलिस/प्रशासनिक सहित अन्य अधिकारियों के साथ संयुक्त पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिये।

आईजी ने पूरनपुर और कलीनगर एसडीएम समेत आईबी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नेपाल राष्ट्र के सीडीओ और पुलिस अधीक्षक से सम्पर्क कर बार्डर एरिया में जो भी गतिविधियों हो रही हो, उन पर चर्चा करें और गतिविधियों पर रोक लगाये। उन्होंने कहा कि बार्डर एरिया के धार्मिक स्थलों का निरीक्षण करें, उनकी सूची तैयार कर लें तथा उनकी नियमित निगरानी की जाये, यदि कहीं पर धार्मिक गतिविधियों कटरवादी का प्रभाव पाया जाये तो तत्काल कार्यवाही की जाये और उससे उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया जाये।

उन्होंने एसपी को निर्देश दिये कि बार्डर एरिया के गांवों में कैम्प लगाते हुए ग्रामीणों से बार्डर ऐरिया में हो गतिविधियों के सम्बन्ध में भी जानकारी लें। इसके अलावा जाली मुद्रा और वनों के अवैध कटान व वन्य जीव अपराध के संबंध में जानकारी ली। एसएसबी कमाडेंट को नोमेंस लैण्ड एरिया में खेती करने वालों पर रोक लगाने के निर्देश और बार्डर एरिया में पिलर के सम्बन्ध में भी जानकारी लीई। एसएसबी कमाडेंट ने बताया गया कि बहुत से पिलर जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं। बैठक में डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी एसपी अविनाश पाण्डेय, डीएफओ मनीष सिंह, सीडीओ, एडीएम ऋतु पूनिया, एएसपी विक्रम दहिया समेत कई अफसर मौजूद रहे।

# फल व्यापारी से मारपीट करने वालों पर एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के नींबू मंडी में फल विक्रेता से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला देशनगर के राजू ने तहरीर देकर बताया कि वह मोहल्ला गोपाल सिंह में नींबू वाली गली के पास फल का ठेला लगाते हैं। गुरुवार शाम साढ़े सात बजे मोहल्ला सराय खां का रिजवान और इरशाद फल खरीदने आए।

आरोप है कि फल के दाम को लेकर दोनों लोग उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध पर मारपीट की गई। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई। आरोपी के अन्य साथी उस्मान,नईम व चार- पांच अज्ञात लोग लाठी डंडे व तमंचे लेकर आ गए। जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर किया जो मिस हो गया। भीड़ बढ़ने पर आरोपी तमंचा लहराते हुए धमकी देकर भाग गए। झगड़े में उसके पुत्र के भी चोट आई। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# समस्याओं को लेकर सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

- सिंचाई विभाग में ड्राइंग संवर्ग के कार्मिकों की सेवा संबंधी समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग

**अमृत विचारः** सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टॉफ एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री आदि को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में ड्राइंग संवर्ग के कार्मिकों की वर्षों से लंबित सेवा संबंधी समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की गई।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार के नेतृत्व में सिंचाई विभाग के तमाम कर्मचारी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री, सिंचाई मंत्री एवं मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के ड्राइंग संवर्ग के कर्मचारी शासन की कल्याणकारी नीतियों के अनुरूप पूरी निष्ठा के साथ सिंचाई एवं बाढ़ परियोजनाओं का कार्य करते हैं। विभाग के सभी तकनीकी कार्यों के परीक्षण तथा विभागीय मानकों एवं गुणवत्ता को सुनिश्चित कराने के लिए ड्राइंग संवर्ग के कर्मचारी कर्तव्य एवं दायित्वों का अनुपालन करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहते है, लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि ड्राइंग संवर्ग की सेवा संबंधी समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया।

फलस्वरूप समय के साथ छोटी-छोटी सेवा संबंधी समस्यायें आज विकराल रूप में खड़ी हो गई है। जिस कारण संवर्ग से संबंधित कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान है। समस्याओं को लेकर पूर्व में ज्ञापन सौंपे गए। गत वर्ष 21 सितंबर को लखनऊ में पैदल मार्च के दौरान विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया, लेकिन , लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया।

ज्ञापन में ड्राइंग संवर्ग की 12 सूत्रीय मांगों को निस्तारण कराने की मांग की गई। ज्ञापन में चेतावनी भी दी गई कि यदि समाधान नहीं होता है तो अगले वित्तीय एवं तृतीय चरण में आंदोलन को और तेजी प्रदान की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में मोहम्मद आसिम, मुनेश्वर राम, संदीप कुमार, सदाकत उल्ला खां, हरिओम चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी को घेरकर पीटा

संवाददाता, बरखेड़ा

- पुलिस ने दर्ज की चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचारः** लोकल फाल्ट ठीक करने जा रहे पावर कारपोरेशन के संविदा लाइनमैन को हमला करके घायल कर दिया गया। आरोप है कि रात में तहरीर देने गए पीड़ित को पुलिस ने टरका दिया। दूसरे दिन एसडीओ और अवर अभियंता के साथ पहुंचकर मामले की तहरीर दी। जिसके बाद चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के गांव पौटाकलां के रहने वाले बदरुल हसन ने बताया कि वह पावर कॉरपोरेशन के रामलीला विद्युत उपकेंद्र ग्रामीण पर संविदा लाइनमैन के पद पर कार्यरत है। गुरुवार रात करीब 11 बजे बस स्टैंड के पास लोकल फाल्ट हो गया था, जिसे ठीक करने जा रहे थे। इयस बीच गांव के ही ग़ालिब, कश्मीरा, अहमद नबी और जुनैद ने रोक गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला करके मारपीट की गई। किसी तरह भागकर खुद को बचाया। पावर कारपोरेशन के अधिकारियों को दी। एसडीओ मोहित गुप्ता, अवर अभियंता सुनील कुमार के साथ शुक्रवार सुबह बरखेड़ा थाने पहुंचकर तहरीर दी। ये भी बताया कि चार दिन पूर्व गांव में दो विद्युत ट्रांसफार्मर बदले गए थे। आरोपियों का कहना था कि हम लोग प्रधान के परिवार के हैं फिर भी हम लोगों के कहने से विद्युत ट्रांसफार्मर न बदलकर गांव के दूसरे व्यक्ति के कहने पर इन्हें बदलवाया गया है।इसी बात से रंजिश मान रहे थे। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

# पौधरोपण कर लोगों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज के प्रदेश संगठन के आह्वाहन और जिलाध्यक्ष के निर्देश पर शुक्रवार को समस्त सफाई कर्मचारियों ने अपनी तैनाती वाले ग्राम में पहुंचकर पौधे रोपित किए। अमरिया की ग्राम पंचायत सरदार नगर में जिला सांस्कृतिक मंत्री मोहम्मद हाशिम, ग्राम प्रधान पति मोहम्मद हनीफ ने पौधे लगाए। दूसरों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया।

# अब नहीं पड़ेगा भटकना, ओपीडी बंद होने पर भी सीएचसी में लगेगी एआरवी की डोज

संवाददाता, पूरनपुर

- आपातकाल के लिए इमरजेंसी में रखी गईं वायल
- मरीजों के निराश होकर लौटने पर दी गई सुविधा

**अमृत विचारः** सीएचसी में अभी तक ओपीडी के दौरान ही एआरवी की डोज मरीजों को लगाई जाती थी। अस्पताल बंद होने के बाद उन्हें बैरंग लौटा दिया जाता था। मगर, अब अस्पताल बंद होने के बाद भी इमरजेंसी कक्ष में मरीज को वैक्सीन लगाई जा सकेगी। इसके लिए अतिरिक्त वायल रखवाई गई हैं।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए रोजाना दर्जनों लोग पहुंचते हैं। विभाग की माने तो पूरे जनपद में सर्वाधिक एंटी रेबीज की डोज पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही लगाई जाती हैं।

अस्पताल खुलने से पहले ही कक्ष के बाहर मरीजों की लाइन लग जाती है। दो बजे अस्पताल बंद होने के साथ ही वैक्सीन लगानी बंद कर दी जाती है। ओपीडी बंद होने के बावजूद मरीजों के अस्पताल पहुंचने के क्रम जारी रहता है। इससे कई मरीज एआरवी लगवाने से वंचित रह जाते हैं। उनको मायूस होकर लौटना पड़ता था। वैक्सीन लगने का क्रम भी टूट जाता है। मरीजों की समस्या को ध्यान में रखते हुए नवागत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने सहूलियत दी है। ओपीडी बंद होने के बाद एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचने वाले मरीजों को निराश नहीं लौटाया जाएगा।

इमरजेंसी कक्ष में उन्हें यह डोज लगाई जाएगी। सीएचसी अधीक्षक डा. आलमगीर ने बताया कि एक वायल में करीब छह मरीजों को डोज लगाई जाती है। पर्याप्त मरीज होने पर आवश्यकतानुसार डोज लगाई जाएगी। ओपीडी बंद होने के बाद भी मरीज को वापस नहीं लौटना पड़ेगा।




पूरनपुर सीएचसी।

# शेरपुर में प्रधान पद के लिए पहले दिन खरीदे सात आवेदन

संवाददाता, पूरनपुर

- बीडीसी के तीन और सदस्य का एक आवेदन पत्र बिका

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत के उपचुनाव काफी दिलचस्प होने वाले हैं। पहले दिन यानी शुक्रवार को प्रधान के एक पद के लिए सात, बीडीसी के तीन पर्चे आवदेकों ने खरीदे। जबकि ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए मात्र एक आवेदन पत्र खरीदा गया है।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां में ग्राम प्रधान अंजुम बेगम की मृत्यु होने पर प्रधान पद काफी समय से रिक्त चल रहा था। जिलाधिकारी की आरे से ग्राम पंचायत सदस्य जावेद को कार्यवाहक प्रधान बनाया गया था। इसके अलावा वार्ड नं 190 और 202 के क्षेत्र पंचायत सदस्य पद खाली हैं। सभी खाली पदों के लिए ग्राम पंचायत में छह अगस्त को उप चुनाव होंगे। शुक्रवार को ब्लॉक में नामांकन पत्र बिक्री किए गए। पहले दिन शेरपुर कलां ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए सात संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। बीडीसी के लिए तीन नामांकन पत्र खरीदे गए और 15 ग्राम पंचायत में 17 खाली पदों के लिए महज एक आवेदन पत्र खरीदा गया।

ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में पहले दिन आधा दर्जन से अधिक नामांकन पत्र खरीदे जाने से चुनाव के दिलचस्प होने के कयास लगाए जा रहे हैं। यहां संभावित प्रत्याशियों ने मतदाताओं को लुभाना भी शुरू कर दिया है। 22 जुलाई तक नामांकन पत्र बिक्री किए जाएंगे। उसके बाद नामांकन वापसी के बाद 6 अगस्त को चुनाव होगा। आठ अगस्त को उपचुनाव की मतगणना होगी।

# ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बीसलपुर



प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- एसडीओ को बताई समस्या, जल्द समाधन की मांग

**अमृत विचारः** ट्रांसफार्मर फुंकने के चौबीस घंटे बाद भी सुधार न होने पर ग्रामीण गुस्साए और विरोध प्रदर्शन किया। उपखंड कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करने के साथ ही घेराव कर एसडीओ को समस्या बताकर जल्द समाधान की मांग की गई।

क्षेत्र के ग्राम महादेवा में ओवरलोड के चलते गुरुवार को ट्रांसफार्मर फुंक गया था। जिससे पूरे गांव की आपूर्ति ठप हो गई। शिकायत करने के बाद भी पावर कारपोरेशन के जिम्मेदारों ने सुध नहीं ली। युवा विकास संगठन के अध्यक्ष नितिन पाठक, अनीस आलम की अगुवाई में ग्रामीण शुक्रवार को विद्युत उपखंड कार्यालय परिसर में पहुंचे और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। एसडीओ रामानुज गुप्ता का घेराव करते हुए अपनी बात रखी। उनका कहना था कि पिछले 15 दिनों से गांव की विद्युत आपूर्ति बदहाल है। एक दिन पहले ट्रांसफार्मर फुंक गया।

सूचना देने के बाद भी कोई मौके पर सुधार करने नहीं पहुंचा। आरोप है कि कर्मचारी आपूर्ति चालू करने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग करते हैं। एसडीओ ने आश्वासन दिया कि आपूर्ति को शीघ्र सुचारु कर दिया जाएगा।

प्रदर्शन करने वालों में भूरा, इश्तियाक, तस्लीम, गुड्डु, अशरफ, खालिद हनीफ, तस्लीम मंसूरी, आसिफ अंसारी, जाने आलम अनीश आदि थे। उधर, सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आफताब आलम ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र भेज कर मामले की शिकायत की है।

## 24 घंटे में दो बार फुंका ट्रांसफार्मर

**पूरनपुर, अमृत विचारः** गुरुवार रात ब्लॉक रोड पर बिजली घर के पास रखा 630 केवीए का ट्रांसफार्मर तेज धमाके साथ फुंक गया। इससे गणेशगंज, चिश्ती वाली गली, सीमेंट रोड और मेन मार्केट के उपभोक्ताओं के घरों की आपूर्ति गुल हो गई। भीषण गर्मी में लगभग पांच घंटे तक बिजली गुल रहने से उपभोक्ता परेशान रहे। उपभोक्ताओं ने बिजली घर पहुंचकर अफसरों से व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। जिसके बाद रात में दूसरा ट्रांसफार्मर रखकर शुक्रवार सुबह तड़के सप्लाई चालू की गई। तब कहीं उपभोक्ताओं को राहत मिली।

इधर, बताया जाता है कि शाम को करीब पांच बजे 630 केवीए ट्रांसफार्मर फिर से फुंक गया। इससे उपभोक्ताओं के सब्र का बांध टूट गया। प्रयास के बावजूद बिजली कर्मचारी दोबारा आपूर्ति शुरू नहीं कर सके। 630 केवीए का लोड कम करने के लिए स्टेशन रोड पर नया ट्रांसफार्मर रखने की कवायद शुरू की गई। सड़क के किनारे ट्रांसफार्मर रखने के लिए खंभा लगने का दुकानदारों ने विरोध किया। जानकारी लगते ही एसडीओ और जेई सहित कोतवाली पुलिस पहुंच गई और दुकानदारों को समझाया। जेई कुलदीप ने बताया कि ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर बार-बार फूंक रहा है। उसका भर काम करने के लिए नया ट्रांसफार्मर रखा जा रहा है। जल्द ही उपभोक्ताओं की समस्या दूर होगी।

# आज झंडी यात्रा निकलेगी, 21 को महायज्ञ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



काशीराम कॉलोनी में गुरु पूर्णिमा दरबार को लेकर की गई भव्य सजावट।

- गुरु देव नीम करौली महाराज का चतुर्थ महोत्सव का भव्य आयोजन

**अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में श्री बालागुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में श्री बालाजी संकीर्तन दरबार काशीराम कॉलोनी की ओर से बाबा नीम करौली का चतुर्थ महोत्सव महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसमें आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में हर सालन की तरह श्रद्धालु शामिल होंगे। इसको लेकर तैयारियां पूरी है।

श्री बाला जी संकीतृन दरबार के महंत सेवक विशाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी बाबा नीम करौली का भव्य दरबार का आयोजन किया जा रहा है। दरबार की ओर से यह कार्यक्रम दो दिन तक चलेगा। पहले दिन 20 जुलाई को बाबा की झंडी यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली जाएगी। यह झंडी यात्रा सुबह 10 बजे काशीराम कॉलोनी ईदगाह से शुरु होगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहेंगे।

यह झंडी यात्रा कॉलोनी भ्रमण करने के बाद रेलवे क्रासिंग, रोडवेज, एकता सरोवर होते हुए फिर से दरबार में आकर संपन्न होगी। इसके बाद शाम को पांच बजे बाबा का दरबार सजेगा। जहां बाबा नीम करौली और बालाजी महाराज के भजन का गुणगान किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई को दरबार में ही महायज्ञ का आयोजन होगा। यह यज्ञ दोपहर एक बजे शुरु होगा। इस यज्ञ में प्रत्येक श्रद्धालु अपने गोले लेकर पहुंचेगा। वह बाबा के महायज्ञ में आहूति देंगे। झंडी यात्रा में मनमोहक भगवान के स्वरुप में झांकियां भी शामिल रहेंगी। आयोजकों की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। इधर, शुक्रवार को भी देर शाम बाबा के नाम की जोत जलाई गई। जहां बाबा के भजनों का गुणगान किया गया।

# चंदिया हजारा में एक बार फिर घुसा बाढ़ का पानी

## बनबसा बैराज से पानी छोड़ने पर ग्रामीणों ने जागकर काटी पूरी रात

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** बनबसा बैराज से करीब डेढ़ लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने पर चंदिया हजारा गांव में फिर पानी घुस गया। घबराए ग्रामीण घरों से बाहर निकलकर सड़क पर पहुंच गए। दहशत के चलते ग्रामीण रात भर जागते रहे। सुबह पानी कम होने पर वह घरों को वापस लौटे।

बरसात के बाद से शारदा नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने पर जलस्तर और बढ़ जाता है। जिससे ग्रामीणों के सामने मुसीबत खड़ी हो जाती है।

गुरुवार रात बनबसा बैराज से डेढ़ लाख क्यूसेक से अधिक पानी शारदा नदी में छोड़ दिया गया। इससे गांव के निचले हिस्से में बने करीब डेढ़ सौ घरों में पानी घुस गया। इसके अलावा पास के खिरकिया बरगदिया गांव में बाढ़ का पानी पहुंच गया।

शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने पर ग्रामीण घबरा गए। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने सूचना मिलने के बाद ही गांव में अनाउंसमेंट कर दिया था जिससे ग्रामीण सतर्क हो गए थे। सैकड़ो ग्रामीण खाने पीने का सामान लेकर ऊंचे स्थान पर बनी सड़क पर पहुंच गए। बाढ़ के भय के चलते ग्रामीण रात भर जागते रहे।

सुबह नदी का जलस्तर कम होने पर पानी घरों से निकल गया। तब कहीं जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

पहाड़ों पर हो रही लगातार बरसात के चलते बनबसा बैराज से पानी छोड़ने का क्रम जारी है। शारदा नदी पहले से ही उफान पर है। बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसको लेकर ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।



बाढ़ का पानी गांव में घुसने पर घर छोड़ सुरक्षित स्थान पर पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

### डीएम साहब, मुआवजा छोड़िए..सर्वे करने भी नहीं आया कोई

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भाजपा नेता प्रशांत कुमार रवि ने डीएम को पत्र भेजा है।जिसमें बताया कि बीते दिनों आर्ठ बाढ़ से किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा। मुख्यमंत्री ने स्वयं पीलीभीत आकर फसलों के नुकसान का मुआवजा देने की घोषणा की। देवहा नदी के किनारे बसे चंदोई, खरुआ, सियाबाड़ी पट्टी, सैजना, मीरपुर, प्यास गौटिया, अमरगंज, शरीफगंज, ढकिया, नवादा, कनाकोर, उझैनिया, रंपुरा समेत कई गांव के किसान बाढ़ से प्रभावित हुए। मगर अभी तक उनकी फसलों के नुकसान का सर्वे करने तक कोई नहीं पहुंचा है। राजस्व विभाग से सर्वे कराकर पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का आग्रह किया है।



बाढ़ पीड़ितों को राहत किट का वितरण करते डीएम। ● अमृत विचार

### बाढ़ पीड़ितों को डीएम ने बांटी राशन किट

**कलीनगर :** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह शुक्रवार को कलीनगर क्षेत्र के ग्राम नौजल्हा नकटा में पहुंचे। यहां उन्होंने करीब 600 राहत किट बाढ़ पीड़ितों को वितरण की। उन्होंने प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनी और कहा बाढ़ से प्रभावित जिन लोगों के मकान ढहे व फसलों का नुकसान हुआ है। उनका सर्वे कराया जा रहा है। यह कार्य पूर्ण होने पर शीघ्र मुआवाजा दिया जाएगा। तहसील परिसर में पौधरोपण भी किया। एसडीएम कलीनगर आशुतोष गुप्ता ने बताया कि 80 राहत किट बंदर बोझ, 150 राहत किट मैनी गुलडिया, 170 राहत किट बूंदीभूड में वितरित की गई हैं।

## गोलमाल:125 राहत किट में से 50 का कर लिया गया बंदरबांट

**पीलीभीत :** अभी एक दिन पूर्व ही चंदिया हजारा के ग्राम प्रधान ने पूरनपुर एसडीएम से क्षेत्र में पूर्णतया बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री न मिलने की शिकायत की थी। अब दूसरा मामला ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र से सामने आया है। डाक से की गई शिकायत में 50 खाद्यान्न किटों की धांधली करने का आरोप लेखपाल व अन्य जिम्मेदारों पर लगाया गया है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में ग्राम ढकियानथा के रहने वाले ओमकार, मुन्नी देवी, चंद्रपाल, मनोज कुमार, शिवपाल, शेर सिंह, छत्रपाल, गौरव, महेंद्रपाल आदि के हस्ताक्षर हैं। जिसमें बताया है कि गांव में बीते दिनों बाढ़ आ गई थी। आरोप है कि राहत सामग्री किट का वितरण लेखपाल ने बिना सर्वे किए कर दिया है। अपात्रों को लाभान्वित करने का काम किया गया। आरोप लगाया कि 125 किटें प्राप्त हुई थी, जिनमें से 75 का वितरण किया और 50 किटों का बंदरबांट कर दिया गया है। कई घरों में जलभराव की स्थिति रही, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिल सका है। मामले की जिला स्तरीय अधिकारी से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## पीआरडी जवान के बेटे को पीटा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक पीआरडी जवान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह चंदिया हजारा चौकी पर तैनात है। छुट्टी पर वह घर आया हुआ है। काम के सिलसिले में वह घर से बाहर गया था। आरोप है कि पड़ोस के कुछ लोगों ने उनके घर में घुसकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की। उनके बेटे ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर दी। वह घायल हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी फरार हो गए। कारवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

**न्यायालय-जनपद न्यायाधीश, बरेली।**

लघुवाद निगरानी संख्या-37 सन 2023

गीता प्रसाद बनाम नगर निगम बरेली आदि

बनाम

1. मोहम्मद लतीफ पुत्र हाजी मोहम्मद शरीफ निवासी-अहाता डिप्टी खैरूद्दीन, कुमार टाकीज के पीछे बरेली केयर ऑफ मैसर्स आलीशान फर्नीचर्स, दुकान स्थित 54 सिविल लाइन्स, बरेली।
2. मोहम्मद सईद पुत्र हाजी मोहम्मद शरीफ निवासी अहाता डिप्टी खैरूद्दीन कुमार टाकीज के पीछे बरेली केयर ऑफ मैसर्स आलीशान फर्नीचर्स दुकान स्थित 54 सिविल लाइन्स, बरेली।
3. मैसर्स मार्डन ज्वैलर्स द्वारा प्रोपराइटर श्री सुबोध अग्रवाल 46 सिविल लाइन्स ओबराय आनन्द मार्केट, बरेली।

उपरोक्त लघुवाद निगरानी, निगरानीकर्ती ने प्रकीर्ण वाद सं.-08 सन 2023 नगर निगम बरेली बनाम मिस गीता प्रसाद आदि ने न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश बरेली द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांकित 20.10.2023 के विरूद्ध प्रस्तुत की है एवं न्यायालय ने उपरोक्त निगरानी की सुनवाई हेतु दिनांक 25.07.2024 नियत की है आपको इस न्यायालय में उक्त दिनांक को प्रातः 10:30 बजे सुनवाई में भाग लेने के लिए सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस निगरानी से सम्बन्धित समस्त सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आप ऊपर लिखी तारीख को निर्दिष्ट समय पर इस न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो उक्त निगरानी की सुनवाई व उसका निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में निगरानीकर्ती को सुनकर कर दिया जायेगा। आज दिनांक 16.7.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

आदेशानुसार,
जनपद न्यायाधीश बरेली।

**न्यायालय-जनपद न्यायाधीश, बरेली।**

लघुवाद निगरानी संख्या-36 सन 2023

गीता प्रसाद बनाम मोहम्मद सगीर आदि

बनाम

1. श्रीमती हुस्ना कुरैशी पत्नी स्व. मोह. लतीफ
2. फैसल कुरैशी पुत्र स्व. मोह. लतीफ
3. फहीम कुरैशी पुत्र स्व. मोह. लतीफ
4. अफजल कुरैशी पुत्र स्व. मोह. लतीफ
5. कु. नाजिया पुत्री स्व. मोह. लतीफ
6. कु. फातिमा लतीफ पुत्री स्व. मोह. लतीफ, सभी निवासीगण अहाता डिप्टी खैरूद्दीन, निकट कुमार टाकिज, बरेली।
7. मोहम्मद सईद पुत्र स्व. हाजी मोहम्मद शरीफ, निवासी-अहाता डिप्टी खैरूद्दीन, निकट कुमार टाकिज, बरेली।
8. फैन्सी मार्डन ज्वैलर्स द्वारा प्रोपराइटर श्री सुबोध अग्रवाल, निवासी-48, सिविल लाइन्स, बरेली।

उपरोक्त लघुवाद निगरानी, निगरानीकर्ती ने प्रकीर्ण वाद सं.-49 सन 2022 मोहम्मद सगीर आदि बनाम गीता प्रसाद में न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश बरेली द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांकित 20.10.2023 के विरुद्ध प्रस्तुत की है एवं न्यायालय ने उपरोक्त निगरानी की सुनवाई हेतु दिनांक 25.07.2024 नियत की है आपको इस न्यायालय में उक्त दिनांक के प्रातः 10:30 बजे सुनवाई में भाग लेने के लिए सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं जिसके सम्यंक अनुदेश दिये गये है ओर इस निगरानी से सम्बन्धित सभी साधारण प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आप ऊपर लिखी तारीख को निर्दिष्ट समय पर इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो उक्त निगरानी की सुनवाई व उसका निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में निगरानीकर्ती को सुनकर कर दिया जायेगा। आज दिनांक 16.7.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

आदेशानुसार,
जनपद न्यायाधीश बरेली।

# शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अवध पब्लिक स्कूल में महान खगोल शास्त्री डॉ. जयंत विष्णु नार्लिकर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया।बच्चों ने हैप्पी बर्थडे जयंत अंकल, लॉन्ग लिव जयंत अंकल कहते हुए जोर से तालियां बजाकर हर्ष व्यक्त किया।

प्रबंध निदेशक आशीष मिश्रा ने कहा कि डॉ.जयंत ने बिग बैंग थ्योरी को नकारते हुए स्टेटिक थ्योरी पर बल दिया। वह ऐसे वैज्ञानिक थे, जिन्हें न केवल ब्रह्मांड की उत्पत्ति जैसे गूढ़ विषय पर उत्कृष्ट योगदान दिया बल्कि अंतरिक्ष के रहस्यों को बच्चों के बीच लोकप्रिय भी बनाया। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा बोतलों गुब्बारों, स्ट्रॉ से विज्ञान के अनेक प्रयोग दिखाए गए। इस मौके पर प्रखर त्रिवेदी का योगदान रहा। उधर, रोटरी क्लब की ओर से स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों का रूटीन चेकअप कराया गया। शहर के डॉ. जेएन मिश्रा, डॉ. उमेश वार्ष्णेय, डॉ. शैलेन्द्र गंगवार, क्लब के सचिव डॉ. प्रांजल अग्रवाल, डॉ. विकास अग्रवाल ने बच्चों का मेडिकल परीक्षण किया। उन्हें स्वस्थ रहने के लिए खानपान में बरती जाने वाली सावधानियां बताई। इस मौके पर अध्यक्ष पंकज महातिया, रवि शर्मा, राजीव अग्रवाल, राजीव मल्होत्रा, विजय जायसवाल, महिमा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




बच्चों के साथ रोटरी क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## 50 हजार की रिश्वत लेते करगैना चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

**बरेली कार्यालय,अमृत विचार :** थाना सुभाषनगर की करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज ने कार से टक्कर मारकर हत्या की कोशिश के एक मुकदमे में शिकायतकर्ता के मामा का नाम निकालने के लिए एक लाख रुपये मांगे थे। धर्मेंद्र देशवाल के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना कोतवाली क्षेत्र के जीजीआईसी रोड निवासी आदर्श कुमार और उसके मामा विजय पाठक हत्या की कोशिश के मामले जेल गए थे। आदर्श जमानत पर बाहर आ गया। उसका मामा ठेकेदारी करता था। चौकी इंचार्ज ने आदर्श से उसके मामा का मुकदमे से नाम निकालने और धाराएं हल्की करने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी। दो किस्त में रुपये देना तय हुआ। आदर्श ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन के सीओ यशपाल सिंह से इसकी शिकायत की। आदर्श शुक्रवार को चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल के पास 50 हजार रुपये लेकर करगैना चौकी पहुंचे, तभी टीम ने चौकी इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया।

**कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी, बरेली**

पत्रांक सं. : 1128/C दिनांक : 19.07.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

समस्त गन्ना कृषक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि गन्ना विकास परिषद बहेड़ी, बरेली, नवावगंज, सेमीखेड़ा, फरीदपुर एवं मीरगंज में ग्रामवार सर्वे/सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम दिनाँक 20.07.2024 से 30.08.2024 तक ग्रामवार सम्पादित किया जायेगा। कृपया अपने सर्वे/सट्टा प्रदर्शन के दौरान मोबाइल नं., बैंक खाता, बेसिक कोटा, गन्ना किस्म व कुल कृषि योग्य भूमि आदि का परीक्षण कर लें और त्रुटि की दशा में मौके पर ही सम्बन्धित गन्ना पर्यवेक्षक को संशोधन हेतु अभिलेख एवं प्रार्थनापत्र देकर मौके पर ही संशोधन करा लें। ध्यान रहे कि प्रदर्शन कार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त गन्ना सर्वेक्षण आंकड़ो में कोई संशोधन सम्भव नहीं होगा। साथ ही किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि यदि उनके द्वारा अभी तक आपने अपना गन्ना सर्वेक्षण के सम्बन्ध में अपना घोषणा पत्र नहीं भरा है तो वह ऑनलाइन घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से वेवसाइट https://sgk.enquiry.caneup.gov.in पर भर दें। जिन कृषकों द्वारा घोषणा पत्र नहीं भरा जायेगा पेराई सत्र 2024-25 हेतु उनका सट्टा संचालित किया जाना सम्भव नहीं होगा। गन्ना सर्वेक्षण सम्बन्धी को भी ट्रान्सफर एन्ट्री बिना भूराजस्व अभिलेखों के संशोधित नहीं की जायेगी। गन्ना समिति के नये सदस्य एवं उपज बढ़ोत्तरी के प्रत्यावेदन दिनांक 30 सितम्बर 2024 तक प्रस्तुत किये जा सकते है। नये समिति सदस्य ऑनलाईन पंजीकरण प्रपत्रों के साथ सम्बन्धित गन्ना पर्यवेक्षक से सत्यापन उपरान्त चार दिवस के अन्दर समिति कार्यालय में रुपये 221/- जमा कर रसीद अवश्य प्राप्त कर लें।

समस्त सचिव, सहकारी गन्ना विकास समिति लि. जनपद-बरेली

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरेली, बहेड़ी, मीरगंज, नवावगंज, फरीदपुर, सेमीखेड़ा

जिला गन्ना अधिकारी बरेली

## नहाते वक्त महिला का वीडियो बनाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचारः** नहाते वक्त एक महिला की रोशनदान की तरफ से युवक ने वीडियो बना ली। इसके बाद उसने ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने उसकी ओर से बनाया गया वीडियो वायरल करने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में एक महिला ने बताया कि उसके बाथरूम में रोशनदान बना हुआ है। बीते दिनों वह नहाने गई थी। इस बीच मोहल्ले के एक युवक ने चोरी से मोबाइल में वीडियो बना लिया। कुछ समय बाद जब जानकारी हुई तो विरोध किया। इस पर आरोपी साजिद उर्फ छोटू ने परिवार के सदस्यों से गाली गलौज कर धमकी देकर भगा दिया। बनाया गया वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# ग्रामीण अंचल के बैंकिंग सेवा केंद्र हो रहे नगर में संचालित

संवाददाता, बिलसंडा

- बुजुर्ग और महिलाओं को नहीं मिल पा रही सहूलियत
- बीसी सखी बैंकों में ही रहकर निपटाती हैं लेनदेन का काम

**अमृत विचारः** सुदूर क्षेत्र में लोगों को बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने बैंक मित्रों और बीसी सखी की तैनाती की गई है, लेकिन अभी भसी सुदूर क्षेत्र में केंद्र खोलकर कामकाज करने की बजाय बैंक मित्र नगर क्षेत्र में केंद्र खोले हुए हैं। वहीं बीसी सखी बैंक परिसर मे ही कामकाज देख रही हैं। जिसकी वजह से ग्रामीण अंचल में लोगों को बैंकिंग सुविधा को लेकर सहुलियत नहीं मिल सकी है।

बता दें कि दियोरियाकलां जंगल से सटे सुदूर क्षेत्र के गांव पसगवां में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा जिस बैंक मित्र को नियुक्त किया गया है। उसने पसगवां में सेंटर खोलने की बजाय नगर के ब्लॉक कार्यालय के समीप सेंटर खोल रखा है। जहां पर वह बैंक के संरक्षण के चलते विगत कई वर्षों से बैंकिंग कार्य कर रहा है। जिसकी वजह से गांव के बुजुर्गो एवं वृद्ध महिलाओं को बैंकिंग सुविधा स्थानीय स्तर पर मिलने की बजाय 20 किलोमीटर दूर नगर में आकर बैंकिंग संबंधी कामकाज निपटाना पड़ रहा है। इसी तरह गांव हेमपुर के नाम से खुला केंद्र गांव में संचालित होने की बजाय नगर में ही संचालित हो रहा है। इसके अलावा जिन गांवों में बीसी सखी तैनात हैं ,वह भी गांवों में सुविधा देने की बजाय बैंक परिसर में ही रहकर लेनदेन का काम संभाल रहीं हैं। यह सारा खेल बैंक शाखा प्रबंधन के संरक्षण में खुलेआम हो रहा है, लेकिन अभी तक इस पर रोक लगाने की कोई कोशिश नहीं की गई। इस धांधली की वजह से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बैंकिंग सुविधा से महरूम रहना पड़ रहा है।

उधर, नगर स्थित बाब शाखा के प्रबंधक जलज सुमन का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के जिन गांवों के नाम से सेंटर खुले हैं और वह नगर में चल रहे हैं। उनके खिलाफ नोटिस जारी किए गए हैं। शीघ्र ही कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**प्रा.वि.जैतपुर शरीफपुर, वि.क्षे.मझगवां (बरेली)**

**विज्ञप्ति नीलामी सूचना**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक एस.एस.ए. 3395/3405/2023-24 दिनांक 25.10.2023 के अनुपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा. वि. जैतपुर शरीफपुर वि.क्षे. मझगवां (बरेली) के प्रांगण में स्थित प्रा.वि. के जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 22 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को नीलामी स्वीकृत होने पर 25% धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि तीन दिवस के अन्दर विद्यालय के एस.एम.सी. खाते में जमा करनी होगी। नीलामी की नियम व शर्तें विद्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

कृष्णा देवी (अध्यक्षा)

अंगद राम (ग्राम प्रधान)

गुन्जन सक्सेना (सचिव)
वि.प्र. समिति-प्रा.वि. जैतपुर शरीफपुर

**कार्यालय नगर पंचायत अल्हागंज जनपद, शाहजहांपुर**

पत्रांक : 105/न.पं.अ./2024-25 दिनांक : 19 जुलाई 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय, गोमती नगर विस्तार-7 उ.प्र. कार्यालय पत्र सं.-4/319/स्वा. शौ/2022-23, लखनऊ दिनांक 06.05.2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या-324 आफ 2020 डॉ. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुवल स्कैंवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत अल्हागंज सीमान्तर्गत स्थित समस्त 15 वार्डों में किया जा रहा है। अतः कोई भी सर्वसाधारण दिनांक 23.07.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत अल्हागंज में उपस्थित होकर या अभिषेक कुमार लिपिक के मोबाइल नं. 9161250749 से संपर्क कर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुवल स्कैंवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिससे इसका नियमानुसार सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

(शैलेश कुमार) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अल्हागंज, शाहजहांपुर

(शिवानी वर्मा) अध्यक्ष नगर पंचायत अल्हागंज, शाहजहांपुर

**कार्यालय सहायक अभियन्ता**
**द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन**
**हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली**

**अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के अन्तर्गत द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन के अन्तर्गत बाईफरकेशन हैड पर स्थित टोल बैरियर पर मार्ग रख-रखाव से प्राप्त रायल्टी/राजस्व वसूली हेतु नीलामी, जिसकी अवधि दिनांक 01.10.2024 से 30.09.2025 तक होगी, दिनांक 30.07.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे निरीक्षण भवन, बाईफरकेशन जनपद पीलीभीत में सार्वजनिक रूप से की जायेगी, जो व्यक्ति नीलामी में भाग लेना चाहते हैं, वो निश्चित समय व तिथि पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | नीलामी का विवरण | अग्रिम धरोहर हेतु एफ0डी0आर0 की राशि | नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 |
| 1 | हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के अन्तर्गत द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन के के अन्तर्गत बाईफरकेशन हैड पर स्थित टोल बैरियर पर मार्ग रख-रखाव से प्राप्त रायल्टी/राजस्व वसूली हेतु नीलामी | रू0 50,000.00 | 30.07.2024 अपरान्ह 12.30 बजे |

शर्ते :-

1. नीलामी बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को अग्रिम धरोहर राशि रू0 50,000.00 मात्र एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0, जो अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बन्धक हो, जमा करनी होगी, तभी टोकन नम्बर दिया जायेगा, टोकन नम्बर प्राप्त करने वाले बोलीदाता ही नीलामी में सम्मिलित होंगे तथा वे ही बोली बोलने के हकदार होंगे।
2. बोली बोलने हेतु न्यूनतम 03 बोलीदाताओं को बोली बोलना अनिवार्य होगा। अधिकतम बोली बोलने वाले को अपनी अधिकतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्त होते ही तुरन्त एकमुश्त नकद जमा करनी होगी, अन्यथा धरोहर धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और द्वितीय व तृतीय उच्चतम बोलीदाता को अवसर प्रदान किया जायेगा।
3. ठेकेदार/बोलीकर्ता को नियमानुसार स्टाम्प ड्यिूटी, जी0एस0टी0 व अन्य कर (Tax) भी देना होगा।
4. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये नीलामी निरस्त करने तथा नीलामी की तिथि को निर्धारित करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
5. नीलामी बोली (राजकीय बोली) गत वर्ष स्वीकृत धनराशि से अधिक बोली प्रारम्भ की जायेगी।
6. नीलाम क्रेता द्वारा बोली गयी अधिकतम नीलामी बोली यदि सक्षम अधिकारी द्वारा अस्वीकृत की जाती है तो अग्रिम नीलामी स्वीकृति से पूर्व नीलामी धनराशि वापस नहीं की जायेगी।
7. अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त ही नीलाम क्रेता/ठेकेदार को टोल बैरियर से रायल्टी/राजस्व वसूली की अनुमति प्रदान की जायेगी
8. अधिकतम बोलीदाता की रू0 50,000.00 की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 नीलामी अवधि पूर्ण होने के बाद ही अवमुक्त की जायेगी।
9. अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली द्वारा नीलाम स्वीकृत हो जाने के बाद नीलामी धनराशि किसी भी दशा में वापस नहीं की जायेगी।
10. टोल बैरियर से रायल्टी/राजस्व वसूली का कार्य नीलामी क्रेता/ठेकेदार द्वारा अपने कर्मचारियों के माध्यम से ही कराना होगा।
11. नीलामी क्रेता/ठेकेदार द्वारा टोल बैरियर से गुजरने वाले वाहनों से निम्नानुसार निर्धारित शुल्क के अनुसार ही रायल्टी/राजस्व वसूली की जायेगी। निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क वसूल किये जाने पर नीलाम निरस्त कर दिया जायेगा तथा नीलाम क्रेता द्वारा जमा धरोहर धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी।

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | ट्रक, ट्रैक्टर, ट्राली सहित मशीनरी आदि | रू0 25.00 |
| 2 | डी0सी0एम0, टैक्सी | रू0 20.00 |
| 3 | बस | रू0 15.00 |
| 4 | कार, जीप, पिकप वाहन आदि | रू0 10.00 |
| 5 | तॉगा आदि पशु चलित वाहन | रू0 5.00 |

12. निरीक्षण से सम्बन्धित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश के अधिकारियों/कर्मचारियों से कोई शुल्क वसूल नहीं किया जायेगा।
13. राजकीय वाहनों से कोई शुल्क वसूल नहीं किया जायेगा।
14. नीलामी क्रेता/ठेकेदार व उनके कर्मचारियों द्वारा किसी भी नियमों का उल्लंघन करने पर नीलामी निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा।
15. नीलामी क्रेता/ठेकेदार द्वारा विभागीय बैरियर का ही प्रयोग किया जायेगा, जिस पर किसी प्रकार का कोई अराजकता से सम्बन्धित कार्य नीलामी क्रेता अथवा उनके कर्मचारियों द्वारा नहीं किया जायेगा।
16. नीलामी क्रेता/ठेकेदार द्वारा बैरियर पर किसी प्रकार का कोई अवैध निर्माण नहीं किया जायेगा।
17. किसी प्रकार का मतभेद होने पर अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।

UP - 217442 दिनांक : 16/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

# चेयरमैन ने मुख्यमंत्री के समक्ष बरात घर बनवाने का रखा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर का सौंदर्यीकरण कराने और विकास को लेकर नगरपालिका चेयरमैन पीलीभीत डॉ. आस्था अग्रवाल ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सबसे पहले चेयरमैन ने अपने एक साल के कार्यकाल में किए कार्यों के बारे में बताया। इसके बाद शहर के शहर के चहुंमुखी विकास के लिए चर्चा की।

चेयरमैन ने बताया कि नगर में जलभराव वाले मोहल्लों जैसे अवध नगर, बल्लभ नगर, निरंजन कुंज, अयोध्या पुरम, विनायक विहार, सुभाष नगर, अंबेडकर नगर, कलेक्ट्रेट ऑफीसर्स कॉलोनी, मधुवन, साहूकारा, साईधाम कॉलोनी, विश्वनाथपुरम, गोदावरी स्टेट, शारदा कॉलोनी, कुंवरगढ़, पूरनमल आदि की सड़कों की ऊंचीकरण कराने के कार्यो और देवहा नदी के तट पर स्थित ब्रह्मचारी घाट पर रिटेनिंग वॉल, स्थाई पुल, एवं घाट आदि का निर्माण कराने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। नगर क्षेत्र में ट्रैफिक जाम एवं ट्रैफिक दुर्घटना के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के रोडवेज बस स्टैंड को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा, जोकि लांबित चल रहा है। वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। इसके संबंध में मुख्यमंत्री से पालिका हित एवं जनहित मे कॉर्पोरेट डिजाइन पर नवीन कार्यालय भवन बनाए जाने के साथ ही नगर पालिका परिषद पीलीभीत का अपना निरीक्षण भवन, सामुदायिक केंद्र एवं बारात घर के निर्माण कराने का प्रस्ताव रखा। कहा कि बरात घर के निर्माण से नगर वासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही पालिका के वित्तीय आय भी बढ़ेगी।



लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करती चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

- टूटी सड़कों को दुरुस्त कराने की बनाई कार्य योजना से भी कराया अवगत

**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 761/मु.अभि./नि.वि./2024-25 दिनांक : 19.7.2024

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3891/नौ-5-149स/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **प्रथम बार ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं.-01)** | |
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 22.07.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 22.07.2024 (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 07.08.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 07.08.2024 (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |
| **पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 02 से 15 तक)** | |
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 22.07.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 22.07.2024 (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 27.07.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 27.07.2024 (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरली की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

# चौधरी चरण सिंह विवि के पूर्व कुलपति और उनके ट्रस्ट की 3.21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने की कार्रवाई, बरेली और बदायूं में भी है संपत्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार:** ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू), मेरठ के पूर्व कुलपति रामपाल सिंह और उनके आरपी सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट की 3.21 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां संस्थागत भूमि और दो मंजिला आवासीय भवन के रूप में हैं, जो बदायूं और बरेली जिलों में स्थित हैं। ईडी ने डॉ. रामपाल सिंह और अन्य के खिलाफ उप्र. सतर्कता, मेरठ सेक्टर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

उप्र. सरकार के सतर्कता विभाग ने डॉ. रामपाल सिंह के खिलाफ स्वतंत्र जांच की थी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके आधार पर उन्हें 2003 से 2005 की अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं का दोषी पाया गया था। सीपीएमटी प्रवेश परीक्षा-2004 के आयोजन में अनियमितता, सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन करते हुए कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के आरोप लगे थे। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन पर विभिन्न अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। ईडी की जांच से पता चला है कि डॉ. रामपाल सिंह ने सीसीएस यूनिवर्सिटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहे, विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन किया, जिससे सरकार को 3.64 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया और अपराध अवधि के दौरान कई संपत्तियां अर्जित की। ईडी अधिकारियों के मुताबिक जब्त की गई संपत्तियां अपराध अवधि के दौरान और उसके तुरंत बाद अर्जित की गई हैं, जिसका कुल मूल्य 3.21 करोड़ है।

### सीसीएसयू के कुलपति पद से बर्खास्त हुए थे आरपी सिंह

सीसीएसयू में 2 मार्च 2003 को प्रो. आरपी सिंह ने कुलपति बने थे। कैंपस में वैसे तो तमाम कुलपतियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, लेकिन प्रो. आरपी सिंह के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था। तमाम शिकायतें राजभवन से लेकर राष्ट्रपति तक पहुंचीं तो जांच शुरू हुई थी। उच्च स्तरीय जांच में प्रो. आरपी सिंह द्वारा करोड़ों रुपये की घूस लेकर डेढ़ सौ से ज्यादा बीएड एवं दूसरे सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों को गलत तरह से मान्यता देने की बात सामने आई। आरपी सिंह के कार्यकाल में भवनों के ठेकों में भारी घपले हुए। नियुक्तियों में अनियमितताएं हुईं। सीपीएमटी की प्रवेश परीक्षा में अपने चहेते शिक्षक प्रो. हरेंद्र सिंह बालियान को एडवांस में एक करोड़ 40 लाख रुपये का पेमेंट करा दिया गया।

# गोंडा रेल हादसा: बोगी के नीचे मिला चौथे रेलयात्री का शव

संवाददाता, मनकापुर

- 800 कर्मचारी कर रहे ट्रैक की मरम्मत का काम, रातभर चला रेस्क्यू अभियान



**अमृत विचार:** चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन हादसे के बाद ट्रैक मेंटेनेंस का काम तेज गति से किया जा रहा है। इस काम के लिए रेलवे के 800 कर्मचारी लगाए गए हैं। रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर समेत विभाग की आला अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे। वहीं शुक्रवार को क्षतिग्रस्त बोगी को हटाए जाने के बाद उसके नीचे दबा हुआ शव बरामद किया गया। इसके साथ ही इस हादसे में करने वाले वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।

रेलवे ट्रैक के आसपास पड़ी बोगियों को जेसीबी के सहारे हटा दिया गया है और ट्रैक की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। चंडीगढ़ से आसाम जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार दोपहर 2:40 बजे गोरखपुर गोंडा रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप डिरेल हो गई थी। हादसे में ट्रेन के एसी कोच के दो डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए थे, जबकि 10 अन्य कोच भी ट्रैक से नीचे उतर गए थे। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं।

### रेल संरक्षा आयुक्त करेंगे हादसे की जांच

**लखनऊ।** गोंडा-गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के बीच बीते गुरुवार को चंडीगढ-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच 21 जुलाई से शुरू होगी। रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) प्रणजीव सक्सेना दोनों स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर हुए इस हादसे की जांच करेंगे।

## सार-संक्षेप

### सपा विधायक रफीक की जमानत याचिकाएं स्वीकार

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मारपीट, तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में जेल में बंद मेरठ से सपा विधायक रफीक अंसारी को बड़ी राहत देते हुए उनकी जमानत याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है। विधायक को वर्ष 1995 में मेरठ के नौचंदी थाने और वर्ष 2007 में सिविल लाइंस थाने में दर्ज मामलों में जमानत मिली है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने पारित किया है। मामले के अनुसार वर्ष 1995 में मेरठ के नौचंदी थाना अंतर्गत मीट की दुकानों को लेकर अंसारी और कुरैशी बिरादरी के बीच आगजनी और तोड़फोड़ हुई थी, जिसमें विधायक सहित 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पटरी के कटने से आधा दर्जन ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

**लखनऊ,अमृत विचार:** मुरादाबाद मंडल में भारी बारिश और पटरी के कटने के कारण पीलीभीत-मैलानी के बीच यातायात निलंबित कर दिया गया है। इस कारण ट्रेनें जो परिवर्तित रेल मार्ग सीतापुर-पीलीभीत-बरेली सिटी-रामगंगा पुल मार्ग से होकर चलाई जानी थीं, ये ट्रेनें अब पुन: परिवर्तित रेल मार्ग बुढ़वल-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं मार्ग से होकर चलाई जाएंगी।

### महिला विद्युतकर्मी की उसके सहयोगी ने की हत्या

**बागपत, एजेंसी:** बागपत में बिजली घर में एक अनुबंधित महिला कर्मी की उसी के साथ काम करने वाले एक युवक ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार जान गंवाने वाली महिला की पहचान तिलवाड़ा की शोभा (35) के रूप में हुई है। शोभा बिजली विभाग में काम करने के साथ ही छपरौली में स्वयं सहायता समूह की भी सदस्य थी। पुलिस के मुताबिक गुरुवार शाम घटना उस समय हुई, जब आरोपी युवक अंकुर महिला को उसके घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान सुनसान रास्ते पर उसने गाड़ी रोकी तथा महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शोभा के पति कुलदीप की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अंकुर एवं दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है तथा इस घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो ट्रकों की भिड़ंत में लगी आग, दो चालक जिंदा जले

**हमीरपुर,अमृत विचार:** शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे पर कानपुर सागर टू-लेन हाईवे पर गुरुवार रात करीब 11.50 बजे दो ट्रकों की आपस में टक्कर होने से आग लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस भीषण हादसे में दोनों ट्रकों के चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। अन्य घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे के पास कबरई से कानपुर की ओर जा रहे गिट्टी भरे ट्रक में सामने से आ रहे ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। कबरई से कानपुर जा रहे ट्रक के चालक नीरज गुप्ता निवासी इटर्रा घाटमपुर जनपद कानपुर नगर और दूसरे ट्रक के अज्ञात चालक की ट्रक के अंदर फंसने से जिंदा जलकर मौत हो गई। अभी इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### नए मेडिकल कॉलेजों की अपील पर वर्चुअल सुनवाई

**लखनऊ,अमृत विचार:** एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने के लिए 13 नये मेडिकल कॉलेजों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में एक्ट-19 की धारा 28 (5) के तहत की गई दोबारा अपील पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दूसरी अपील पर शुक्रवार को शुरू हुई वर्चुअल सुनवाई के दौरान कॉलेज प्रधानाचार्यो ने 2020 के मानक अनुसार उपलब्ध मानकों का हवाला दिया, मगर एनएमसी ने कोई परिणाम नहीं दिए है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि हर जिला,एक मेडिकल कॉलेज की योजनातंर्गत पिछले साल शुरू होने वाले 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने की योजना थी। इसके लिए गत सितंबर माह में कॉलेजों के प्रधानाचार्यों ने अपने अपने कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की मान्यता के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में आवेदन किया था।

# सोनम चिश्ती का किन्नर कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सोनम चिश्ती (किन्नर) ने हाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपेक्षित परिणाम न मिलने से आहत होकर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। राज्यपाल को लिखे पत्र में सोनम चिश्ती ने कहा है, "मैं सोनम चिश्ती उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) किन्नर कल्याण बोर्ड (उत्तर प्रदेश) लोकसभा चुनाव में भाजपा के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में आए परिणाम-प्रदर्शन से आहत होकर हार की जिम्मेदारी लेती हूं।"

# कांवड़ मार्ग में लिखना होगा दुकान संचालकों का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार ने लिया फैसला, अफसरों को लागू करने के निर्देश




**अमृत विचार:** पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों को अपना नाम व पहचान बतानी होगी। दुकानों पर अपना नाम लिखना होगा। राज्य सरकार ने कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए यह फैसला लिया गया है।

शासन के सूत्रों के अनुसार 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर 17 जुलाई को मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी। मुख्यमंत्री ने शिविर संचालकों का सत्यापन करा लेने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है कि बैठक के बाद शासन के अधिकारियों की ओर से कावड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों के नाम लिखे जाने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिया गया। निर्देश के तहत यात्रा मार्ग पर हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन-अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। भाजपा की इन्हीं विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे समेत सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने व उन्हें शक के दायरे में लाने की है। उन्होंने कहा कि जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा।

### पुलिस का आदेश बिगाड़ सकता है माहौल: मायावती

बसपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग के दुकानदारों का नाम लिखने का मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान गलत परंपरा है। यह सौहार्दपूर्ण माहौल को बिगाड़ सकता है। जनहित में प्रदेश सरकार को इस आदेश को तत्काल वापस लेना चाहिए। बसपा प्रमुख ने कहा कि पश्चिमी यूपी व मुजफ्फरनगर के कांवड़ यात्रा रूट में पड़ने वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश गलत परंपरा है।

# न्यायविद हनुमान मंदिर मामले की स्थिति रिपोर्ट तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने न्यायविद हनुमान मंदिर के लिए हो रहे अवैध निर्माण को गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता ने बताया कि आपत्तिजनक निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है और मलबे को हटाने में एक सप्ताह का समय लगेगा। इस संबंध में की गई कार्यवाही के विषय में स्थिति रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख पर दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। मामले की सुनवाई दो जजों की पीठ ने की।

# भाजपा विधायक ने पार्टी कार्यकर्ता पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया

- फतेह बहादुर सिंह ने गृहमंत्री शाह और सीएम योगी को पत्र लिखकर मांगी सुरक्षा



**गोरखपुर, एजेंसी।** कैंपियरगंज से भाजपा विधायक फतेह बहादुर सिंह ने आरोप लगाया है कि पार्टी कार्यकर्ता राजीव रंजन चौधरी की साजिश के कारण उनकी जान को खतरा है। फतेह बहादुर सिंह ने दावा किया कि चौधरी ने उन्हें जान से मारने के लिए पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के बेटे और सातवीं बार के विधायक फतेह बहादुर सिंह (54) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सुरक्षा मांगी है। इसके विपरीत राजीव रंजन ने भी दावा किया है कि विधायक से उनकी जान को खतरा है। राजीव रंजन चौधरी भाजपा जिला पंचायत सदस्य सरोज देवी का बेटा है।

# कीटनाशक बीज खाने से चार मोर सहित छह पक्षियों की मौत

**फिरोजाबाद, एजेंसी।** शिकोहाबाद में किसान फसलों को सुरक्षित करने के लिए उन्हें कीटनाशक में डुबो कर खेत में बो रहे हैं। ऐसे बीज पक्षियों की बेवजह मौत का कारण बन रहे हैं। जिले के थाना शिकोहाबाद के नागला पोहपी रोड पर शुक्रवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने खेत में चार राष्ट्रीय पक्षी मोर और दो तीतर मृत पड़े देखे, जिसकी सूचना उन्होंने थाना पुलिस को दी।

# पॉक्सो: जांच से पहले पीड़िता की आयु निर्धारण रिपोर्ट तैयार करना जरूरी: कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो से जुड़े मामलों में पीड़िता की आयु में होने वाली गड़बड़ियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और जांच अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में जांच शुरू करने से पहले पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा तैयार कर ली जाए।

कोर्ट के समक्ष यह प्रश्न था कि पॉक्सो अधिनियम के अपराधों की जांच करते समय पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट तैयार करने का पुलिस का कानूनी दायित्व क्या है। इस पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पॉक्सो मामलों में पीड़िता की चिकित्सा आयु निर्धारण रिपोर्ट को पूरा महत्व देना चाहिए। पीड़िता की आयु से संबंधित अन्य सभी दस्तावेजों की भी जांच करनी चाहिए।

# धान की पौध के साथ डूब गया किसानों का प्रीमियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- बीमा के लिए बैंकें समय से पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई विवरण

**अमृत विचार:** प्रदेश में बाढ़ और ज्यादा बारिश वाले जिलों में धान की पौध ज्यादातर बर्बाद हो गई है। अब फसल का समय निकलता देख किसान दोबारा पौध लगाकर रोपाई नहीं कर पाएंगे। नुकसान निचली सतह वाले खेतों पर जलमग्न होने से हुआ है। इस वजह से 40 फीसद ही रोपाई हो पाई है और असफल बोआई के हालात बन गए हैं।

असफल बोआई पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 25 प्रतिशत क्षतिपूर्ति मिलती है, लेकिन इससे भी आपदा प्रभावित किसान वंचित होते दिख रहे हैं। क्योंकि बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड से धान का प्रीमियम तो समय पर काट लिया, पर फसल बीमित करने के लिए ज्यादातर का केंद्र के पोर्टल पर विवरण फीड नहीं किया। नुकसान होने पर किसानों ने दावा किया तो सर्वे में यह लापरवाही सामने आई। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि बैंकें फीडिंग कर रही हैं। नियमानुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

### पौध का नहीं होता बीमा, फसल के नाम गया प्रीमियम

धान की पौध का बीमा नहीं होता है, न ही किसी तरह का दावा बनता है। खेतों पर रोपाई होने पर फसल का बीमा मान्य होता है। ऐसी स्थिति में जिन जिलों में पौध नष्ट हुई, वहां किसानों को कुछ नहीं मिलेगा। जबकि फसल का प्रीमियम उनके खातों से कट चुका और फसल होनी नहीं है। पौध करीब एक माह में तैयार होती है और 15 अगस्त के बाद धान की रोपाई नहीं होती है।

### इन जिलों 120 प्रतिशत से अधिक हुई बारिश

बलरामपुर, कासगंज, मुरादाबाद, बरेली, एटा, औरैया, बदायूं, बस्ती, बहराइच, महाराजगंज, मैनपुरी, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर, रामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, फर्रुखाबाद, बाराबंकी।

# चुनावी रंजिश में युवक की ली जान

**परसपुर(गोंडा)।** नगर निकाय के चुनाव की रंजिश में शुक्रवार को परसपुर कस्बे में दबंगों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई। परसपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के रहने वाले ओमप्रकाश सिंह ने नगर निकाय के चुनाव में सभासद का चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में वह प्रतिद्वंद्वी उदयभान सिंह उर्फ लल्लन से हार गए थे। इसी रंजिश को लेकर शुक्रवार की दोपहर उज्जैन उदयभान ने अपने कई सहयोगियों के साथ ओमप्रकाश के घर पर धावा बोल दिया था।


## वर्ग पहेली-136

**बाएं से दाएं**

1. जिसके हाथ घुटनों तक लंबे हों (वीरों का लक्षण)।
4. अनूदित, रूपांतरित, भाषांतर किया हुआ, भाषांतरित।
5. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. करार)।
7. सिक्ख संप्रदाय के आदि गुरु।

**ऊपर से नीचे**

1. आगामी, भावी, आने वाला।
2. वह मत या विचारधारा जिसमें जीवन से संबंधित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफ़े की दृष्टि से ही किया किया जाता है, मुनाफ़ा केंद्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा, हर वस्तु या विचार को उत्पाद समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा।
3. जागरूकता, विशेष चेतना।
4. (ज्योतिष) सत्ताईस नक्षत्रों में सत्रहवां नक्षत्र।
6. 1. एक फ़सल जिसके बीज को कूटकर चावल निकाले जाते हैं, शालि 2. अनाज, अन्न 3. किसी का दिया हुआ भोजन।




### वर्ग पहेली -135 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टु | | | | | 2 नि |
| 3 क | व | ल | 4 न | | ग |
| ड़ा | | | भ | | ह |
| | | 5 अ | च | क | |
| 6 ख़ा | स | क | र | | 7 द |
| विं | | ड़ | | | शां |
| द | | फ़ों | | 8 बा | ग |

## सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 9 | | | | |
| 3 | | 6 | | | | | 8 | |
| | 4 | | 2 | | | 5 | | 1 |
| | 5 | | 3 | | 1 | 8 | 7 | |
| 8 | | 2 | | | | 1 | | 6 |
| | 9 | 1 | 5 | | 8 | | 4 | |
| 1 | | 9 | | | 4 | | 3 | |
| | 7 | | | | | 6 | | 8 |
| | | | | 5 | 9 | | | |

### सुडोकू -48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 20 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 17.59 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** – आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा,लेकिन इसके कारण आपकी बहस भी हो सकती है। व्यर्थ बहसबाजी करने से बचें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कब्ज के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** – आज आपको उन्नति के जबरदस्त अवसर प्राप्त होंगे। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन** – आज बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें ,इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी।

**कर्क** – आज किसी मित्र के यहां आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए मित्र मिल सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव का विचार बन सकता है।

**सिंह** – आज बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे।

**कन्या** – आज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों की जिद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कुछ लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा।

**वृश्चिक** – आज परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। प्रतिष्ठित लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।


**धनु** – आज अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपका मन अप्रसन्न हो सकता है। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति खरीद सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। रुका हुआ काम बनने के योग बन रहे हैं। आपके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।

**कुंभ** – आज आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा में परेशानी का अनुभव करेंगे।

**मीन** – आज परिश्रम का उत्तम फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके अनुकूल हो सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 21 जुलाई 01.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

## आज की फिल्में

एतराज – दोपहर: 12.11
वेलकम बैक – शाम: 06.41
बागी – सुबह: 10.53
गदर 2 – रात: 07.30
लाइट्स आउट – सुबह: 07.29
स्पाइडर मैन – रात: 06.16
हम साथ साथ हैं – दोपहर: 01.37
स्पाइडर – शाम: 05.18
मोहब्बत – सुबह: 09.20
ओएमजी – शाम: 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात: 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर- कैश खत्म हो गया है कल आना।
संजू गुस्से में- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
मैनेजर- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
संजू- ठीक है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा।

लड़की- कितना प्यार करते हो मुझसे?
प्रेमी- शाहजहां जितना
लड़की- तो ताजमहल बनवाओ
प्रेमी- जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2075, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1510, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 चावल-( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500-11700, सच्चा हीरा 11300, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200 । चीनी- डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73600 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72600 |
| सिल्वर ( पक्की) | 905 (अनुमानित)। |

# कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी नहीं

## आरबीआई गवर्नर बोले- अनुमति से हितों के टकराव और लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है

**मुंबई, एजेंसी**



- कई समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने से पहले अयोग्य किया था घोषित

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक के पास कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी देने की कोई योजना नहीं है। दास ने मॉडर्न बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) के सम्मेलन में कहा कि कारोबारी घरानों को बैंकों का प्रवर्तन करने की अनुमति देने से हितों के टकराव और संबंधित पक्षों के लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है।

आरबीआई ने एक दशक पहले बैंकों के लाइसेंस देने की प्रक्रिया के अंतिम दौर में कई बड़े कारोबारी समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने के अयोग्य घोषित कर दिया था। हालांकि देश की वृद्धि आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाने की कारोबारी घरानों की क्षमता को देखते हुए आरबीआई के कार्य समूह ने 2020 में इस मुद्दे पर नए सिरे से चर्चा शुरू की थी। दास ने 1960 के दशक के अंत में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भारत में भी कारोबारी घराने बैंकिंग गतिविधियों में शामिल थे। दुनिया भर के अनुभव से पता चला है कि संबंधित पक्ष के लेन-देन की निगरानी करना या उन्हें विनियमित करना और रोकना मुश्किल होगा। भारत को बैंकों की संख्या में वृद्धि की जरूरत नहीं है। सामान्य बैंकों के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया सदा सुलभ व्यवस्था के अंतर्गत है और इसके लिए आने वाले आवेदनों का स्वागत है।

### कर्ज से पीछे रहने से हो सकती है नकदी की समस्या

जमा वृद्धि अगर कर्ज बढ़ने के मुकाबले पीछे है, तो संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। शक्तिकान्त दास ने बैंकों को आगाह किया। दास ने असुरक्षित ऋण के मोर्चे पर और भी समस्याओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि बैंकों के पास पर्याप्त बड़े पोर्टफोलियो होने के बावजूद, ऐसे जोखिम भरे ऋण के लिए उच्च सीमा है। दास ने बैंकों से ऋण तथा जमा वृद्धि के बीच उचित संतुलन बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा जो पहले जमा के रूप में बैंकिंग प्रणाली में आता था, अब म्यूचुअल फंड जैसे अन्य साधनों में जा रहा है। ऋण वृद्धि को जमा वृद्धि से बहुत आगे नहीं बढ़ना चाहिए। खासकर तब, जब बैंकों को सीआरआर, एसएलआर, एलसीआर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ समय से जमा राशि जुटाने की प्रक्रिया ऋण वृद्धि से पिछड़ रही है। इससे प्रणाली में संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### सरकार के साथ समन्वय से अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार

दास ने कहा कि उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान सरकार के साथ बैंक के संबंध अच्छे रहे हैं। उन्होंने कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार का श्रेय दोनों के बीच बेहतर समन्वय को दिया। दास ने कहा कि किसी ने भी उनसे यह उम्मीद नहीं की थी कि वे अपने कार्यकाल के दौरान सरकार के लिए चीयरलीडर बनेंगे। उन्होंने अपनी लिखी पुस्तक में लगाए आरोपों पर कहा कि मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि आरबीआई चीयरलीडर बनेगा। मेरा ऐसा कोई अनुभव नहीं है। दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने उन्हें 11 दिसंबर, 2018 को शुरूआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया।

# रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 739 अंक टूटा

**मुंबई, एजेंसी**



- मुनाफा वसूली से दोनों सूचकांक नुकसान में रहे

कमजोर रुख और चार दिनों की तेजी के बाद मुनाफावसूली से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 739 अंक नीचे आ गया और निफ्टी भी नुकसान में रहा। कारोबारियों ने कहा कि दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई गिरावट ने भी बाजार को नीचे लाने का काम किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 80,604.65 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 81,587.76 अंक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन मुनाफावसूली से यह टूट गया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 844.36 अंक गिरकर 80,499.10 पर आ गया था। एनएसई का निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,530.90 पर बंद हुआ। यह शुरुआती दौर में 24,854.80 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में यह कमजोर पड़ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 292.7 अंक गिरकर 24,508.15 पर आ गया था।

### निवेशकों को 7.94 लाख करोड़ की हानि

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 7.94 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,94,059.53 करोड़ रुपये घटकर 4,46,38,826.75 करोड़ रुपये (5.34 लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया।

# 5पैसा, आईआईएफएल, एंजेल वन वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कई शेयर कारोबारियों को परिचालन संबंधी व्यवधान का करना पड़ा सामना

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक सेवा संकट से भारत में कई शेयर कारोबारियों को शुक्रवार को परिचालन संबंधी व्यवधान का सामना करना पड़ा। इस संकट ने 5पैसा, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और एंजेल वन सहित कई ब्रोकरेज को प्रभावित किया। व्यापक वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित अन्य ब्रोकर में मोतीलाल ओसवाल और एडलवाइस म्यूचुअल फंड शामिल हैं। कुछ ब्रोकरेज ने कहा कि प्रणाली बहाल कर दी गई है जो सही से काम कर रही है।

ब्रोकरेज फर्म 5पैसा ने एक्स पर लिखा कि क्राउडस्ट्राइक/माइक्रोसॉफ्ट के साथ वैश्विक संकट के कारण साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले हमारे सिस्टम प्रभावित हुए हैं। एडलवाइस म्यूचुअल फंड ने भी अपनी वेबसाइट पर लॉगिन समस्याओं के बारे में बताया। देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक संकट से वे प्रभावित नहीं हुए हैं। एनएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एनएसई और एनसीएल (एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड) आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। बीएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एक्सचेंज माइक्रोसॉफ्ट की समस्या के कारण प्रभावित नहीं है। हमारा संचालन सामान्य रूप से चल रहा है।

# एचडीएफसी बैंक का सीएसआर खर्च 945 करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 945.31 करोड़ का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च दर्ज किया है। यह वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक है। एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसका सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन एक दशक से सक्रिय है और 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों में फैली इसकी विभिन्न पहलों ने 10 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। इस पहल के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) में चिन्हित 112 जिलों में से 85 जिलों को लाया गया है। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा ने कहा कि ग्रामीण विकास, शिक्षा, कौशल संवर्धन, स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय साक्षरता और पर्यावरण के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को देखते हुए हमारा लक्ष्य उन समुदायों में पर्यावरण अनुकूल और समावेशी वृद्धि का समर्थन करना है जहां हम काम करते हैं।

- 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक

# कई देशों में विदेशी केंद्र खोलेगा आईसीएसआई

**कोलकाता, एजेंसी**

- हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में केंद्र खोलने की योजना
- यूएई, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में है केंद्र

देश में कंपनी सचिवों के लिए स्थापित पेशेवर संस्था भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में संस्थान के तीन और विदेशी केंद्र खोलने की योजना है।

नरसिम्हन ने कहा कि ये केंद्र हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में खोले जाएंगे। इन तीन स्थानों पर नए विदेशी केंद्रों की योजना इन देशों में आईसीएसआई सदस्यों की संख्या पर बनाई जा रही है। संस्थान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में पहले से ही छह विदेशी केंद्र मौजूद हैं। नरसिम्हन ने कहा कि नए प्रस्तावित केंद्र आईसीएसआई सदस्यों के लिए पेशेवर अवसरों को बढ़ाने के साथ छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने और इन देशों में परीक्षा आयोजित करने में सहायता और सुविधा प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आईसीएसआई आने वाले दिनों में कंपनियों को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और कामकाज) मानकों के अनुरूप बनने पर बहुत जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि आईसीएसआई ने अपने पाठ्यक्रम में पहले ही ईएसजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषयों को शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईएसजी समय की मांग है। बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष 1000 कंपनियों के लिए सेबी द्वारा व्यावसायिक जिम्मेदारी और स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन कंपनियों को वार्षिक रिपोर्ट के साथ अपने ईएसजी प्रदर्शन की जानकारी देना भी जरूरी होता है। ईएसजी के अनुरूप कंपनियां विदेशी निवेशकों की नजर में आएंगी। विदेशी निवेशक यह पूछेंगे कि जिस भारतीय कंपनी में वे निवेश करने की योजना बना रहे हैं, क्या वह ईएसजी मानकों के अनुकूल है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### चुनावी बॉण्ड की जांच की याचिका पर 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच किए जाने वाली याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर कहा कि कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

### गुजरात में मालगाड़ी का एक डिब्बा बेपटरी

**मुंबई।** गुजरात में वलसाड और सूरत स्टेशन के बीच शुक्रवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न तीन बजे डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। मालगाड़ी सूरत की तरफ जा रही थी। मुंबई-अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई, जब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा और अन्य मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे।

### तस्करी के 33,000 लीटर डीजल जब्त, 4 गिरफ्तार

**अलीबाग।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के रेवास बंदरगाह पर पुलिस ने समुद्री मार्ग से तस्करी कर भारत लाये जा रहे 33,000 लीटर डीजल को जब्त किया है और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त डीजल और इसकी ढुलाई करने वाले ट्रॉलर (मछली पकड़ने वाला जहाज) की कुल कीमत 36.40 लाख रुपये है। आरोपियों में गणेश, विनायक, गजानन और मुकेश है।

# संसद सत्र के लिए छह विधेयक सूचीबद्ध

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गठित की कार्य मंत्रणा समिति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सरकार ने आपदा प्रबंधन विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में विमानन क्षेत्र में कारोबार सुगमता के प्रावधान मुहैया कराने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम का स्थान लेने वाले विधेयक समेत छह नए विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है।

लोकसभा से जारी बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है। भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने की खातिर 1934 के विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है। संसद का सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। सत्र 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। सत्र के दौरान पेश और पारित किए जाने वाले अन्य विधेयकों में स्वतंत्रता पूर्व के कानून की जगह लेने वाला बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है। बीएसी संसदीय कामकाज का एजेंडा तय करती है।

### समिति में ये लोग शामिल

समिति में सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस), पीपी चौधरी (भाजपा), लावू श्रीकृष्ण देवरायलु (तेदेपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), गौरव गोगोई (कांग्रेस), संजय जायसवाल (भाजपा), दिलेश्वर कामत (जदयू), भर्तृहरि महताब (भाजपा), दयानिधि मारन (द्रमुक), बैजयंत पांडा (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी), कोडिकुन्नील सुरेश (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (भाजपा) और लालजी वर्मा (सपा) शामिल हैं।

# बिलकीस बानो मामले में दो दोषियों की सजा में छूट से जुड़ी याचिका रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकीस बानो मामले में 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। दोनों दोषियों ने सजा में दी गई छूट को रद करने के शीर्ष अदालत के आठ जनवरी के फैसले के खिलाफ याचिका की थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत करार दिया और कहा कि वह शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अपील पर कैसे गौर कर सकती है। पीठ ने कहा कि यह क्या याचिका है? इस याचिका पर कैसे सुनवाई हो सकती है। यह पूरी तरह से गलत है। दोषियों में राधेश्याम और राजूभाई के वकील ऋषि मल्होत्रा ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

# आतंकी नेटवर्क के खात्मे को केंद्रीय एजेंसियों में अधिक तालमेल जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- गृहमंत्री अमित शाह ने की खुफिया ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा
- बोले- समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए करें दिन-रात काम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक ईको-सिस्टम को खत्म करने के लिए एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) को सक्रिय रहना चाहिए और समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए दिन-रात काम करना चाहिए।

गृहमंत्री विभिन्न सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने देश में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदार खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) के कामकाज की समीक्षा की। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने देश भर की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का संपूर्ण और समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एमएसी ढांचा अपनी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए व्यापक तकनीकी और परिचालन सुधार के लिए तैयार है।

# आतिशी ने दिल्ली के लिए केंद्र से मांगे 10,000 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मंत्री ने दावा किया पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला

वित्त मंत्री आतिशी ने विकास के लिए शुक्रवार को केंद्र से 10,000 करोड़ रुपये की मांग की और दावा किया कि आयकर के रूप में पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली ने केंद्रीय करों में सीजीएसटी के रूप में 25,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। बजट से पहले आतिशी ने दिल्ली के लिए अधिक राशि जारी करने की वकालत करते हुए कहा कि सड़क, परिवहन और बिजली क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ सौंदर्यीकरण पर यह राशि खर्च किया जा सकता है। आतिशी ने कहा कि 2001 से केंद्र सरकार ने दिल्ली को केवल 325 करोड़ रुपये दिए हैं। पिछले साल लोगों ने कर के रूप में दिल्ली को 35,000 करोड़ दिए, जिसे मुफ्त बिजली, मुफ्त इलाज, सड़कों और फ्लाईओवर के निर्माण व रखरखाव पर खर्च किया गया। दिल्ली के लोगों ने केंद्र को कुल 2.32 लाख करोड़ कर दिया, उसमें से दिल्ली पर कुछ खर्च नहीं किया।

# डकैती के आरोप में सेना का पूर्व जवान एटा से गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से 6.6 लाख लूटने के आरोप में सेना के पूर्व जवान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि आरोपी अरुण सिंह राठौर उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव में अपने मामा के घर में छिपा था। टीम गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर इंदौर ले आई। मंगलवार को बैंक की जिस शाखा में उसने लूटपाट की थी, वहां से उसका घर कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर था लेकिन पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने लंबे रास्ते का इस्तेमाल किया तथा करीब 14 किलोमीटर का चक्कर लगाया।

# नीट : मेडिकल छात्रा को 3 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा

**पटना, एजेंसी**

- पूछताछ के बाद दस अभियुक्तों को वापस जेल भेज दिया गया

बिहार के पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार मेडिकल छात्रा को तीन दिन के रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। वहीं, पूछताछ के बाद दस अभियुक्तों को वापस जेल भेज दिया गया।

सीबीआई ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची से गिरफ्तार मेडिकल छात्रा सुरभि को विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया। छात्रा से पूछताछ के आवेदन पर कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड मंजूर कर छात्रा को सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सीबीआई ने पूछताछ के बाद 10 अन्य अभियुक्तों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उनको पटना के आदर्श केंद्रीय कारागार बेउर भेज दिया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों की पेशी कोर्ट में 22 जुलाई को होगी। इस मामले में पटना पुलिस ने कुल 18 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# कोली को बरी करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा कोर्ट

**निठारी हत्याकांड**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में सुरेन्द्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोटिस जारी कर कोली से याचिकाओं पर जवाब मांगा और इनको शीर्ष अदालत में पहले से लंबित याचिकाओं के साथ नत्थी कर दिया। अदालत ने पिछले वर्ष 16 अक्टूबर के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अलग-अलग याचिकाओं पर आठ जुलाई को कोली से जवाब मांगा था। न्यायालय ने मई में एक पीड़ित पिता की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें मामले में कोली को बरी करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

# स्कूल टीसी में शुल्क बकाया का उल्लेख करने पर हाईकोर्ट नाराज

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी बच्चे का स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) स्कूलों के लिए लंबित शुल्क वसूलने का जरिया नहीं हो सकता है। यह छात्र के नाम से जारी निजी दस्तावेज है। इसमें बकाया शुल्क के संबंध में कोई प्रविष्टि नहीं की जानी चाहिए।

हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि वह स्कूलों को निर्देश जारी करें, ताकि बच्चे से टीसी दिखाने पर जोर नहीं दिया जाए। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी. कुमारप्पन की खंडपीठ ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बच्चों के संरक्षण कानूनों के तहत कार्रवाई की जाए। पीठ ने कहा कि शुल्क न देने या देरी से देने पर बच्चों को परेशान करना क्रूरता है।

# चेक बाउंस मामलों का लंबित रहना चिंता का विषय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध की श्रेणी में है

बड़ी संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यदि पक्ष समझौता करने के इच्छुक हैं तो अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत समझौता योग्य अपराधों के निपटान को प्रोत्साहित करना चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने चेक बाउंस मामले में पी कुमारसामी नाम के एक व्यक्ति की सजा को यह देखते हुए रद कर दिया कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है और शिकायतकर्ता को 5.25 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।

पीठ ने 11 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि चेक बाउंस होने से जुड़े मामले बड़ी संख्या में अदालतों में लंबित हैं जो हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यह ध्यान में रखते हुए कि उपाय के प्रतिपूरक पहलू को दंडात्मक पहलू पर प्राथमिकता दी जाएगी, अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत अपराधों के शमन को प्रोत्साहित करना चाहिए, यदि पक्ष ऐसा करने के इच्छुक हैं। परक्राम्य लिखत अधिनियम सभी परक्राम्य लिखतों जैसे वचन पत्र, विनिमय पत्रों और चेक संबंधी मामलों के निपटान से संबंधित है। समझौता योग्य अपराध वे होते हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी पक्षों द्वारा समझौता किया जा सकता है।

पीठ ने कहा कि यह याद रखना होगा कि चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध है जिसे केवल सार्वजनिक हित को देखते हुए अपराध की श्रेणी में लाया गया है। आदेश में कहा कि परिस्थितियों की समग्रता और पक्षों के बीच समझौते पर विचार करते हुए, हम इस अपील को स्वीकार करते हैं तथा एक अप्रैल 2019 के लागू आदेश के साथ-साथ निचली अदालत के 16 अक्टूबर 2012 के आदेश को रद्द करके अपीलकर्ताओं को बरी करते हैं।

# हुड्डा से जुड़े मामले में एम3एम का 300 करोड़ का भूखंड कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भूमि धोखाधड़ी में ईडी ने की कार्रवाई हरियाणा के पूर्व सीएम से जुड़े है तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत गुरुग्राम में रियल एस्टेट समूह एम3एम का 300 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का भूखंड कुर्क किया है। इस मामले का तार कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी जुड़ा है।

एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम आदेश जारी किया था। 88.29 एकड़ भूमि गुरुग्राम जिले में हरसरू तहसील के बशारिया गांव में स्थित है। ईडी ने कहा कि भूखंड की कीमत 300.11 करोड़ है। रियल एस्टेट समूह के प्रवक्ता ने कहा कि वे ईडी द्वारा भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क करने के लिए की गई अनुचित और अनावश्यक कार्रवाई से निराश हैं। यह भूखंड किसी अपराध से जुड़ा नहीं है और पीएमएलए के तहत अपराध की आय के दायरे में नहीं आ सकता है।

# 2047 खेलों में शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य

● खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा- भारत के नवनिर्माण के रोडमैप का हिस्सा है खेल



नई दिल्ली, एजेंसी

नए भारत के निर्माण में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 में आजादी की सौवीं सालगिरह पर भारत का खेलों में भी शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य रहेगा। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आजादी की 100वीं सालगिरह पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। नवनिर्माण के इस रोडमैप का हिस्सा खेल भी है और जब हम विकसित राष्ट्र होंगे तो खेलों में भी शीर्ष पांच में रहेंगे।

उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है और यहां खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा को तलाशकर उसे इको सिस्टम में लाने और मौके देने की जरूरत भर है। मैंने कोरोना के दौरान अनुभव किया है कि भारत में मैन पावर और ब्रेन पावर की कमी नहीं है और उसके दम पर ही हमने कामयाबी पाई है।

पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मांडविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वह इको सिस्टम तैयार हुआ है जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं के जरिए खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद की जा रही है। मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूं। खेलमंत्री ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के लिये भारत की तैयारियों को लेकर दिल्ली खेल पत्रकार संघ द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर आयोजित परिचर्चा कहा पेरिस ओलंपिक में पदकों की संभावना को लेकर मैं कोई आंकड़ा तो नहीं दूंगा लेकिन उम्मीद है कि पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन होगा। हमने तोक्यो में सात पदक जीते थे और अब उससे आगे जाएंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत 117 सदस्यीय दल भेज रहा है जो तोक्यो ओलंपिक (121) के बाद सबसे बड़ा है।

## 100 दिन में एक लाख खिलाड़ियों की होगी पहचान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कीर्ति परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 100 दिन के अंदर एक लाख युवा खिलाड़ियों की पहचान करना है। खेल मंत्री का मानना है कि खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) भारत को 2047 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मांडविया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के बाद कहा भारत विविधता और संभावनाओं से भरा देश है। केवल शहर कि नहीं, दूर दराज के क्षेत्रों जैसे उत्तर-पूर्व, तटीय, हिमालयी और आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छे खिलाड़ी हो सकते हैं। कीर्ति कार्यक्रम के इस चरण में खेलो इंडिया योजना के सभी 20 खेल शामिल होंगे। कीर्ति का पहला चरण इस साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था।

# सही घोड़े के बिना आप कुछ भी नहीं हैं: अनुष



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। 24 साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किये बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। अग्रवाल सर कारमेलो के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं। अग्रवाल ने जर्मनी से बताया, घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं।

# एथनेज और हॉज ने वेस्टइंडीज को शुरुआती झटकों से उबारा



नॉटिघम, एजेंसी

एलेक एथनेज और केवम हॉज के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन चाय के विश्राम तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 212 रन बनाए।

एथनेज 65 और हॉज 58 रन बनाकर खेल रहे हैं। इन दोनों ने तब जिम्मेदारी संभाली जब वेस्टइंडीज ने तीन विकेट 84 रन पर गंवा दिए थे। एथनेज और हॉज चौथे विकेट के लिए अभी तक 128 रन जोड़ चुके थे। वेस्टइंडीज की टीम अब इंग्लैंड से 204 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी पारी की शुरुआत की। कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (48) और मिकाइल लुइस (21) ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े, लेकिन वेस्टइंडीज में 31 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। इनमें से दो विकेट स्पिनर शोएब बशीर ने लिए। उन्होंने लुईस को आउट करने के बाद उनकी जगह लेने के लिए उतरे कर्क मैकेंजी (11) को भी पवेलियन भेजा। गस एटकिंसन ने ब्रेथवेट को अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया।

## खेल डायरी

### दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुरू हुआ पंजीकरण

नई दिल्ली। दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़ रुपये) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य हाफ मैराथन रेस के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोग इसमें ओपन 10के (दस किलोमीटर की दौड़), ग्रेट दिल्ली रन (4.5 किमी), सीनियर सिटिजन रन (2.5 किमी), और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (2.5 किमी) श्रेणियों में भाग लेने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। ओपन 10के के अलावा सभी दौड़ यहां के जवाहरलाल स्टेडियम से शुरू होकर इसी स्थल पर खत्म होंगी।

### स्क्वैश टीम स्पर्धा में भारत का विजयी आगाज

**चेन्नई।** भारत ने गुरुवार को अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में विजयी शुरुआत की। भारत के लड़कों ने ग्रुप एफ में कुवैत को 3-0 से हरा दिया जबकि लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपे को समान अंतर से हराया। भारत की पुरुष टीम का आज यानी शुक्रवार को ब्राज़ील से मुकाबला होगा वहीं बालिका वर्ग में ब्राज़ील और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेले जाने हैं। परिणाम : बालक (समूह एफ) : भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया (अरिहंत केएस ने अब्दुल्ला अली को हराया, अयान वजीरल्ली ने खालिद वालेद अल फौजैन को हराया, युवराज वाधवानी ने जसीम अदेल अल गरीब को 11-4, 10-12,11-5,11-0 से हराया। बालिका (समूह डी) : भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया निरुपमा दुबे ने शू-यू ली को हराया, शमीना रियाज ने शॉ जेन-जू पर्ल को हराया, अनाहत सिंह ने चेंग यू-चेन को 11-1,11-1,11-4 से हराया।

### ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

ज्यूरिख। फीफा ने इस्राइल को अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरूष फाइनल नौ अगस्त को है।

### नडाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**बस्ताड (स्वीडन)।** रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

# पदक के करीब तो पहुंचे पर मिली निराशा

## पलकों में चुभता अतीत : ओलंपिक में कई बार भारत पदक से दूर चौथे स्थान पर रहा, 1956 से 2020 तक जारी सिलसिला

PARIS 2024 | ओलंपिक 6 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।



भारतीय फुटबॉल टीम

### 1956 मेलबर्न

भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में ही नेविल डिसूजा ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाले पहले एशियाई बने। नेविल ने सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया के खिलाफ टीम को बढ़त दिला कर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की लेकिन यूगोस्लाविया ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।

### 1960 रोम

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद फ्लाइंग सिख ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।



भारतीय हॉकी टीम



मिल्खा सिंह

### 1980 मास्को

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।



पीटी उषा

### 1984 लॉस एंजिलिस

लॉस एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं। वह हालांकि अपनी इस साहसिक प्रयास के बाद घरेलू नाम बन गई।

### 2004 एथेंस

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवत : सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। इस जोड़ी को इससे पहले सेमीफाइनल में निकोलस किफर और रेनर शटलर की जर्मनी की जोड़ी से सीधे सेटों में 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में कुंजारानी देवी महिलाओं की 48 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन वह वास्तव में पदक की दौड़ में नहीं थीं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 112.5 किग्रा वजन उठाने के अपने अंतिम प्रयास में अयोग्य घोषित कर दी गईं। कुंजारानी 190 किग्रा के कुल प्रयास के साथ कांस्य पदक विजेता थाईलैंड की एरी विराथावोर्न से 10 किग्रा पीछे रहीं।



लिएंडर पेस और महेश भूपति

### 2012 लंदन

निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।



जॉयदीप करमाकर

### 2016 रियो



दीपा करमाकर

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0.150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15.066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा का शानदार करियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गए। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी ह्रादेका और रादेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।

### 2020 तोक्यो



महिला हॉकी टीम

मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गयी। इसी ओलंपिक में अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गयी। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।

## बॉलीवुड हलचल



### स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा, वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की

### फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म देवा का पोस्टर शेयर करते हुए शाहिद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, वॉयलेंट वैलेंटाइन डे, देवा के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पोस्टर में शाहिद कपूर बहुत ही टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथों में गन ली हुई है। शाहिद फिल्म देवा में एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी जोकि एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाएंगी।



# शैफाली-स्मृति की बल्लेबाजी से थर्राया पाकिस्तान

महिला एशिया कप

● पहले मुकाबले में सात विकेट से जीती भारतीय महिला टीम

● शैफाली ने 40 और मंधाना ने खेली 45 रनों की शानदार पारी



पाकिस्तान को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

दांबुला, एजेंसी

शैफाली वर्मा (40) और स्मृति मांधना (45) के बीच 85 रन की फटाफट पारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से आसानी से धो दिया।

टॉस जीत कर पहले खेलते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 19.2 ओवर में 108 पर आउट हो गयी। जवाब में भारत ने विजय लक्ष्य को 35 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। दीप्ति शर्मा (20 रन पर तीन विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट), श्रेयांका पाटिल (14 रन पर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (31 रन पर दो विकेट) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों को बांध कर रखा और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए, नतीजन पाकिस्तान की टीम को अपने स्कोर को तीन अंको तक ले जाने में भी पसीना बहाना पड़ा।

दूसरी ओर विस्फोटक शैफाली वर्मा ने क्रीज पर पांव जमाते ही पाकिस्तानी गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। दूसरे छोर पर उन्हे स्मृति का भरपूर साथ मिला। दोनो बल्लेबाजों ने करीब नौ रन के औसत से रन बटोरे। उनका अंदाज देख कर लग रहा था कि भारत विजय लक्ष्य को 11वें ओवर में ही हासिल कर लेगा लेकिन इस बीच सैयादा अरुब शाह ((9 रन पर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में एक के बाद एक कर सलामी बल्लेबाजों को चलता किया लेकिन भारत की जीत उस समय तक पक्की हो चुकी थी।

### नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराया

**दांबुला।** सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा ने 19 देकर तीन विकेट लिए। एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात को वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुए विस्फोट में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों ने स्थानीय अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि विस्फोटक उपकरण को मोटरसाइकिल पर रखा गया था और रिमोट नियंत्रित उपकरण की मदद से विस्फोट किया गया था।

### रूस में चार लोगों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर गायब

**मॉस्को।** रूस के सखा रिपब्लिक (याकूतिया) के चागदा गांव से 80 किमी (50 मील) दूर एक रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर गायब हो गया है, जिसमें एक पायलट सहित तीन यात्री सवार थे। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, रॉबिन्सन विमान का इकोस्पास आपातकालीन बीकन आज रात चागदा गांव से 80 किलोमीटर दूर बंद हो गया। विमान में तीन यात्री और एक पायलट सवार था।

### चीन ने नए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का किया प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से एक नये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण किया। गाओफेन-11 05 उपग्रह को लॉन्ग मार्च-4बी वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और इसने सफलतापूर्वक नियोजित कक्षा में प्रवेश किया। इसका उपयोग भूमि सर्वेक्षण, शहरी नियोजन, सड़क नेटवर्क डिजाइन, फसल उपज अनुमान और आपदा राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

### उत्तरी चिली में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**सैंटियागो (चिली)।** अर्जेंटीना की सीमा के पास उत्तरी चिली में गुरुवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप चिली के समयानुसार रात नौ बजकर 51 मिनट पर 117 किलोमीटर गहराई में आया। इसका केंद्र चिली के सैन पेड्रो डी अटाकामा से 45 किलोमीटर (28 मील) दक्षिण-पूर्व में था।

### एक और प्रमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने सामरिक मिसाइल बल के एक और प्रमुख के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की घोषणा की है। मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने बताया कि पहले भी इस बल के शीर्ष अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोपों और जांच के घेरे में आए थे। इससे पहले पूर्व रक्षामंत्री जनरल ली शांगफु और 2022 में बल के कमांडर का कार्यभार संभालने वाले उनके उत्तराधिकारी जनरल ली युचाओ को भ्रष्टाचार के आरोपों की वजह से बर्खास्त कर दिया गया था।

# अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर भारत से समर्थन मांगा

वाशिंगटन, एजेंसी



● अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक सवाल के जवाब में कही यह बात

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के उसके प्रयासों का समर्थन करे। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल में हुई बैठकों के बारे में गुरुवार को पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, भारत अनेक प्रमुख क्षेत्रों में हमारा साझेदार है, और यह बात पिछले ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए थे। पटेल ने कहा, यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता पर उसके प्रभाव के संदर्भ में, हम भारत समेत अपने सभी साझेदारों से अनुरोध करते हैं।

## इसरो प्रमुख को पीएचडी की उपाधि

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के परिसर में शुक्रवार आयोजित 61वें दीक्षांत समारोह में भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी और कुल 2,636 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर छात्रों को (संयुक्त और दोहरी डिग्रियां सहित) 3,016 डिग्रियां प्रदान की गईं। कुल छात्रों को 444 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) को सम्मानित किया गया, जिनमें पीएचडी, विदेशी संस्थानों के साथ संयुक्त डिग्री पीएचडी और दोहरी डिग्री पीएचडी शामिल हैं। आईआईटी-मद्रास द्वारा विज्ञप्ति में कहा गया है कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. ब्रायन के. कोबिल्का थे।

# पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।

### 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद

आंकड़ों से पता चलता है कि देश की जनसंख्या 2.55 प्रतिशत की वृद्धि दर से 2017 में करीब 20.76 करोड़ से बढ़कर 2023 में करीब 24.14 करोड़ हो गई। आंकड़े दर्शाते हैं कि इस दर से पाकिस्तान की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।

### मुसलमानों की हिस्सेदारी

2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 2,40,458,089 थी। कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई।

### अन्य धर्मों की स्थिति


- हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है।
- ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। कुल जनसंख्या में ईसाइयों की हिस्सेदारी 1.27 से बढ़कर 1.37 प्रतिशत हो गई है।
- अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई। उनके समुदाय की आबादी 2017 के 1,91,737 (कुल आबादी का 0.09 प्रतिशत) से 29,053 कम होकर 162,684 (कुल आबादी का 0.07 प्रतिशत) रह गई।
- आंकड़ों के अनुसार सिख समुदाय की जनसंख्या 15,998 और पारसी समुदाय की 2,348 थी।

# एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान

## क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनियाभर में शुक्रवार को एक बड़ी तकनीकी दिक्कत के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के ठप होने के कारण कामकाज पर असर पड़ा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के डाउन होने के कारण भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट रद होने से यात्री हलकान रहे। वहीं कई फ्लाइटों का समय भी बदला गया।




वैश्विक आउटेज के बीच माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम में दिखाई गई ब्लू स्क्रीन त्रुटि दिखाता स्क्रीनशॉट। ● एजेंसी

### कब शुरू हुई परेशानी

गुरुवार रात को क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ने एक अपडेट रिलीज किया, जिसने विंडोज कंप्यूटर में अचानक गड़बड़ी पैदा कर दी। जिन कम्प्यूटर्स पर यह अपडेट गया, वे सब क्रैश होते चले गए। इन्हीं कंप्यूटर्स पर एयरलाइंस की बुकिंग और चेक इन सर्विस आधारित है। लिहाजा ये तमाम सर्विसेस बंद पड़ गईं।

### सबसे बड़ी चुनौती

क्राउडस्ट्राइक अपडेट के असर से कंप्यूटर क्रैश हो गए हैं। यानी या तो कंप्यूटर सिस्टम बंद हैं या अचानक रीस्टार्ट का मैसेज दे रहे हैं। ऐसे में क्राउडस्ट्राइक के सामने रिमोट एक्सेस के जरिए सिस्टम को सुधारना बड़ी चुनौती है, क्योंकि क्रैश हो रहे कंप्यूटर पर सुधार किया हुआ सॉफ्टवेयर इंस्टॉल होना मुश्किल होगा। अगर इस काम को मैनुअली किया जाता है, तो इसमें ज्यादा समय लगेगा और तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

### क्या आ रही परेशानी

दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो जा रहे हैं। इस वजह से स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। ऐसा तब होता है, जब सिस्टम किसी सीरियस इश्यू के चलते क्रैश हो जाता है। इस मैसेज के मायने हैं कि सिस्टम सुरक्षित रूप से काम नहीं कर सकता है।

### कंपनी ने अपडेट हटाया

एंटीवायरस में अपडेट की वजह से कंप्यूटर ठप होने का पता चलने के बाद क्राउडस्ट्राइक कंपनी ने इस अपडेट को अपनी वेबसाइट से हटा लिया है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन कंप्यूटर्स पर इसका अपडेट इंस्टॉल हो चुका था, उन्हें कैसे रीस्टोर किया जाएगा। जिससे भविष्य में इस प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### भारतीय शेयर बाजार के लिए राहत की खबर

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए फिलहाल राहत की खबर है। बीएसई और एनएसई इस तकनीकी खराबी से अब तक अप्रभावित हैं। कई देशों में स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज में व्यवधान की खबरों के बीच भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि इस वैश्विक आउटेज का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एनएसई ने कहा है कि उसके प्लेटफॉर्म पर सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। एक्सचेंज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एनएसई और एनसीईएल आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने भी कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट के आउटेज से एसबीआई का सिस्टम प्रभावित नहीं हुआ है।

## भारत के साथ संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए : तोबगे

**थिम्पू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी विश्वास और लाभ पर आधारित घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए। मिसरी अपने समकक्ष पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे। कार्यभार संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय में यह उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। इस दौरान तोबगे ने मिसरी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

# अलकायदा का सदस्य अमीन उल हक गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी



● पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने की कार्रवाई

पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलकायदा के एक प्रमुख सदस्य अमीन उल हक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे मारे गये आतंकवादी ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी बताया गया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश बनाई थी और वह महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था।

# रूस में फंसे यात्रियों के लिए राहत उड़ान भेजी

मुंबई, एजेंसी

● एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए दूतावास की टीम क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद

एयर इंडिया ने अपनी दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को उड़ान के यात्रियों को ले जाने के लिए मुंबई से एक राहत उड़ान रवाना की है। ये यात्री गुरुवार से रूस के क्रास्नोयार्स्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केजेए) पर फंसे हुए हैं। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने एजेंसी से कहा कि राहत विमान एआई 1179 यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दोपहर 12.52 बजे रवाना हुआ और रूसी शहर क्रास्नोयार्स्क स्थित हवाई अड्डे पर स्थानीय समय अनुसार रात आठ बजे पहुंचने की संभावना है।

एयरलाइन ने कहा कि रूसी हवाई अड्डे पर यात्रियों और कर्मचारियों को सहायता प्रदान करने के लिए चालक दल और सुरक्षा कर्मियों सहित एयर इंडिया की एक टीम राहत उड़ान में मौजूद है। एयरलाइन ने एक्स पर कहा कि राहत उड़ान के लिए उसे नियामकीय मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय दूतावास ने कहा, दूतावास की टीम तीन वरिष्ठ अधिकारियों और दुभाषिया एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद है।

# 50 भारतीय छोड़ना चाहते हैं रूसी सशस्त्र बल

नयी दिल्ली, एजेंसी

● मुद्दे को रूस के साथ नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर उठाया गया : रणधीर जायसवाल

रूस के सशस्त्र बलों में कार्यरत भारतीयों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत और रूस काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ और नौ जुलाई की दो दिवसीय मॉस्को यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें लगभग 50 भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी है जो वर्तमान में रूसी सशस्त्र बलों की नौकरी छोड़ना चाहते हैं।

प्रवक्ता ने अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ये ऐसे मामले हैं जिनमें व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्यों ने उनकी सेवा की यथाशीघ्र समाप्ति सुनिश्चित करने में सहायता के लिए हमसे संपर्क किया है। जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे को रूस के साथ नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर उठाया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने अपनी हालिया रूस यात्रा के दौरान इस मामले को उठाया था। रूसी पक्ष ने हमारे अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

दोनों पक्ष भारतीय नागरिकों को शीघ्र सेवामुक्त करने के लिए काम कर रहे हैं। पिछले महीने विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रूस की सेना में कार्यरत भारतीय नागरिकों का मुद्दा अत्यंत चिंता का विषय बना हुआ है और इस पर रूस से कार्रवाई की मांग की गई थी। भारत ने 11 जून को बताया था कि रूस की सेना में भर्ती हुए दो भारतीय नागरिक हाल ही में यूक्रेन के साथ युद्ध में मारे गए हैं।

## इजराइली हवाई हमलों में 13 फिलिस्तीनी की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में दो घरों पर इजराइल की ओर से की गयी बमबारी में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली बमबारी में दो घर नष्ट हो गए और आसपास के घरों को काफी नुकसान पहुंचा। चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि इजरायल ने सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने दक्षिणी इजराइली सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर हमला किया था, जिसके कारण 1200 लोग मारे गए थे।

# बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं, आंसू गैस छोड़ी

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे, साथ ही राजधानी ढाका में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। ये विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए अहम चुनौती हैं। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की घटना के एक दिन पहले भी काफी हिंसा हुई थी जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी।



आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसक प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

### बांग्लादेश से 245 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने शुक्रवार को बांग्लादेश में जारी छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को ढाका का आंतरिक मामला करार दिया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि 15,000 भारतीयों की सुरक्षा को लेकर स्थिति पर नजर रख रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग वहां रह रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से शुक्रवार रात आठ बजे तक 245 भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए, जिसमें से 125 छात्र हैं। सूत्रों ने बताया कि भारतीय उच्चायोग ने नेपाल के 13 छात्रों की सुरक्षित वापस के लिए भी मदद की।

## अमेरिकी पत्रकार को जासूसी के मामले में 16 साल कारावास

**येकातेरिनबर्ग।** रूस की एक अदालत ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच को जासूसी के मामले में दोषी ठहराते हुए 16 साल के कारावास की सजा सुनाई। देश की राजनीतिक प्रभाव वाली कानूनी प्रणाली में त्वरित मुकदमे के तहत गेर्शकोविच को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। गेर्शकोविच (32) को मार्च 2023 में यूराल पर्वतीय शहर येकातेरिनबर्ग की रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया था और उन पर अमेरिका के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। वह तभी से सलाखों के पीछे हैं। शीतयुद्ध के चरम पर होने के दौरान 1986 में निकोलस डेनिलॉफ की गिरफ्तारी के बाद गेर्शकोविच जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए पहले अमेरिकी पत्रकार हैं।

**खगोल विज्ञान** | पृथ्वी के निकटवर्ती वस्तुओं के निर्माण में काले धूमकेतुओं की 60 प्रतिशत भूमिका

# नए शोध में काले धूमकेतुओं से पृथ्वी में जल पहुंचने के प्रबल संकेत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पृथ्वी पर जल की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ पाई है। मगर नए शोध में काले धूमकेतुओं से जल पृथ्वी में पहुंचने के प्रबल संकेत मिलते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय ने यह खुलासा किया है। धरती पर जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मगर पानी आया कहां से ? इस स्रोत का आज तक पता नहीं लग सका है। यह धारणा दशकों से रही है कि पृथ्वी पर पानी का एकमात्र स्रोत धूमकेतु ही हो सकता है। मगर इसके ठोस सबूत आजतक नहीं मिले हैं।

मगर नया शोध बताता है कि पृथ्वी के निकट की 60 प्रतिशत वस्तुएं काले धूमकेतु हो सकती हैं। काले धूमकेतु रहस्यमय क्षुद्रग्रह हैं जो हमारे सौर मंडल में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। उनमें संभवतः या पहले बर्फ मौजूद थी और वे पृथ्वी पर पानी पहुंचाने का एक मार्ग हो सकते थे। विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यू जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन के प्रमुख लेखक हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति व मंगल के बीच सौर मंडल में अधिकांश चट्टानी क्षुद्रग्रह शामिल हैं । जिसकी उपसतह बर्फ की है। यहीं से पृथ्वी पर बर्फ पहुंचने का एक संभावित मार्ग नजर आता है। इस मार्ग से पूर्व में धूमकेतु पृथ्वी से टकराए होंगे और भरपूर पानी बर्फ के रूप में पृथ्वी तक पहुचा होगा।



काले धूमकेतु की तस्वीर।

### क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं के बीच अंतर

काले धूमकेतु क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं दोनों की विशेषताओं को मिलाते हैं। क्षुद्रग्रह बिना बर्फ वाले चट्टानी पिंड हैं, जो सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, आमतौर पर जिसे बर्फ रेखा कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि वे सूर्य के इतने करीब हैं कि क्षुद्रग्रह अपने साथ ले जा रही किसी भी बर्फ को वाष्पित कर सकता है। या फिर ठोस बर्फ से सीधे गैस में बदल सकता है।

### पुराणों मे भी है धूमकेतुओं का जिक्र

धूम का अर्थ धुआं और केतु का अर्थ पताका यानि आसमान में धुंए की पताका। धूमकेतु को पुछल्ल तारा भी कहा जाता है। अथर्वेद में धूमकेतु का जिक्र है, महाभारत के भीष्मपर्व में कहा गया है धूमकेतुर्महाघोर : पुष्य चाक्रमय तिष्यति महाभयंकर धूमकेतु जब पुष्य नक्षत्र के पार पहुँचेगा तब भीषण युद्ध आरंभ होगा। देश के बड़े ज्योतिषी ने बृहत्संहिता ग्रन्थ के केतुचार अध्याय में धूमकेतुओ के बाबत विस्तार से लिखा है और इसके शुभ फलों का ही जिक्र किया। वर्तमान समय में हम धूमकेतु के प्रकट होने के बाद उसके आकाश मार्ग व सूर्य के समीप पहुँचने की सटीक भविष्यवाणी करने में समर्थ है। चीन में प्राचीन काल से ही धूमकेतुओं का लेखा-जोखा रखने की परंपरा रही है। वहां 613 ई.पू. से अब तक धूमकेतु के देखे जाने का विवरण मिलता है।

## फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति अवैध : आईसीजे

**हेग (नीदरलैंड्स)।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने कहा है कि फिलिस्तीनी कब्जे वाले क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति गैरकानूनी है और इसे समाप्त करने का आह्वान किया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने शुक्रवार को जारी अपनी गैर-बाध्यकारी राय में कहा कि इजराइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में कब्जा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां कब्जा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। उसने कहा कि इस तरह की हरकतें कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजराइल की मौजूदगी को गैरकानूनी बनाती हैं। संयुक्त राष्ट्र के निकाय ने कहा कि उसकी (इजराइल की) निरंतर मौजूदगी अवैध है।

# ब्रिटेन में पारिवारिक घटना को लेकर दंगे, आगजनी

लंदन, एजेंसी

● एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया

उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में दंगा भड़कने के दौरान पथराव और अव्यवस्था के बीच एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। स्थानीय परिषद ने इसे पारिवारिक घटना बताया है। लीड्स नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम रिओर्डन ने शुक्रवार को बीबीसी को बताया, अब स्थिति शांत हो गई है। हमने पहले ही घटनास्थल पर सफाई का काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने गुरुवार रात को दंगे भड़कने की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, दिन के पूर्वार्द्ध में एक पारिवारिक घटना हुई थी, जिसे लेकर स्थानीय समुदाय के लोग चिंतित थे और इसी कारण पुलिस तथा हमारे अधिकारी मौके पर पहुंचे थे।

जब बच्चे खतरे में होते हैं तो हम हमेशा वहां हस्तक्षेप करते हैं, जहां हमें जरूरत होती है। मैं कहूंगा कि यह एक ऐसी घटना थी, जिसका संभवतः गलत अर्थ निकाला गया। इससे पहले ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेट कूपर ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह चौंकाने वाले दृश्यों और पुलिस वाहनों तथा सार्वजनिक परिवहन पर रात भर हुए हमलों से स्तब्ध हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लीड्स के हरेहिल्स क्षेत्र में पुलिस ने व्यापक तैनाती की थी।